www.epaper.azadsipahi.com

ओड़िशा संस्करण

29 सितंबर, 2022
आश्विन, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची

गुरुवार, वर्ष 07, अंक 339

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही










## तोहफा : केंद्रीय कैबिनेट ने लिये अहम फैसले

# गरीबों को तीन महीने और मिलेगा फ्री राशन

- केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता चार फीसदी बढ़ा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने देश की गरीब आबादी को बड़ी राहत देते हुए मुफ्त राशन देने की योजना को तीन महीने और बढ़ाने का फैसला लिया है। यह योजना 30 सितंबर को समाप्त होनेवाली थी। इससे पहले सरकार ने योजना को तीन महीने यानी इस साल के अंत तक के लिए बढ़ाने का फैसला लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में यह फैसला लिया गया। केंद्रीय कर्मचारियों को भी सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ता (डीए) में भी चार फीसदी का इजाफा कर दिया गया है। इसके अलावा देश के तीन रेलवे स्टेशनों को रिडेवलपमेंट के लिए राशि मंजूर की गयी। कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को कैबिनेट में लिये गये फैसलों की जानकारी दी।

**मुफ्त राशन योजना का 80 करोड़ लोगों को मिल रहा फायदाः** पीएम गरीब कल्याण योजना का लाभ दिसंबर तक मिलता रहेगा। पहले सितंबर को ये योजना खत्म हो रही थी। केंद्र के इस फैसले से देश के 80 करोड़ से अधिक लोगों को एक बार फिर से राहत मिली है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून के तहत इतना ही राशन सब्सिडी पर पहले से मिलता रहा है, लेकिन पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलनेवाला राशन इससे अलग है।

### केंद्रीय कर्मियों को अब 38 फीसदी डीए

सरकार ने केंद्र के कर्मचारियों का डीए चार फीसदी बढ़ाने का फैसला लिया है। पिछली बार सरकार ने मार्च में 3 फीसदी डीए बढ़ाया था, यह 1 जनवरी 2022 से लागू हुआ था। उन्हें अभी 34 फीसदी मिल रहा है। अब बढ़ने के बाद 38 फीसदी डीए मिलने लगेगा। इससे देश के 50 लाख कर्मचारियों और 65 लाख पेंशनधारकों को फायदा होगा। इसका लाभ पेंशनभोगी रिटायर्ड कर्मियों को भी मिलेगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि फैसले से सरकारी खजाने पर कुल मिला कर 12,852 करोड़ रुपये का भार पड़ेगा।

### राज्यकर्मियों को भी दीपावली तक तोहफे की उम्मीद

रांची। केंद्र सरकार ने अपने कर्मियों का डीए बढ़ा दिया है। उन्हें सितंबर के वेतन में बढ़ा हुआ डीए मिलेगा। चूंकि डीए 1 जुलाई 2022 से बढ़ाया गया है, इसलिए दो महीने का एरियर भी मिलेगा। अब झारखंड के सरकारी कर्मियों को डीए बढ़ने का इंतजार है। राज्य के सरकारी कर्मियों का डीए भी चार फीसदी बढ़ेगा। चूंकि केंद्र सरकार के निर्णय के तहत ही राज्य कर्मियों का डीए बढ़ता है, इसलिए राज्य सरकार भी जल्द फैसला ले लेगी। उम्मीद है कि दीपावली से पहले उन्हें मिलने वाले वेतन में बढ़ा हुआ डीए जुड़ कर मिलेगा।


### तीन बड़े स्टेशन का स्वरूप बदलेगा

देश के 199 रेवले स्टेशनों को रिडेवलपमेंट का काम चल रहा है। 47 स्टेशनों के टेंडर निकल चुके हैं, 32 स्टेशनों पर काम चालू हो चुका है। देश के तीन सबसे बड़े स्टेशन नयी दिल्ली, मुंबई का छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल और अहमदाबाद स्टेशन के रिडेवलपमेंट के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी गयी है।

# पीएफआइ पर पांच साल का प्रतिबंध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने बुधवार सुबह पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) पर पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया। पीएफआइ के अलावा आठ और संगठनों पर कार्रवाई की गयी है। गृह मंत्रालय ने इन संगठनों को बैन करने का नोटिफिकेशन जारी किया है। इन सभी के खिलाफ टेरर लिंक के सबूत मिले हैं।



केंद्र सरकार ने यह एक्शन अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) के तहत लिया है। सरकार ने कहा कि पीएफआइ और उससे जुड़े संगठनों की गतिविधियां देश की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा हैं।

जिन संगठनों पर प्रतिबंध लगाया गया है, वे हैं रिहैब इंडिया फाउंडेशन, कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स ऑर्गनाइजेशन, नेशनल वीमेंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, एम्पावर इंडिया फाउंडेशन और रिहैब फाउंडेशन।

**(देखें संबंधित विशेष पेज-2 पर)**

# अनिल चौहान नये चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बने

- जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद से पद खाली था

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान को नया चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया है। वे सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद से सीडीएस का पद खाली था। चौहान देश के दूसरे सीडीएस होंगे। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान पूर्वी कमान के ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ रह चुके हैं। उन्होंने 1 सितंबर



2019 को यह पद संभाला था। वे भारतीय सेना के डीजीएमओ रह चुके हैं। लेफ्टिनेंट जनरल चौहान 1981 से 2021 तक सेना में विभिन्न पदों पर रहे। उन्हें परम विशिष्ट सेवा मेडल, उत्तम युद्ध सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल मिल चुके हैं।


# राज्यपाल ने कोर्ट फीस संशोधन विधेयक लौटाया

- राज्यपाल ने कहा है जनहित में सरकार करे पुनर्विचार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को कोर्ट फीस (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 को वापस लौटा दिया है। राज्यपाल की ओर से कहा गया है कि जनजातीय समुदाय के व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार को कोर्ट फीस (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 के प्रावधानों पर पुनर्विचार करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि इस विधेयक को 22 दिसंबर 2021 को झारखंड विधानसभा द्वारा पारित किया गया था और 11 फरवरी को राज्यपाल द्वारा इस पर सहमति प्रदान की गयी थी। इसके बाद राज्यपाल को बिल के प्रावधानों में वर्णित कोर्ट फीस वृद्धि के विरुद्ध बहुत सारे अभ्यावेदन और ज्ञापन प्राप्त हुए। राज्यपाल को 25 जुलाई को झारखंड राज्य बार काउंसिल से भी एक ज्ञापन प्राप्त हुआ, जिसमें राज्यपाल से आग्रह किया गया है कि वे राज्य सरकार से कोर्ट फीस में हुई वृद्धि को वापस लेने और इसे विधि-सम्मत उचित तरीके से तय करने के लिए निदेशित करें। राज्यपाल ने इस मामले में गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए राज्य सरकार को इस विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिए लौटा दिया है।



आजाद सिपाही
187200 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 47,100 रु./10 ग्राम
चांदी 58,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## जीरो टॉलरेंस : भारत की खायेंगे, पाकिस्तान की गायेंगे, अब नहीं चलेगा

# आतंक की फैक्टरी बंद : यह है नया भारत


राकेश सिंह

## आइएसआइ से मिल कर भारत को घुटनों पर लाना चाहता था पीएफआइ

## जकात के नाम पर सीधे-सादे मुसलमानों से करोड़ों में धन इकट्ठा करता रहा है

## पैसों का इस्तेमाल जरूरतमंदों के बीच नहीं, बल्कि एंटी सीएए कार्यक्रम में खर्च करता रहा

आजाद सिपाही विशेष

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर काम करते हुए मोदी सरकार ने यूएपीए के तहत पांच साल की अवधि के लिए पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया और उसके सहयोगी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया है। जैसे ही यह खबर देश में फैली कई राज्यों ने राहत की सांस ली। कुछ राज्यों के मुख्यमंत्री कह रहे हैं, चलो कोई तो आया, जिसने आतंक की इस फैक्टरी पर आखिरकार ताला लगा दिया। वहीं कांग्रेस सहित राजद और कुछ अन्य दलों को केंद्र सरकार का यह एक्शन पच नहीं रहा है। उनका कहना है कि पीएफआइ के पहले आरएसएस पर पाबंदी लगनी चाहिए। जाहिर है, ऐसे वक्तव्यों में वोट बैंक को सुरक्षित रखने की रणनीति छिपी है। जहां तक पीएफआइ का सवाल है, तो इस पर तो हर हाल में पाबंदी लगनी चाहिए थी, क्योंकि पिछले पंद्रह सालों से पीएफआइ ने जिस तरह से भारत को अस्थिर करने का षडयंत्र रचा है, वह अब भारत का बच्चा-बच्चा जान गया है। उसकी देश विरोधी गतिविधियों के कारण ही केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने पीएफआइ की विध्वंसक गतिविधियों को देखते हुए देशहित में विधिविरुद्ध गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1967 यानी यूएपीए के सेक्शन 3 के सब-सेक्शन 1 के तहत प्राप्त शक्तियों का इस्तेमाल किया है। संबंधित सेक्शन और सब-सेक्शन में कहा गया है कि अगर सरकार को किसी व्यक्ति, संस्था या किसी और एंटिटी के खिलाफ देशविरोधी या आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के सबूत मिले, तो वह उस व्यक्ति, संस्था या अन्य एंटिटी पर प्रतिबंध लगा सकती है। केंद्र सरकार ने अपनी गजट अधिसूचना में पीएफआइ और उसके सहयोगी संगठनों के गुनाहों को भी एक-एक करके गिनाया है। इसके साथ ही गृह मंत्रालय ने इस संगठन के खूनी खेल और काले कारनामों की लंबी फेहरिस्त भी जारी की है। इससे साफ पता चलता है कि तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक समेत कई राज्यों में हुई नृशंस हत्याओं में पीएफआइ की संलिप्तता रही है। विदेशी खुफिया एजेंसियों का मोहरा बन चुका था पीएफआइ। देश में दंगे भड़काना, हिंसा, लव जिहाद, धर्मांतरण को बढ़ावा देना, उसका मूल स्वरूप था। केंद्रीय जांच एजेंसियों ने एक सप्ताह के अंदर देशभर में छापेमारी कर इस संगठन के तीन सौ से ज्यादा कार्यकर्ताओं और नेताओं को धर दबोचा है। पीएफआइ के तार खतरनाक आतंकी संगठन आइएसआइएस से भी जुड़े हैं। इसका इरादा देश के लोगों में भय पैदा करना था। पीएफआइ के पास से मिशन 2047 का भी प्लान मिला है। इसके तहत वह भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाना चाहता था। उसके खूनी पंजे भारत के लोगों को निशाना बनाते, उसके पहले ही केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उसको दबोच लिया। इससे साफ है कि यह यूपीए के शासनकाल का भारत नहीं, बल्कि नरेंद्र मोदी के शासनकाल का नया भारत है। यहां खायेंगे भारत की और गायेंगे पाकिस्तान की ऐसा नहीं चलेगा। पीएफआइ के खूनी खेल, आतंक और देश विरोधी गतिविधियों को उजागर करती आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** की विशेष रिपोर्ट।

### पीएफआइ का चाल चरित्र और चेहरा

पीएफआइ के खतरनाक आतंकी मंसूबों की कहानी 1992 के बाबरी विध्वंस से निकली है। मुस्लिम हितों की रक्षा करने के नाम पर केरल के मुसलमान नेताओं ने 1994 में नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी एनडीएफ की स्थापना की। धीरे-धीरे यह संगठन इस राज्य में अपनी जड़ें मजबूत करता चला गया और इस संगठन का नाम सांप्रदायिक गतिविधियों से जुड़ता चला गया। 2003 में कोझिकोड में आठ हिंदुओं की हत्या के बाद इस संगठन पर आइएसआइ से संबंध होने के आरोप लगे, जो साबित नहीं हो सके। हिंसक गतिविधियों में नाम आने के बाद इस संगठन की चर्चा हर तरफ होने लगी। इसके बाद नवंबर 2006 में दिल्ली में एक बैठक आयोजित की गयी, जिसमें एनडीएफ के अलावा दक्षिण भारत के तीन मुस्लिम संगठनों का विलय हुआ और पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया अस्तित्व में आया। यह संगठन शुरूआत में दक्षिण भारत के राज्यों में ही सक्रिय था, लेकिन अब यूपी-बिहार समेत 23 राज्यों में फैल चुका है। पीएफआइ दावा करता है सोशल वर्क का, लेकिन जांच में पाया गया कि इसकी संलिप्तता देश में हत्या, हिंसा, आतंकी वारदातों से लेकर दंगा भड़काने, लव जिहाद और धर्मांतरण तक में शामिल है। सीएए विरोध के दौरान दिल्ली के शाहीनबाग-जहांगीरपुरी से उठी हिंसा की लपटें यूपी, राजस्थान, मध्यप्रदेश और बिहार तक पहुंची। पीएफआइ पर देश में हिंदुओं के त्योहारों पर हिंसा भड़काने का भी आरोप लगा। एक ही पैटर्न से देश में हिंसा को अंजाम दिया जा रहा था। पत्थरबाजी की घटनाएं आम होने लगी थीं। देश सहम गया था। पीएफआइ का मन इतना बढ़ गया था कि उसने देश के पीएम नरेंद्र मोदी तक को टारगेट पर ले लिया। पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान हमले की साजिश रची गयी थी। इसके बाद जब एनआइए और एटीएस ने कार्रवाई शुरू की, तो बिहार के कई जिलों में इसका फैलाव मिला। इडी की जांच में टेरर फंडिंग की बात भी सामने आयी। संगठन के तार पूरे देश में फैले मिले। फिर गिरफ्तारियों का सिलसिला शुरू हुआ। फुलवारीशरीफ में छापेमारी कर मो जलालुद्दीन और अतहर परवेज को पकड़ा गया। इनसे पूछताछ के बाद अरमान मलिक को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पता चला कि प्रधानमंत्री पर हमले के लिए 15 दिनों से ट्रेनिंग दी जा रही थी। पकड़े गये आतंकियों के पास से इंडिया 2047 नामक सात पृष्ठ के कागजात मिले। इसमें भारत को 2047 तक इस्लामिक राष्ट्र बनाने की साजिश थी। इसमें लिखा मिला कि 2047 में, जब देश आजादी के एक सौ साल का जश्न मना रहा होगा, तब तक भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाना है। इस दस्तावेज में यह भी लिखा है कि 10 प्रतिशत मुस्लिम भी साथ दें, तो कायरों को घुटनों पर ला देंगे। यहां कायर शब्द हिंदुओं के लिए इस्तेमाल किया गया। इसके लिए इनके पास चार लेयर का पूरा प्लान है। बिहार पुलिस ने 11 जुलाई को बिहारशरीफ में अतहर परवेज को गिरफ्तार किया, तो पता चला कि वह पहले प्रतिबंधित संगठन स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का सदस्य था। उसने वहीं किराये के मकान में कई राज्यों से आये लोगों को ट्रेनिंग भी दी है। चल रही जांच के दौरान इडी ने खुलासा किया है कि पीएफआइ के हजारों सदस्य खाड़ी देशों में सक्रिय हैं, जो संगठन के लिए धन जुटाने का काम करते हैं। इन पैसों को अबू धाबी के एक रेस्तरां से मनी लॉन्ड्रिंग के जरिये भारत भेजा जाता था। पीएफआइ ने मनी लॉन्ड्रिंग के जरिये पिछले साल 120 करोड़ रुपये जुटाये हैं। पीएफआइ का दावा था कि ये पैसे देशभर में दान से जुटाये गये हैं, जबकि इडी की जांच में पता चला कि संगठन ने फर्जी दान रसीद बना कर भारत में मनी लॉन्ड्रिंग से धन जुटाया और अधिकारियों को गुमराह किया। पीएफआइ द्वारा बिहार के बेरोजगार मुस्लिम युवाओं को दिग्भ्रमित कर उन्हें भारत विरोध के लिए तैयार किया जा रहा था। हथियार चलाने की ट्रेनिंग दी जा रही थी। जांच में पता चला कि अब तक 15 हजार से ज्यादा युवकों को हथियार चलाने की ट्रेनिंग ये लोग दे चुके थे। इसके लिए बाकायदा 15 जिलों में कैंप ऑफिस खोले गये थे। इनका मुख्यालय पूर्णिया को बनाया गया था। जांच में पता चला कि पटना, दरभंगा, नालंदा, पूर्वी चंपारण, मधुबनी, कटिहार, अररिया, वैशाली, मुजफ्फरपुर और सारण के बेरोजगार युवकों को पीएफआइ निशाना बनाता था। आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं को मदद देकर यह उनका ब्रेनवाश करता था। इसके बाद धर्म के नाम पर भड़का कर उन्हें संगठन से जोड़ कर हथियार चलाने समेत अन्य ट्रेनिंग देता था। एनआइए, एटीएस और इडी की जांच के बाद बिहार में ताबड़तोड़ छापेमारी हुई। दर्जनों लोग गिरफ्तार किये गये। इसके बाद देशभर में कई जगहों पर जांच एजेंसियों ने छापा मारा। टेरर फंडिंग की बात भी सामने आयी।

### ऑपरेशन ऑक्टोपस और पीएफआइ का खेल खत्म

पीएफआइ पर इतनी बड़ी कार्रवाई की कहानी अगस्त महीने में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कर्नाटक दौरे से शुरू होती है। यहां शाह एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम के बाद अमित शाह, कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और राज्य के गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र के बीच एक बैठक होती है और यहीं से पीएफआइ के खिलाफ कार्रवाई की शुरूआत होती है। इसके बाद शाह दिल्ली लौटे और तेजतर्रार अधिकारियों की एक टीम तैयार की गयी। अगस्त के आखिरी सप्ताह में ही गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के बीच एक बैठक होती है। इस बैठक में पीएफआइ के खिलाफ पूरी योजना को जमीन पर उतारने का खांका खींचा जाता है। बैठक के बाद इस पर काम करने के लिए टीमें गठित होती हैं, जिनका काम था- 1. पीएफआइ नेटवर्क की मैपिंग, 2. पीएफआइ फंडिंग का पता करना और सबूत इकट्ठा करना, 3. पूर्व में हुए सभी दंगों और घटनाओं के खिलाफ फिर से जांच करना। इस पूरे प्लान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रखा गया। उनसे हरी झंडी मिलने के बाद डोभाल ने अपना काम शुरू कर दिया। इसी महीने 2 सितंबर को, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कोच्चि में आइएनएस विक्रांत को सेना को सुपुर्द करने के कार्यक्रम में शामिल हुए थे, तब राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनकी सुरक्षा टीम केरल में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) के पूरे नेटवर्क को उखाड़ फेंकने की योजना बना चुकी थी। इस मिशन को नाम दिया गया ऑपरेशन ऑक्टोपस। सूत्रों का दावा है कि विमान वाहक पोत की कमीशनिंग के लिए कोच्चि की अपनी यात्रा के दौरान केरल के पुलिस अधिकारियों के साथ डोभाल ने कई बैठकें कीं। इन बैठकों में पीएफआइ के खिलाफ कार्रवाई की योजना बनायी गयी। कोच्चि से डोभाल मुंबई गये और उन्होंने वहां गवर्नर हाउस में महाराष्ट्र के पुलिस अधिकारियों के साथ भी इसी मुद्दे पर बैठक की। इन बैठकों की गोपनीयता का स्तर बताता है कि डोभाल के लिए यह कितना महत्वपूर्ण है। जानकारी के अनुसार इन बैठकों के दौरान वैसी ही गोपनीयता रखी गयी, जैसी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को निरस्त करने या उरी सर्जिकल स्ट्राइक से पहले की गयी बैठकों की थी। कहा जा रहा है कि तीन-चार महीने पहले ही विभिन्न धार्मिक संगठनों के नेताओं के साथ परामर्श करके योजना बना ली गयी थी। गृह मंत्री अमित शाह के निर्देश पर एनएसए डोभाल ने पूरी योजना को गुप्त रखा। अब समय था, इस पूरे प्लान को जमीन पर उतारने का। 21 सितंबर को डोभाल ने सभी अधिकारियों को 22 सितंबर की सुबह ही एक्शन का आदेश दे दिया था। सुबह होते ही एनआइए और इडी की टीमों ने 15 राज्यों के 150 से ज्यादा पीएफआइ के ठिकानों पर छापेमारी शुरू कर दी। ये पीएफआइ के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा अभियान था। इसके बाद केरल से पीएफआइ के 22, महाराष्ट्र से 20, कर्नाटक से 20, तमिलनाडु से 10, असम से नौ, उत्तरप्रदेश से आठ, आंध्रप्रदेश से पांच, मध्यप्रदेश से चार, पुडुचेरी से तीन, दिल्ली से तीन और राजस्थान से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूरे देश के आंकड़ों को देखें, तो 22 सितंबर को पीएफआइ से जुड़े 106 लोगों को गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय एजेंसी ने 27 सितंबर को पीएफआइ के खिलाफ दूसरी बड़ी छापेमारी की। यह छापेमारी सात राज्यों में हुई और 230 से ज्यादा पीएफआइ सदस्यों को हिरासत में लिया गया। इस छापेमारी में कर्नाटक में सर्वाधिक 80, यूपी में 57, असम और महाराष्ट्र से 25-25, दिल्ली में 32, मध्यप्रदेश में 21 और गुजरात में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

## छात्र की हत्या से लेकर प्रोफेसर के हाथ काटने के पीछे एक ही मकसद था: भारत को दंगों की आग में झोंकना



### क्यों लगाया गया पीएफआइ पर प्रतिबंध

- पीएफआइ और इससे जुड़े संगठन गैर-कानूनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे थे। ये गतिविधियां देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए खतरा हैं।
- इन संगठनों की गतिविधियां देश की शांति और धार्मिक सद्भाव के लिए खतरा बन सकती हैं।
- पीएफआइ और इससे जुड़े संगठन देश में आतंकवाद का समर्थन कर रहे हैं।
- केंद्र सरकार यूएपीए के तहत पांच साल का प्रतिबंध लगा रही है। यह कदम एजेंसियों की जांच के बाद उठाया जा रहा है।
- एजेंसियों का कहना है कि पीएफआइ के कुछ संस्थापक सदस्य सिमी के नेता थे। इसके संबंध जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश से थे। ये दोनों प्रतिबंधित संगठन हैं।
- ऐसी कई घटनाएं हैं, जिनसे ये साफ होता है कि पीएफआइ के संबंध आइएसआइएस से हैं। पीएफआइ के कुछ सदस्यों ने इंटरनेशनल आर्गेनाइजेशन ज्वाइन किया। ये संगठन चुपके-चुपके देश के एक तबके में यह भावना जगा रहे थे कि देश में असुरक्षा है और इसके जरिये वे कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे थे।
- आपराधिक और आतंकी मामलों से जाहिर है कि इस संगठन ने देश की संवैधानिक शक्ति के प्रति असम्मान दिखाया है। बाहर से मिल रही फंडिंग और वैचारिक समर्थन के चलते यह देश की आतंरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बन गया है।
- गृह मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि जकात के नाम पर पीएफआइ प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये इकट्ठा करता है। सीधे सादे मुसलमान इस आशा पर पीएफआइ को जकात देते हैं कि उनके पैसे जरूरतमंदों की भलाई पर खर्च किये जायेंगे, जबकि उनमें से कुछ को ही पता है कि हाल ही में प्रवर्तन निदेशालय ने यह स्पष्ट किया कि दान में दिये हुए पैसे पीएफआइ के शाहीनबाग के मुख्यालय में बिना किसी लेखा-जोखा के पाये गये। जांच में यह भी पता चला कि पैसों को एनटी सीएए कार्यक्रम के दौरान पूरे देश में बांटा गया।
- पीएफआइ ने अपने सहयोगी और फ्रंट बनाये। इसका मकसद समाज में युवाओं, छात्रों, महिलाओं, इमामों, वकीलों और कमजोर वर्गों के बीच पैठ बढ़ाना था। इस पैठ बढ़ाने के पीछे पीएफआइ का एकमात्र लक्ष्य अपनी मेंबरशिप, प्रभाव और फंड जुटाने की क्षमता को बढ़ाना था।

### पीएफआइ का खूनी खेल

पीएफआइ पर प्रतिबंध संबंधी केंद्रीय गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि देश के विभिन्न राज्यों में हुई हत्याओं में पीएफआइ का हाथ रहा है। इनमें केरल में 2018 में छात्र अभिमन्यु की हत्या, संजीथ की नवंबर 2021 में और नंदू की 2021 में हत्या शामिल है। तमिलनाडु में 2019 में 42 वर्षीय रामलिंगम की हत्या, 2016 में शशि कुमार की हत्या, 2016 में आर रुद्रेश, 2016 में ही प्रवीण पुजारी, 2017 में कर्नाटक में शरथ और 2022 में प्रवीण नेट्टारू की नृशंस हत्याओं में इसी संगठन का हाथ रहा है। ये हत्याएं एक बड़ी साजिश के तहत की गयी थीं। इन हत्याओं का एकमात्र मकसद देश में शांति भंग करना और लोगों के मन में खौफ पैदा करना था। 4 जुलाई 2010 को केरल में प्रोफेसर टीजे जोसेफ के दाहिने हाथ की हथेली काट दी गयी थी। पीएफआइ मलयाली प्रोफेसर जोसेफ से नाराज था। संगठन का मानना था कि जोसेफ ने कॉलेज की परीक्षा में कथित तौर पर पैगंबर के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की थी। इसका बदला लेने के लिए पीएफआइ के कार्यकर्ताओं ने जोसेफ के दाहिने हाथ की हथेली काट दी थी। इस घटना के आरोपियों को एनआइए ने गिरफ्तार किया था।

### इराक, सीरिया और अफगानिस्तान तक है पीएफआइ का कनेक्शन

गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इस संगठन की गतिविधियों के कई सबूत ऐसे मिले हैं, जिनसे पुष्टि होती है कि यह संगठन देश में आतंकी कार्यों में लिप्त है। संगठन के सदस्य सीरिया, इराक और अफगानिस्तान में जाकर आइएस के आतंकी समूहों में शामिल हुए, कई वहां मारे भी गये। कुछ को विभिन्न राज्यों की पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों ने गिरफ्तार किया। इसके आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन का बांग्लादेश के साथ संबंध है। यह संगठन देश में हवाला और चंदे के माध्यम से पैसा एकत्रित कर कट्टरपंथ फैला रहा है। युवाओं को बरगला कर उन्हें आतंकवाद में धकेल रहा है।

### इन संगठनों पर भी पाबंदी

गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि पीएफआइ ने समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं, छात्रों और कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिए अपने कई सहयोगी संगठनों की स्थापना की। इसका मकसद अपना प्रभाव बढ़ाना और फंड इकठ्ठा करना है। जिन संगठनों पर पाबंदी लगायी गयी है, उनमें कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, रिहैब इंडिया फाउंडेशन, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, नेशनल कन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन, जूनियर फ्रंट, एंपावर इंडिया फाउंडेशन और नेशनल वीमेन फ्रंट शामिल हैं।

सरकार का कहना है कि रिहैब इंडिया पीएफआइ के सदस्यों के माध्यम से धन जुटाता है, जबकि कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया, एंपावर इंडिया फाउंडेशन, रिहैब फाउंडेशन और केरल के कुछ सदस्य पीएफआइ के भी सदस्य हैं तथा पीएफआइ के नेता जूनियर फ्रंट, ऑल इंडिया इमाम काउंसिल, नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स आर्गेनाइजेशन और नेशनल वीमेन फ्रंट की गतिविधियों की निगरानी और समन्वय करते हैं। पीएफआइ ने समाज के विभिन्न वर्गों जैसे युवाओं, विद्यार्थियों, महिलाओं, इमामों, वकीलों या समाज के कमजोर वर्गों के बीच अपनी पहुंच को बढ़ाने के इरादे से उक्त सहयोगी संगठनों की स्थापना की है। पीएफआइ के सदस्य पूर्ववर्ती सिमी (स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया) के भी सदस्य रहे थे। सिमी पर पहले ही प्रतिबंध लगाया जा चुका है।

### यूपी, गुजरात, कर्नाटक सरकार ने की थी प्रतिबंध की सिफारिश

पीएफआइ पर प्रतिबंध की यूपी, कर्नाटक और गुजरात सरकार ने मांग की थी। इन राज्यों ने केंद्र को बताया था कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो इसका क्या नुकसान हो सकता है। केंद्र सरकार का कहना है कि अगर पीएफआइ और उसके संगठनों पर कार्रवाई नहीं की गयी, तो ये अपनी विध्वंसात्मक गतिविधियां जारी रखेंगे। इससे लोक व्यवस्था भंग होगी और राष्ट्र का संवैधानिक ढांचा कमजोर होगा।

### एक नजर पीएफआइ की गतिविधियों पर

पीएफआइ के पास एक वरिष्ठ संवर्ग है, जो पीएफआइ द्वारा की गयी घटनाओं में संलिप्त रहनेवाले कार्यकर्ताओं को आकस्मिक अवस्था में दुश्मन पर हमला करवाना, उन्हें हथियार, रहने का स्थान, पैसा आदि मुहैया कराता है। ऐसे ही एक वरिष्ठ कार्यकर्ता का नाम शादिक है, जो कि पीएफआइ द्वारा मंगलोर में 2008 में आयोजित परेड ध्वजवाहक था। उसने बताया कि उनके आदमी ने लालकृष्ण आडवाणी की सुरक्षा में मुश्तैद एनएसजी कमांडो की हत्या की। पीएफआइ जो कि अपने आपको साफ-सुथरा संगठन बताता है, खाड़ी देशों में काम करनेवाले भारतीय मुसलमानों से करोड़ों में धन इकट्ठा कराता है और हवाला के माध्यम से इसे भारत भेजता है। पकड़ में आने से बचने के लिए पैसों को एक बार में दस लाख से अधिक नहीं रखा जाता था। पीएफआइ के लिए फंड जुटाने का काम रिहैब इंडिया फाउंडेशन करता है। यही फाउंडेशन शफीक को पैसे देता था, जिसे उसने लखनऊ समेत प्रदेश के कई जिलों के अलावा दिल्ली और भारत-नेपाल सीमा के इलाकों में संगठन को मजबूत करने के लिए खर्च किया। सुरक्षा एजेंसियों के मुताबिक फाउंडेशन के जरिए आये पैसे को धार्मिक संस्थानों में लगाया जा रहा है, जहां धर्म के नाम पर जिहाद का संदेश दिया जाता है। इन पैसों से जरूरतमंदों को लालच देकर धर्मांतरण और लव जिहाद कराया जा रहा है। इडी को शफीक से पीएफआइ का नेटवर्क खाड़ी देशों से जुड़े होने की जानकारी मिली है। शफीक विदेशियों को भी संगठन से जोड़ने का काम कर रहा था।

*पीएफआइ के खतरनाक मंसूबों को देखते हुए ही उस पर गृह मंत्रालय ने प्रतिबंध लगाया है। आजाद सिपाही कई महीनों से पीएफआइ के खतरनाक इरादों के बारे में आगाह करता रहा है। आगे की कड़ियों में पीएफआइ के कारनामों के बारे में हम अपने पाठकों को जानकारी मुहैया कराते रहेंगे।*

# असामाजिक तत्वों ने हनुमान मंदिर में की तोड़फोड़, प्रतिमा की खंडित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार रात असामाजिक तत्वों ने हनुमान मंदिर को निशाना बनाया। यह वारदात डेली मार्केट थाना क्षेत्र के मल्लाह टोली में हुई है। असामाजिक तत्वों ने मंदिर में स्थापित प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस घटना से लोग गुस्से में हैं। क्षेत्र के लोगों को इसकी जानकारी बुधवार सुबह हुई। इसके बाद वहां भीड़ जमा हो गयी। अशांति की आशंका के मद्देनजर पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। कोतवाली डीएसपी, सिटी डीएसपी, थाना प्रभारी ने मौके का निरीक्षण किया। हिंदू नेता भैरव सिंह कार्यकर्ताओं के साथ मंदिर पहुंचे। उन्होंने देव प्रतिमा को खंडित करने की कड़े शब्दों में निंदा की।

> **मंदिर मेन रोड पर है, पीसीआर वैन दौड़ती रहती है, थोड़ी ही दूरी पर थाना है, फिर भी घटना हो गयी**

मंदिर का निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी किशोर कौशल ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज देखे जा रहे हैं। एक आरोपित को पकड़ लिया गया है। वह मानसिक रोगी बताया गया है। दुर्गा पूजा और दशहरा के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। अब 2000 जवानों की अतिरिक्त तैनाती की जायेगी। बता दें कि राजधानी में 10 जून को भी भीड़ ने मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर पर हमला किया था। शहर में जम कर पत्थरबाजी की गयी थी। पुलिस को भी निशाना बनाया गया था। उस मामले में जो उपद्रवी शामिल थे, उनमें से बहुतों को दबाव पड़ने के कारण छोड़ दिया गया है। यहां सबसे गौर करनेवाली बात यह है कि यह मंदिर बिल्कुल मेन रोड पर है। पीसीआर वैन दौड़ती रहती है। थोड़ी ही दूरी पर थाना है। फिर यह भी यह घटना हो गयी और किसी को कानोंकान खबर नहीं हुई।

## कानून व्यवस्था की पोल खुल गयी: बाबूलाल



घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन के तुष्टिकरण वाली कानून व्यवस्था की पोल खुल गयी है। उन्होंने ट्वीट पर लिखा है कि एक बार फिर राजधानी रांची में व्यस्ततम मेन रोड स्थित महावीर मंदिर की प्रतिमा को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है।

## तुष्टिकरण और वोट बैंक से पीड़ित है सरकार : रघुवर



पूर्व सीएम रघुवर दास ने मेन रोड में हनुमान जी की मूर्ति क्षतिग्रस्त किए जाने पर नाराजगी जतायी है। कहा कि झारखंड में जबसे हेमंत सोरेन के नेतृत्व में यूपीए की सरकार आई है, तब से यहां का बहुसंख्यक समाज खुद को प्रताड़ित महसूस कर रहा है। जब जेहादी उपद्रवियों पर नरमी और इन्हें रोकनेवालों पर कार्रवाई होगी, तो तालिबानी मानसिकता रखनेवाले लोगों का मनोबल बढ़ेगा ही। अब तो इनकी हिम्मत इतनी हो गयी है कि राजधानी की मुख्य सड़क पर स्थित हनुमान जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। ये हर दिन सरकार को ललकार रहे हैं और तुष्टिकरण और वोट बैंक से पीड़ित हेमंत सरकार बेचारी बनी हुई है। रघुवर दास ने भी इस घटना की कड़ी निंदा करते कहा कि हेमंत सरकार ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई करे, नहीं तो हिंदू समाज सड़क पर उतर गया तो झारखंड का राजनीतिक और भौगालिक नक्शा ही बदल देगा।

## 10 जून के उपद्रव के बाद एसएसपी सुरेंद्र झा को हटाया गया फिर हनुमान मंदिर की सुरक्षा का प्रबंध क्यों नहीं : सरयू राय



इस मामले में निर्दलीय विधायक सरयू राय ने भी ट्वीट कर कहा है कि गत 10 जून को भी जुम्मे की नमाज के बाद रांची मेन रोड स्थित हनुमान जी मंदिर पर हमला रोकने के लिए पुलिस को गोली चलानी पड़ी थी। उसके बाद रांची के सीनियर एसपी हटा दिये गये। आज तक उन्हें पोस्टिंग नहीं मिली। पुलिस मुख्यालय में हाज़िरी दे रहे हैं। सरकार ने मंदिर की सुरक्षा का प्रबंध नहीं किया। उन्होंने एक और ट्वीट में कहा है कि हेमंत सरकार रांची मेन रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर में हनुमान जी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करनेवालों पर कड़ी कार्रवाई करे। यह दुष्टकृत्य सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का षड्यंत्र है। पीएफआइ पर लगे प्रतिबंध के आलोक में सरकार उपद्रवियों पर नकेल डाले।

## मंदिर में मूर्ति का खंडित किया जाना सोची समझी साजिश का हिस्सा: धर्मेंद्र तिवारी



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के मेन रोड मल्लाह टोली स्थित हनुमान मंदिर की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा खंडित किये जाने पर भारतीय जनतत्र मोर्चा के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यह 6 माह में राज्य में ऐसी दूसरी घटना है। सरकार और प्रशासन कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर में मूर्ति को बदलने का सजग प्रयास करे। खंडित मूर्ति की पूजा हिंदू धर्म में नहीं होती है। यह घटना सोची समझी साजिश का हिस्सा है। पूरे प्रदेश में इस वक्त दुर्गा पूजा के पावन त्यौहार का माहौल है, ऐसे में शहर की शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपराधियों की अविलंब गिरफ्तारी की जानी चाहिए और कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। ऐसा भी देखा गया है कि अपराधी के पकड़ में आने के बाद प्रशासन द्वारा उन्हें मानसिक रूप से विक्षिप्त बता कर मामले को रफा-दफा कर दिया जाता है। यह बहुत बड़ी घटना है और प्रशासन के लिए शर्मनाक भी। शहर में असामाजिक तत्वों का मन बढ़ता जा रहा है। असामाजिक तत्वों पर कठोर कार्रवाई नहीं होती है, तो भारतीय जनतंत्र मोर्चा सरकार और प्रशासन के खिलाफ रोड पर उतरेगा। तुष्टीकरण का आरोप इस सरकार पर पूर्व से ही लगता आ रहा है। प्रशासन जल्द से जल्द इस मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी कर सजा दिलाने का काम करे।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति हिंदुओं के मंदिर को ही नुकसान क्यों पहुचाता है : ललित नारायण ओझा

> **प्रशासन ने मामले की लीपापोती की, तो चुप नहीं बैठेगी सनातन महापंचायत**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मेन रोड मल्लाह टोली बजरंग बली मंदिर में हुई घटना की सनातन महापंचायत ने कड़ी निंदा की है। सनातन महापंचायत के प्रदेश संयोजक ललित नारायण ओझा ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन अविलंब ऐसे पागल का राज्य से बाहर के किसी मानसिक अस्पताल में जांच कराये कि वह सही में पागल है या धार्मिक पागल है। एक दो महीने पहले भी जुलूस के नाम पर मुसलिम समुदाय के लोगों ने मेन रोड बजरंग बली मंदिर को निशाना बनाया था। उस समय भी सनातन महापंचायत के सदस्य सड़क पर उतरे थे और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। शारदीय नवरात्र के पवित्र समय में एक तरफ जब पूरे शहर के लोग मां दुर्गा की पूजा की तैयारी में जुटे है, वहीं कुछ लोग सोची समझी साजिश के तहत राजधानी को जलाने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य सरकार और जिला प्रशासन उपद्रवी को विक्षिप्त बता कर इस तरह की घटना की लीपापोती करेगा, तो सनातन महापंचायत चुप नहीं बैठेगी। पूरे राजधानी सहित प्रदेश में जन जागरण अभियान चला कर ऐसे धार्मिक पागलों के खिलाफ सनातन महापंचायत कार्रवाई करेगी। सनातन महापंचायत का यह भी मानना है कि किसी की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है तो वह अपने धर्मस्थल को नुकसान क्यों नहीं पहुंचा रहा है। क्या इस स्थिति में भी उसे हिंदुओं के मंदिर ही दिख रहे हैं? राज्य में अमन चैन की बात करनेवाले कहां हैं। इस तरह की घटना से सभी सनातन भाई बहन अक्रोशित हैं। उनका कहना है कि सब ठीक नहीं हुआ, तो ये लोग भी सड़क पर उतर कर अपने धर्म की रक्षा करेंगे।

# चांडिल डैम के विस्थापित अनशनकारियों को ट्रैक्टर से मारने का प्रयास, सरकार की मंशा संदिग्ध : दीपक प्रकाश



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने चांडिल डैम के विस्थापित अनशनकारियों के मामले की घटना पर नाराजगी जतायी है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपना होशो हवास खो चुकी है। इसलिए इस सरकार में अप्रत्याशित घटनाएं घट रही हैं। चांडिल डैम के विस्थापित राहत और पुनर्वास को लेकर डैम साइड में आठ दिनों से लगातार अनशन पर बैठे थे, परंतु आज की घटना ने राज्य सरकार की मंशा को उजागर कर दिया है।

यह सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों का दमन करने में विश्वास करती है। आंदोलन और आंदोलनकारी दोनों को कुचलने में विश्वास करती है। इसके पूर्व गौ तस्करों ने महिला दारोगा संध्या टोपनो की हत्या कर दी।

इतना ही नहीं, बालू माफिया के द्वारा पदाधिकारी को कुचलने की कोशिश की गयी। राज्य सरकार जनविरोधी ही नहीं निरंकुश भी है। श्री प्रकाश ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी हरकतों से बाज आये। अविलंब ट्रैक्टर से कुचलने का प्रयास करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज हो। साथ ही अनशनकारियों से वार्ता कर उनकी समस्या का अविलंब समाधान हो।

# भारत को आशा भरी निगाह से देख रहा है विश्व : दत्तात्रेय होसबाले

> **कहा- विश्व के श्रेष्ठ राष्ट्रों में से एक बने अपना भारत**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि विश्व भारत को आशा भरी निगाहों से देख रहा है। हमें ऐसा भारत बनना है, जो विश्व के श्रेष्ठ राष्ट्रों में से एक हो। हमें अपनी शक्ति को पहचानते हुए काम करना है।

हम कोरोना काल में विश्व को अपनी शक्ति की पहचान करा चुके हैं। संकट में घिरे श्रीलंका की मदद कर मानवता का परिचय दे चुके हैं। यूक्रेन में युद्ध के दौरान भारत के साथ-साथ दूसरे देशों के लोगों को भी निकालने में मदद कर चुके हैं। होसबाले बुधवार को रांची महानगर के एकत्रीकरण में स्वयंसेवकों को संबोधित कर रहे थे। झमाझम बारिश के बावजूद कार्यक्रम पूर्व निर्धारित समय पर शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि भारत को आगे ले जाने के लिए गुलामी की मानसिकता को छोड़ कर स्वदेशी भाव को आगे बढ़ाने के लिए काम करना होगा। स्थानीय भाषा और स्थानीय उत्पादों को अपनाना होगा।

उन्होंने कहा कि अभी नवरात्र का उत्सव चल रहा है। इसी नवरात्र के समापन यानी विजयादशमी को वर्ष 1925 में परम पूज्य डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना नागपुर में की थी। तीन वर्ष बाद संघ अपनी स्थापना के सौ वर्ष पूरे करने जा रहा है। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि संघ ने ऐसा नहीं माना कि 1947 में प्राप्त आजादी के बाद अपना कार्य पूरा हो गया। अतीत के प्रति गौरव, वर्तमान की चिंता और भविष्य की आकांक्षाओं को लेकर कार्य को आगे बढ़ाया। भारत ने कभी किसी देश को गुलाम करने के लिए नहीं, बल्कि सद्भाव के लिए, ज्ञान के लिए, योग के लिए, शिक्षा के लिए ही दूसरे देशों में अपना प्रतिनिधि भेजा है। आज भी भारत के लाखों लोग दुनिया के अनेक देशों में रहते हैं। वहां भी ये लोग उस देश के नियमानुकूल रह कर उस देश के विकास में जो योगदान दे रहे हैं, वह अद्वितीय है।

देश का संचालन करने वाले लोगों के पीछे जब समाज खड़ा होता है, तो इसका दीर्घकालीन परिणाम दिखता है। संघ शाश्वत रहे ऐसी अपनी कल्पना नहीं, किंतु अपना हिंदू राष्ट्र शाश्वत होना चाहिए। इस शाश्वत राष्ट्र के लिए हर पीढ़ी को एक कीमत चुकानी पड़ती है और इसी कीमत को चुकाने के लिए संघ खड़ा है। इस मौके पर क्षेत्र संघचालक देवव्रत पाहन, महानगर संघचालक पवन मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, विधायक सीपी सिंह, नवीन जयसवाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# आरआर स्पोर्टिंग क्लब के सदस्य मिले सीएम से, किया आमंत्रित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को आरआर स्पोर्टिंग क्लब, रातू रोड के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को क्लब के दुर्गा पूजा पंडाल का 30 सितंबर को उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को मां दुर्गा की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री से मुलाकात करनेवालों में क्लब के संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, वरीय उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल और सत्येंद्र गुप्ता के अलावा सुभाष राय, बिट्टू शुभम तथा शिवम चौधरी शामिल थे।

# मुख्यमंत्री से जेपीएससी की नवनियुक्त अध्यक्ष मिलीं



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बुधवार को झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की नवनियुक्त अध्यक्ष मेरी नीलिमा केरकेट्टा ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को आयोग द्वारा ली जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन की चल रही तैयारियों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिक्त पदों पर नियुक्ति सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ विभिन्न पदों के लिए ली जानेवाली परीक्षाओं की प्रक्रिया ससमय पूरा करे।

> **परीक्षाओं के आयोजन की चल रही तैयारियों से अवगत कराया**

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि। |
| वृष | समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। |
| मिथुन | आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी। |
| कर्क | काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना। |
| सिंह | कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा। |
| कन्या | बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता। |
| तुला | कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी। |
| वृश्चिक | चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे। |
| धनु | आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा। |
| मकर | नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा। |
| कुंभ | रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क। |
| मीन | किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय। |

## कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 सितंबर, गुरूवार को होगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होनेवाली यह बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन सभागार में होगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये जाने की संभावना है। सचिव और वरीय अधिकारियों के लिए 187 करोड़ की लागत से आवासीय बंगला निर्माण की मंजूरी सहित, सड़क, भवन की योजनाओं की भी मंजूरी दी जायेगी। इसके अलावा भी विभिन्न विभागों से जुड़े दो दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी जायेगी। दुर्गा पूजा त्योहार के कारण यह संभव है कि कर्मचारियों के हित में भी कुछ फैसले लिये जायें।

**पूर्व मध्य रेल**

**बेस स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल टर्मिनल के विकास के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) के लिए सूचना।**

**Notice No.: C.710/0/GCT/BES/DHN/22, Dt. 26.09.2022**

वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति, माल यातायात के संवर्धन हेतु बेस स्टेशन में गति शक्ति मल्टी मॉडल टर्मिनल विकसित करने के लिए इच्छुक ट्रांसपोर्टरों, रसद सेवा प्रदाताओं, विकासशील फर्मों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करता है। कार्य निष्पादन की योजना और कार्य के विस्तृत अनुमानसहित प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत किये जायेंगे। **1. उस स्टेशन का नाम जहाँ कार्य का निष्पादन किया जाना है:** बेस स्टेशन (पूर्व मध्य रेल, धनबाद मंडल) **2. कार्य का दायरा:** निजी निवेश के माध्यम से मल्टी मॉडल कार्गो टर्मिनल का विकास। ट्रांसपोर्टर/लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाताओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने हेतु जीसीटी को आधुनिक परिवहन और हैंडलिंग सुविधाओं के साथ विकसित किया जाना। **3. अभिरूचि की अभिव्यक्ति (EOI) का उद्देश्य:** परिवहन में रेलवे की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक डिजाइन और प्रौद्योगिकी सहित आधुनिक सुविधाओं के साथ माल संचालन टर्मिनलों का विकास करना। **4. अभिरुचि की अव्यक्ति (EOI) जमा करने की तिथि:** 17.10.2022 को 15 बजे तक **5.** प्राप्त हुए सभी प्रस्तावों पर प्रस्तावकों के विचारों और उनके द्वारा प्रस्तावित अनुमान के आधार पर जांच की जायेगी। रेलवे मौजूदा नियमों के अनुसार, प्रस्ताव के आधार पर अंतिम योजना/निवेश योजना/लाइसेंस की अवधि और अन्य नियमों और शर्तों को अंतिम रूप दिया जायेगा और सीमा नियमों के अनुसार खुली निविदाएं/ सीमित निविदाएं आमंत्रित कर सकता है। **नोट:** i) इच्छुक प्रस्तावक कार्यालय कार्य दिवसों के दौरान मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य) के कार्यालय में 17.10.2022 को 15:00 बजे से पहले अनुलग्नकों के साथ (EOI) प्रस्तुत कर सकते हैं। विस्तृत ब्यौरा **www.ecr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है।

**हिंदी और अंग्रेजी सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी सूचना ही मान्य होगी।**

पीआर/01134/डीएचएन/सीओएमएल/एन/22–23/56 कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद

**कार्यालय : समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A) लातेहार**
**(अ.ज.जा., अ.जा., अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग)**

**अतिमहत्वपूर्ण सूचना**

झारखंड सरकार अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं पिछड़ी जातियों के व्यक्तियों के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना चलायी जा रही है। इस योजनांतर्गत प्रत्येक वर्ष राशि स्वीकृत/ आवंटित की जाती है। आवंटित राशि को नियमानुसार जरूरतमंद व्यक्तियों को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता के तहत मो.-5000/- (पांच हजार) रुपये, कोविड-19 के मामले में अधिकतम मो.-10000/- (दस हजार) रुपये एवं कैंसर रोग से ग्रसित व्यक्तियों को अधिकतम मो.-25000/(पचीस हजार) रुपये प्रदान किया जाता है। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता की राशि कोविड-19 से पीड़ित व्यक्तियों को भी दी जायेगी। स्वास्थ्य सहायता की राशि प्राप्त करने हेतु आवश्यक कागजात जैसे :- **चिकित्सा प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र, अंत्योदय कार्ड/राशन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता सं.- एवं आवेदक से स्वयं घोषणा पत्र की छायाप्रति जमा करना होगा।**

**विभागीय योजनाएं निम्नवत हैं :**

**(1) विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों के लिये मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना चलायी जा रही है। जिसमें जनजाति वर्ग के लाभुकों को निःशुल्क पशुधन उपलब्ध कराया जा रहा है।**

**(2) मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों से आग्रह है कि विभाग द्वारा 50000/- हजार रुपये से लेकर 2500000/- लाख रुपये 40% अनुदान (अधिकतम राशि मो.-5.00 लाख) पर ऋण-सह-अनुदान उपलब्ध कराया जाना है, इस हेतु अधिक से अधिक संख्या में ऋण-सह-अनुदान हेतु आवेदन जमा करने हेतु संसूचित किया जाता है।**

**ह./- परियोजना निदेशक**
**आई.टी.डी.ए., लातेहार**

**पत्रांक :** 1256 /I.T.D.A, लातेहार
**दिनांक :** 27.09.2022






## मां की महिमा अपरंपार : सब कुछ है तैयार, आओ चलें दुर्गोत्सव के मेले में

# आज से खुल जायेंगे रांची के पूजा पंडाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंद्रदेव बुधवार को मेहरबान रहे। अहले सुबह झमाझम बारिश के बाद सूर्य की लालिमा चारों ओर छनक कर बिखरी, तो दुर्गा पूजा पंडाल निर्माण में जुटे कलाकार और कामगार उत्साह के साथ काम में जुट गये। देर रात तक साज-सज्जा का काम चलता रहा। सांझ ढलते लाइटिंग की भी टेस्टिंग की जाने लगी। इससे रातू रोड और कोकर सहित शहर के कई प्रमुख सड़क झकाझक रौशनी से जगमगा गया। राजधानी में दुर्गोत्सव की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। गुरुवार की शाम भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार और ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति के पूजा पंडालों का पट आम भक्तों के लिए खोल दिया जायेगा। पंचमी तिथि 30 सितंबर को रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति और आरआर स्पोटिंग क्लब सहित कई पूजा पंडालों के पट खुलेंगे। षष्ठी तिथि को बेलवरण पूजा के बाद लगभग पूजा पंडालों में माता आभा बिखेरने लगेंगी। सप्तमी को तो शहर के तमाम पूजा पंडालों के पट खुल जायेंगे। साथ ही मेले की सतरंगी छटा देखते ही बनेगी। करोना के कारण दो साल हुए गैप के बाद मिले उत्सव के मौके को सार्थक करने में कोई कसर नहीं छोड़ा जायेगा। बड़ी संख्या में स्थानीय और आस-पास से आये लोग मां का दर्शन कर मेले का लुफ्त उठायेंगे।



### आज खुलेगा पट

- भारतीय युवक संघ बकरी बाजार
- ओसीसी क्लब दुर्गा पूजा समिति बंगला स्कूल

### कल खुलेगा पट

- रांची रेलवे स्टेशन दुर्गा पूजा समिति
- आरआर स्पोटिंग क्लब रातू रोड
- चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति
- कोकर दुर्गा पूजा समिति

### खास बातें

- पूजा पंडालों में सीसी टीवी कैमरे से निगरानी
- महिला-पुरुष के लिए अलग-अलग द्वार
- बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती
- मुस्तैद रहेंगे पूजा समिति के युवा सदस्य
- खोया-पाया के लिए एलाउंस किया जायेगा
- नशा-पान करके पूजा घूमने की मनाही
- पार्किंग में ही खड़े किये जायेंगे वाहन
- पूजा स्थल तक पैदल पहुंचने की अपील
- बरतें अफवाह फैलाने वालों से सावधानी
- आभूषण पहन कर ना निकलें मेला घूमने
- लावारिस वस्तुओं की तत्काल दें सूचना

### यहां लगेगा मेला

शहर के कई पूजा-पंडालों में दर्शनार्थी मां का दर्शन कर मेले का भी लुफ्त उठायेंगे। बकरी बाजार, ओसीसी क्लब, पंच मंदिर हरमू, सत्य अमरलोक मारवाड़ी भवन, मेकन, राजेस्थान मित्र मंडल आदि के पूजा प्रांगण में इसकी खास व्यवस्था की गयी है। छोटे-बड़े कई तरह के झूले, खाने-पीने और खेल-खिलौनों के स्टालों की बात ही क्या। हर तरह के व्यंजनों का जायका मिलेगा। नन्हें-मुन्नों को भी तरह-तरह का खिलौना लुभायेगा। कई पूजा पंडालों में भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

### मां के तीसरे स्वरूप की हुई पूजा

**रांची।** मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा-अर्चना कर भक्त बुधवार को भक्ति में रमे रहे। घरों, मंदिरों और पूजा पंडालों में सुबह से दोपहर बाद तक वैदिक मंत्रोच्चार और भजन गूंजते रहे। माना जाता है कि मां का यह रूप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इसी भाव को आत्मसात कर मां की आराधना कर मनोवांछित फल की कामना की। श्रीप्राचीन राम मंदिर चुटिया और राधाकृष्ण मंदिर रातू रोड में बड़ी संख्या में महिला और युवतियों ने हिया लिया। अब गुरुवार को मां के चौथे स्वरूप कुष्मांडा का ध्यान धर पूजा-पाठ करेंगे।


### शिवसेना दुर्गा पूजा समिति



## आरआर स्पोर्टिंग क्लब : दिखेगी झारखंडी संस्कृति की झलक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आरआर स्पोटिंग क्लब, रातू रोड के दुर्गा पूजा पंडाल में इस बार झारखंडी संस्कृति की झलक दिखेगी। यहां कोलकाता से आये कलाकार उत्तम दा की टीम ने रात-दिन मेहनत कर भव्य पंडाल को मूर्त रूप दिया है। पंडाल की साज-सज्जा जल-जंगल और जमीन को दर्शाते हुए आदिवासी जीवन परिवेश को उकेरने का प्रयास किया गया है। पूजा स्थल के आस-पास की आकर्षक विद्युत सज्जा की बात ही क्या। मुख्य मार्ग में कई तोरण द्वार और विद्युतचलित आकृतियां लगायी गयी है। पूजा स्थल लाइटिंग से जगमगा रहा। आयुष राज वर्मा और विक्की चौधरी ने बताया कि मां और अन्य देवी-देवताओं की प्रतिमा कोलकाता से बना-बनाया मंगाया गया है। भव्य दरबार में मां का दर्शन कर दर्शनार्थी मंत्रमुग्ध हो जायेंगे।



- 1951 से लगातार हो रही है मां की पूजा
- पूजा का बजट 42 लाख
- कल सीएम करेंगे उद्घाटन



### पूजा आयोजन समिति

संरक्षक विक्की यादव, अध्यक्ष राहुल यादव, कोषाध्यक्ष रोहित यादव, वरीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र गुप्ता, सचिव ललन कुमार, महासचिव धर्मेंद्र सिंह, वरीय उपाध्यक्ष बबलू सिंह, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, महामंत्री अभिषेक कुमार, राजा सिंह, साजन सेठ, सचिन चौधरी, सूरज वर्मा, दीपक वर्मा, आयुष राज वर्मा, शुभम चौधरी, प्रचार मंत्री बिट्टू शाही, सुभाष राय, विकाश सिंह, मीडिया प्रभारी राजीव कुमार, बिट्टू चौधरी, मंत्री संजीव कुमार, अरविंद सिंह, किशन कर्मकार, कार्यकारी सदस्य सेंटी यादव, रवि भूषण, राजदीप चौरसिया, राजवीर चौधरी, उमेश गुप्ता, श्रीकांत, राजेश, गौरव, बनवारी, लल्लू, रवि आदि गठित समिति में शामिल हैं।

## प्रेस क्लब में युवा दस्ता का प्रशिक्षण शिविर संपन्न, शामिल हुए एसएसपी और जिला प्रशासन के पदाधिकारी

# मां भवानी के भक्तों का सहयोग करने का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को श्री दुगार्पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए युवा दस्ता का प्रशिक्षण शिविर प्रेस क्लब सभागार करमटोली में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसपी रांची कौशल किशोर, जिला के वरिष्ठ पदाधिकारी और विशिष्ट अतिथि युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा उपस्थित थे। प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता राजेश गुप्ता छोटू ने की।

वहीं संचालन पीयूष आनंद ने किया और धन्यवाद ज्ञापन मुन्ना बड़ाइक ने किया। शिविर में आये सभी अतिथियों का स्वागत माला पहना कर और चुनरी ओढ़ा कर किया गया। शिविर में श्री दुगार्पूजा महोत्सव को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रीय प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में होने वाली कठिनाइयों की जानकारी जिला प्रशासन के समक्ष रखी। इसमें मुख्य रूप से यातायात और बिजली व्यवस्था के कारण होनेवाली परेशानियों से अवगत करवाया। शिविर में युवा दस्ता महानगर और ग्रामीण चेत्र के लगभग ढाई सौ पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। एसएसपी रांची कौशल किशोर ने युवा दस्ता द्वारा लगातार 34 वर्षों तक किये गये कार्यों की सराहना की और दस्ता के सदस्यों एवं पदाधिकारियो से मां भवानी के भक्तों को सहयोग करने की अपील की। वहीं इस दौरान युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने कहा कि युवा दस्ता के सदस्य पूरी इम्मानदारी से सारे पंडाल में तैनात रहेंगे और साथ ही श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेंगे। मिश्रा ने कहा कि अगर किसी तरह की परेशानी दर्शनार्थियों को होती है तो तुरंत युवा दस्ता के सदस्य से संपर्क करे। वे लोग आपकी सहायता के लिए तैयार हैं। प्रशिक्षण शिविर में कैलाश केसरी, गोपाल पारीक, उपेंद्र रजक, महेश चंद्रा, लंकेश सिंह, राहुल सिन्हा चंकी, राकेश सिंह, काशी साहू, मनीष केसरी, साहिल कुमार, मंटू दुबे, मनीष साहू, टिंकू महतो, अभिषेक चौधरी, प्रेम वर्मा, ज्योति शंकर साहू, उमा शंकर तांती, राजेश राम ने अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में रोशनी सिंह राठौड़, राहुल गुप्ता, अंकित सिंह, रजनीश पांडेय, बीरू पासवान, रितेश साहू, सोनू भारद्वाज, ओम प्रकाश शर्मा सहित सैकड़ों युवा दस्ता के सदस्यों ने प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया ।

**34 वर्षो से श्रद्धालुओं को राह दिखा रहा है युवा दस्ता :** दुर्गापूजा के अवसर पर युवा दस्ता के सदस्यों की जितनी भी तारीफ की जाये, वह कम है। दुर्गापूजा महोत्सव में जहां पूरा शहर और उसके लोग सड़कों पर उतरते हैं वहीं रांची में लगभग तीन सौ ऐसे युवा भी होते हैं जो सबकी सेवा में दिन-रात लगे रहते हैं।




### कहानी युवा दस्ता के गठन की

जो पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा को ही अपना कर्तव्य बना लेते हैं। खास कर सप्तमी से लेकर दसमी तक ये सदस्य हर दिन पूजा पंडाल के आसपास श्रद्धालुओं की सेवा करते मिल जायेंगे। भीड़ से मां-बहनों को सुरक्षित राह दिखाना और बच्चों पर विशेष नजर रखना युवा दस्ता का मुख्य कार्य होता है। कई बार युवा दस्ता के सदस्य बिछुड़े बच्चों को उनके घर तक पहुंचाते हैं। भीड़ में कभी-कभी उन्हें भीड़ के गुस्से का भी सामना करना पड़ता है, लेकिन ऐसे अवसरों पर भी वे अपना धैर्य नहीं खोते। शांत और संयम से वह श्रद्धालुओं की मदद करते हैं। एक समय ऐसा था, जब रांची पुलिस के पास संसाधन नहीं थे, जवानों की संख्या भी बहुत कम थी और गांवों की पूरी भीड़ शहरों में उमड़ पड़ती थी। गांव से आये ग्रामीणों के बच्चे अक्सर भीड़ में खो जाया करते थे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। ऐसे में यह महसूस किया गया कि क्यों नहीं एक युवा दस्ता का गठन किया जाये। उस समय राजीव रंजन मिश्र युवा थे। राजेश गुप्ता छोटू के मन में भी हर समय कुछ कर गुजरने का माद्दा था। प्रेस मीडिया के लोग भी पूजा के अवसर पर अपने-अपने तरह से भूमिका निभाते थे। जरूरत के हिसाब से युवा दस्ता का 1989 में गठन हुआ और तब से लेकर आज तक युवा दस्ता का अनवरत सेवा कार्य जारी है। अपना हर काम छोड़ कर युवा दस्ता के सदस्य भक्तों-श्रद्धालुओं की मदद के लिए तैयार रहते हैं।

## ओबीसी आरक्षण का दायरा 27 प्रतिशत करने पर झारखंड प्रदेश ओबीसी उत्थान समिति ने किया आभार सम्मेलन

# मेरी नजर में आरक्षण का मतलब सत्ता में हिस्सेदारी से है : डॉ रामेश्वर उरांव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश ओबीसी उत्थान समिति ने 27 प्रतिशत आरक्षण पिछड़ा वर्ग को देने के लिए राज्य वासियों की ओर से राज्य सरकार को धन्यवाद दिया एवं आभार प्रकट किया।

बुधवार को पुराने विधानसभागार हॉल में आयोजित आभार सम्मेलन में वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को 51 किलो का माला प्रदान कर झारखंड सरकार को धन्यवाद दिया। इसके पूर्व डॉ रामेश्वर उरांव, ओबीसी उत्थान समिति के मुख्य संरक्षक आलोक कुमार दुबे, संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव, अध्यक्ष डॉ.राजेश गुप्ता छोटू, अरविंद कुमार महतो, शंकर साहू, अभिषेक साहू, फिरोज रिजवी मुन्ना, संजीत यादव, कुमुद रंजन, प्रदीप साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर आभार सम्मेलन का उद्घाटन किया। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि जॉब में आरक्षण देने का काम तब तक सफल नहीं हो सकता, जब तक शिक्षा में आरक्षण नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि उनकी नजर में आरक्षण का मतलब सत्ता में हिस्सेदारी है। समिति के अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा कि राज्य में साढ़े सोलह साल सत्ता का सुख भोग चुकी भाजपा ने इस वर्ग को हासिये में ही रखा। वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने ओबीसी आरक्षण का दायरा बढ़ाने का काम किया, इसके लिए ओबीसी उत्थान समिति इन्हें विशेष तौर पर धन्यवाद देती है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भगवा सेना ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

रांची (आजाद सिपाही)। भगवा सेना ने दुर्गा पूजा को लेकर अपना हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। नंबर है 7808839003, 9525456000, 8210942401, 8340549785। जिन भक्तों की कोई भी समस्या हो, वे इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। महानगर अध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मेले में बच्चों के पॉकेट में नाम पता और मोबाइल नंबर लिख कर डाल दें, जिससे गुम होने पर तुरंत संपर्क किया जा सके। सेना प्रमुख अमित सोनी ने कहा कि जिस भी पूजा पंडाल में डस्ट एवं कोई भी समस्या हो, तो संपर्क करें हम जल्द से जल्द समस्या का समाधान करेंगे और भगवा सेना के वोलेंटियर सभी पूजा पंडाल में तत्पर रहेंगे, जैसे बिहार क्लब, संग्राम क्लब, चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति, सत्य अमर लोक, शक्ति स्रोत संघ, पंच मंदिर हरमू, विनेक्स क्लब, बांधगाड़ी बूटी मोड़, कोकर दुर्गा पूजा समिति, इंद्रपुरी दुर्गा पूजा समिति, काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति एवं सभी पूजा पंडालों में रहेंगे। संस्थापक मुकेश वर्मा ने कहा कि तेल एवं पूजा सामग्री का वितरण भी पंडालों में किया जायेगा। ईस्ट जोन के प्रभारी जिला अध्यक्ष अंकित आनंद, वेस्ट जोन के प्रभारी रामावतार जायसवाल, नार्थ जोन के प्रभारी आशीष सोनी और साउथ जोन के प्रभारी ललन गुप्ता को बनाया गया है। महिला की सहायता के लिए जिला अध्यक्ष बीना सिंह एवं महानगर अध्यक्ष पिया बर्मन को बनाया गया है। यह जानकारी भगवा सेना के जिला मंत्री जयंत मुंजाल ने दी।

### कोकर में लगाया गया रक्तदान शिविर

रांची (आजाद सिपाही)। युवा समर्पण के तत्वावधान में कोकर स्थित ब्लेसिंग बैंक्वेट हॉल में भगत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 20 यूनिट रक्त की संग्रह की गयी है। युवा समर्पण के सदस्य तुषार विजयवर्गीय ने कहा कि रक्तदान हर इंसान के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि, समय-समय पर हम सभी को रक्तदान करना चाहिए। युवा समर्पण के सदस्य सोनू मिश्रा ने कहा कि रक्तदान हम सबके लिए आवश्यक है। रक्तदान से खुद के सुरक्षा के साथ ही, दूसरों की भी सुरक्षा होती है। उन्होंने कहा कि हम सभी के दान से ही थैलेसीमिया मरीज समेत अनेकों मरीजों का इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि रक्त दान से हम सभी प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से जीवन बचाते है। सुभाष अग्रवाल ने कहा कि, रक्तदान जीवन का सबसे अहम अंग है। रक्तदान हम सभी को समय-समय पर करते रहना चाहिए। अजनेश सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। रक्तदान हम सभी को करना चाहिए। रक्तदान में सुभाष अग्रवाल, अजनेश सिंह, रोहित पांडेय, शिवेंद्र सिंह, जयंत झा, मनोज पोद्दार, वरुण पोद्दार, दीपक कुमार, रीना विजय एवं सदर अस्पताल के डॉक्टर सतेंद्र कुमार, रंजन कुमार, श्वेता कुमारी एवं निशा कुमारी, संदीप कुमार मौजूद थे।

### मां सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में किया गया नि:शुल्क रजिस्ट्रेशन



रांची (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवारा के तहत मां सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में शहीद भगत सिंह की जयंती मनायी गयी। अवसर पर स्कूल द्वारा नि:शुल्क नामांकन रजिस्ट्रेशन एवं पुस्तक वितरण किया गया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने पार्टी के उत्कृष्ट कार्यों की जानकारी एवं उपलब्धियां बतायीं। विशिष्ट अतिथि डूमरदगा मुखिया काजल देवी, पूर्व मुख्य जुगनू मुंडा, निर्देशक प्रिया सिंह, भारतीय जनता पार्टी महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा कुंदन कुमार, प्रकाश रंजन अशोक कुमार, दिलीप तिवारी, अमर सिंह, रितेश तिवारी, गोविंद दुबे, प्रिंसिपल मनोज सिंह, नीलम कुमारी, पुनीता सिंह, संजू कुशवाहा, ममता कुमारी, सोनी देवी और अभिभावक, विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

### आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करें : लक्ष्मण सिंह



रांची (आजाद सिपाही)। समाजसेवी भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह ने मेन रोड स्थित बजरंगबली की मूर्ति तोड़े जाने कि बहुत ही कायरतापूर्ण हरकत और दुर्भाग्यपूर्ण बताया ऐसे अपराधियों को पहचान कर जल्द से जल्द सजा दी जाये अभी जबकि सभी जगह दुर्गापूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। रांची पुलिस जल्द से जल्द गिरफ्तार करें और कार्रवाई करें और रांचीवासियों से अपील है आप लोग कृपया शांति बनाये रखें।

### संरक्षा आयुक्त ने किया रेलखंड का निरीक्षण



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। श्री सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा बुधवार को सोनपुर मंडल के अक्षयवट राय नगर-सहदेई बुजुर्ग नव-दोहरीकृत रेलखंड (14 किलोमीटर) का निरीक्षण किया गया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से 124 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से स्पीड ट्रायल भी किया गया, जो सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। विदित हो कि अक्षयवट राय नगर-सहदेई बुजुर्ग नव-दोहरीकृत रेलखंड सोनपुर मंडल के अंतर्गत हाजीपुर-बछवारा दोहरीकरण परियोजना का भाग है। आज के निरीक्षण के उपरांत 71.24 किलोमीटर लंबे हाजीपुर-बछवारा दोहरीकरण परियोजना का शत-प्रतिशत कार्य पूरा हो गया । इसके बाद अब सोनपुर मंडल पूर्ण रूप से दोहरीकृत रेलखंड से युक्त हो गया। इससे यात्री लाभान्वित होंगे साथ ही ट्रेन के समय पालन में और अधिक सुधार होगा।

### तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास होगा

रांची (आजाद सिपाही)। कैबिनेट ने नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन और मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) के पुनर्विकास को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने लगभग 10,000 करोड़ के कुल निवेश के साथ तीन प्रमुख रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के भारतीय रेलवे के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है ये नये स्टेशन हैं : नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन, अहमदाबाद रेलवे स्टेशन तथा छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी), मुंबई। रेलवे स्टेशन किसी भी शहर के लिए एक महत्वपूर्ण और केंद्रीय स्थान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे के बदलाव में स्टेशनों के विकास को महत्व दिया है। कैबिनेट का फैसला स्टेशन विकास को नयी दिशा देता है। 199 स्टेशनों के पुनर्विकास का काम चल रहा है। इनमें से 47 स्टेशनों के लिए टेंडर जारी कर दिये गये हैं। बाकी स्टेशनों के लिए मास्टर प्लानिंग और डिजाइन का काम चल रहा है। 32 स्टेशनों पर तेजी से काम हो रहा है। प्रत्येक स्टेशन में एक ही स्थान पर सभी यात्री सुविधाओं के साथ खुदरा, कैफेटेरिया, मनोरंजन सुविधाओं के लिए एक विशाल रूफ प्लाजा होगा।

# झाप्रसे के 42 अफसर बनेंगे आइएएस, सीएम ने दी मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में 42 आइएएस अफसरों की संख्या अब बढ़ जायेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मंजूरी के बाद झारखंड प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में 42 अफसरों की प्रोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। यूपीएससी बोर्ड की बैठक में सहमति के बाद मुख्यमंत्री ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में कार्मिक विभाग के अधिकारी नयी दिल्ली गये हैं और वहां केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय को अधिकारियों को प्रमोशन दिये जाने संबंधी फाइल सौंपेंगे। केंद्र सरकार अपनी मंजूरी के बाद इसे यूपीएससी बोर्ड भेजेगी। वहां से फाइल पर सहमति मिलने के बाद डीओपीटी आइएएस में प्रमोशन संबंधी अधिसूचना जारी करेगा। बता दें कि राज्य सरकार ने आइएएस में प्रमोशन के लिए 100 झारखंड प्रशासनिक सेवा के वरीय अधिकारियों की सूची तैयार कर-के यूपीएससी को भेजी थी। नयी दिल्ली में यूपीएससी बोर्ड में बीते दिनों बैठक हुई थी, जिसमें 42 रिक्त पदों पर प्रमोशन के लिए सहमति बनी। ये रिक्तियां लगातार दो वित्तीय वर्ष की थीं जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी करके झाप्रसे अधिकारियों को आइएएस में प्रोन्नति दी जायेगी।

**इन अधिकारियों को प्रमोशन पर बनी है सहमति :** नेसार अहमद, रामकरण राम, रविरंजन मिश्रा, आलोक त्रिवेदी, संजय सिन्हा, मनोज जायसवाल, नागेंद्र कुमार सिन्हा, अनिल कुमार सिंह, हरि कुमार केसरी, जगबंधु महथा, विंदेश्वरी ततमा, इंदू रानी, अरुण वाल्टर सांगा, वीर प्रकाश प्रसाद, दशरथ चंद दास, सुमन कैथरीन किस्पोट्टा, बाल किशुन मुंडा, नेलशन ए बागे, अंजनी कुमार मिश्र, संजय बिहारी अंबष्ट, अंजनी कुमार दुबे, अमित प्रकाश, संजय कुमार, शेखर जमुआर, गोपालजी तिवारी, अरविंद कुमार, राजू रंजन राय, पवन कुमार, जय किशोर प्रसाद, कुमुद सहाय, शशिभूषण मेहरा, प्रदीप तिग्गा, फिलियुनुस बारला, पूनम प्रभा तिर्की, मनोहर मरांडी, एके सत्यजीत, नागेंद्र कुमार, अजय कुमार सिंह और अभय नंदन अंबष्ट के प्रमोशन पर स्वीकृति बनी है।

# ट्रेड एक्सपो 2022 का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नवरात्रि के शुभ अवसर पर रांची के हरमू मैदान में ट्रेड एक्सपो 2022 का आयोजन 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक क्राफ्ट्स इंडिया के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस ट्रेड एक्सपो का उद्घाटन बुधवार को संध्या 7:30 बजे झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सशक्तिकरण अभियान के संयोजक आलोक कुमार दुबे, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल विभाग के को चेयरमैन अमरेंद्र कुमार सिंह, राजधानी के धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के वरिष्ठ सहयोगी आलोक कुमार साहू ने संयुक्त रूप से ट्रेड एक्सपो का शुभारंभ किया।

10 दिवसीय ट्रेड एक्सपो में पूरे भारतवर्ष के साथ-साथ 5 अंतर्राष्ट्रीय स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं, जिसमें अफगानिस्तान का ड्राई फ्लावर, थाईलैंड की स्पेशल कुर्ती,बांग्लादेश की जामदानी साड़ी, मलेशिया का फाइबर फाउंटेन और भी अनेकों प्रकार की वस्तु उपलब्ध है, इस ट्रेड एक्सपो में 22 राज्यों के कुल 200 स्टॉल लगाये जा रहे हैं, जिसमें विभिन्न प्रकार की वस्तुएं देखने और खरीदने को भी मिल रही है।

ट्रेड एक्सपो में प्रवेश का समय दिन के 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक खरीदारों के लिए एवं आमजन के लिए खुला रहेगा। ट्रेड एक्सपो में खरीदारों के लिए अलग से फूड स्टॉल भी लगाये जा रहे हैं। मेले का मुख्य आकर्षण माटी कला के द्वारा मिट्टी से बने हुए वस्तुओं के साथ-साथ टेराकोटा, जूट उत्पादन, मिथिला पेंटिंग, अपलिक वर्क की साड़ी, राजस्थान जयपुर से आये हुए मार्बल के प्रोडक्ट्स, गुजरात का बंधेज सूट एवं साड़ी, राजकोट का आर्टिफिशियल ज्वेलरी, मधुबनी पेंटिंग, भागलपुरी साड़ी, बनारसी साड़ी, भदोही का कारपेट, सहारनपुर का फर्नीचर, उत्तराखंड का खादी वस्त्र, झारखंड खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड का खादी वस्त्र, लखनवी चिकन, कानपुर की लेदर चप्पल एवं बैग, राजस्थानी जूती, भदोही का कारपेट, इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोडक्ट्स में रोटी मेकर, बिना पानी का कूलर, किचन प्रोडक्ट, हेल्थ के प्रोडक्टस और भी बहुत सारे प्रोडक्ट एक ही छत के नीचे खरीदने का मौका मिल रहा है। उक्त आशय की जानकारी मेला के आयोजक एवं क्राफ्ट्स इंडिया के संयोजक संजीव गोड़किया, रोहित चौरसिया और कृष्णा साव ने संयुक्त रूप से दिया।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दी स्वीकृति

# एसीबी हेहल के पूर्व सीओ अनिल सिंह पर एफआइआर दर्ज कर पूछताछ करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के हेहल अंचल के पूर्व सीओ अनिल कुमार सिंह के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) एफआइआर दर्ज कर पूछताछ और जांच करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को इसकी अनुमति दे दी है। मामला आय से अधिक संपत्ति मामले में भ्रष्टाचार का है। भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) विधेयक, 2018 की धारा 17अ(1)(बी) के तहत जांच एजेंसी एफआइआर दर्ज करेगी। इससे पूर्व सीओ रहे अनिल कुमार सिंह के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की स्वीकृति मुख्यमंत्री ने जून-2022 में दी थी।

**28 प्रतिशत अधिक धन अर्जित करने का है साक्ष्य :** आरोपित अनिल कुमार सिंह के खिलाफ 28 प्रतिशत से अधिक धन अर्जित करने के संबंध में साक्ष्य पाया गया है। सभी स्रोतों से अनिल कुमार सिंह की कुल आय 67,35,501 रुपये एवं कुल व्यय 86,65,513,.02 रुपये निर्धारित चेक पीरियड में पाया गया। आरोपी द्वारा कुल आय की तुलना में 19,30,012.02 रुपये अधिक धनार्जन किया गया है, जो इनकी आय की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है।

# प्रिंसटन यूनिवर्सिटी के प्रो. पीटर जैफ ने सरला बिरला विवि के एफडीपी में दिया व्याख्यान



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सिविल एंड इंफॉर्मेशन इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में विश्व के प्रख्यात प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, यूएसए के सिविल एंड एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर पीटर जैफ ने अपना व्याख्यान दिया। यह प्रोग्राम ग्रीन टेक्नोलॉजी फॉर सस्टेनेबल एनवायरमेंट में डीफ्लोरिनैशन ऑफ पीएफओए एंड पीएफओएस बाय एसिडिमिक्रोबियम एसपी स्ट्रेन ए6 एंड द डेवलपमेंट ऑफ नोवेल पीएफएएस बायोरीमिडिएशन टेक्निक्स टॉपिक पर आधरित था। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में रिसर्च की अपार संभावनाएं हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक ने प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, यूएसए के सिविल एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग के प्रोफेसर पीटर जैफ का एफडीपी में स्वागत करते हुए व्याख्यान देने के लिए धन्यवाद दिया है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग-उत्कर्ष योग का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में विद्यार्थियों के लिए जीएसपी-जलतरंग के अंतर्गत आर्ट ऑफ लिविंग-उत्कर्ष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह बच्चों को तनाव से छुटकारा पाने, एकाग्रता में सुधार करने और नकारात्मक भावनाओं को दूर करने की क्षमता को विकसित करने में मदद करता है। कार्यक्रम में योग, ध्यान, प्राणायाम और बाल क्रिया शामिल थे। प्रशिक्षण से बच्चों ने परिवार और दोस्तों के साथ जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का तरीका, भोजन से पूर्व प्रार्थना करने एवं खेलों के माध्यम से छात्रों ने नैतिक मूल्यों का महत्व सीखा। इसके द्वारा छात्रों ने तनाव दूर कर आनंद पाने की कला का ज्ञान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने मेडिटेशन के महत्व को बताते हुए कहा कि योग से हमारे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे हम बेहतर जीवन जी सकते हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### महिलाओं में समाजिक जागरूकता लाने को लेकर महिला थाना में बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। महिलाओं में समाजिक जागरूकता लाने को लेकर महिला थाना में बैठक हुई। महिला थाना प्रभारी विंध्यवासिनी सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई तरह की चर्चा हुई। काउंसिलिंग संबंधी व्यवस्थाओं को और भी अच्छी तरह से व्यवस्थित करने की बातें कहीं गयी। आज की स्थिति को देखते हुए समाज में हो रहे कुछ अनियमितता पर चर्चा हुई। आज के युवा वर्ग को जागरूक करने की दिशा पर बल दिया गया। महिलाओं की परेशानी के साथ उसके प्रति जागरूकता की दिशा में कार्य करने की बातें कहीं गयी। प्रभारी के साथ उपसमिति की बैठक में सभा पदाधिकारी ने भी अपनी सहमति के साथ सहयोग देने की बातें कही। बैठक में मुख्य रूप से अन्य पदाधिकारी शामिल हुए पुष्पण कुमारी, संध्या रानी साहा, रजनीश सिंह, जानकी कुमारी, प्रदीप समद आदि लोग शामिल थे।

### निशिकांत दुबे, उनके पुत्र, मनोज तिवारी और एयरपोर्ट डायरेक्टर को हाइकोर्ट से अंतरिम राहत

रांची (आजाद सिपाही)। देवघर एयरपोर्ट में नाइट टेक ऑफ या लैंडिंग की सुविधा नहीं होने के बावजूद शाम में चार्टर्ड प्लेन उड़ा कर दिल्ली जाने से संबंधित मामले में दर्ज एफआइआर को निरस्त करने को लेकर दाखिल याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति एसके द्विवेदी की कोर्ट ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और उनके पुत्र, मनोज तिवारी के अलावा एयरपोर्ट डायरेक्टर को अंतरिम राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट ने मामले में देवघर डीसी, कुंडा थाना प्रभारी, डीएसपी सिक्योरिटी इंचार्ज देवघर एयरपोर्ट को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने चार सप्ताह में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 23 नवंबर को होगी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने पैरवी की।

### एससी-एसटी अत्याचार मामले में चार्जशीट दाखिल होने में विलंब

रांची (आजाद सिपाही)। एससी-एसटी अत्याचार के मामले में पीड़ितों द्वारा दर्ज मामलों में निर्धारित अवधि में चार्जशीट दाखिल नहीं हो पा रहा है। इस वजह से पीड़ित को न्याय मिलने में विलंब हो रहा है। उक्त बातें सामाजिक न्याय एसेंबली में हुए सोशल ऑडिट में सामने निकल कर आयीं। सोशल ऑडिट डॉ रामदयाल मुंडा जनजातीय कल्याण शोध संस्थान में बुधवार को हुई। आयोजन कल्याण शाखा रांची समाहरणालय और सामाजिक न्याय-सशक्तिकरण मंत्रालय भारत सरकार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 संशोधित नियम 2016 विषयक कार्यशाला भी हुई। रिया दादेल ने बताया कि अपनी ससुराल के खिलाफ मैंने एससी-एसटी थाना में मामला दर्ज कराया। सूरज राम ने बताया कि सदर थाना में मेरे साथ अभद्र व्यवहार किया गया। बलराम ने कहा कि खतियान नहीं होने के कारण जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। मौके पर गुरजीत, जेम्स हेरेंज, सस्मीता मौजूद थे।

### बाल विवाह रोकने के लिए सम्मेलन आयोजित

रांची (आजाद सिपाही)। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन ने राज्य के स्वयंसेवी संस्थाओं के साथ सम्मेलन का आयोजन प्रेस क्लब में बुधवार को किया। इस दौरान फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक ओमप्रकाश पाल ने बताया कि खनिज संपदा से भरपूर होने के बावजूद झारखंड की गिनती देश के पिछड़े राज्यों में होती है। राज्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के दंश से पीड़ित है। भारत सरकार की साल 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 3,58,064 लोगों का बाल विवाह हुआ है, जो कि पूरे देश के बाल विवाह का तीन प्रतिशत है।बाल विवाह के मामले में देशभर में झारखंड का 11वां स्थान है। यह आंकड़ा राज्य के लिए चिंता का विषय है।

### 25 दिनों से आंदोलनरत आत्मा कर्मियों पर कोई संज्ञान नहीं

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आत्मा कार्मिक संघ की बैठक बुधवार को हुई। बैठक में जानकारी दी गई की संघ की संबद्धता झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, सत्य देव शाही भवन, रांची से हो गयी। झारखंड राज्य आत्मा कार्मिक संघ द्वारा विगत 3 सितंबर से एकमात्र मांग समायोजन को लेकर पूरे राज्य के आत्मा कर्मचारी राजभवन के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। लेकिन आजतक सरकार के स्तर से कोई भी अधिकारी संज्ञान नहीं लिए, इस कारण संघ के लोग इस उदासीन रवैया के कारण दुखित हैं।संघ के निर्णय के आलोक में गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से प्रोजेक्ट भवन में मुलाकात कर आत्माकर्मी झारखंड के राज्यकर्मियों की तरह सभी सुविधाएं देने के लिए मांग पत्र समर्पित करेगा। बैठक में महामंत्री बिधादित्य हंसदा, एलिजाबेथ तिर्की, अध्यक्ष मोती लाल रजक, सचिव, राजन मिश्र, कोषाध्यक्ष अंजिव कुमार श्रीवास्तव, नजरूल अंसारी सहित कई अन्य मौजूद थे।

## मां कूष्मांडा

पंडित रामदेव पांडेय



नवरात्रि के चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा-आराधना की जाती है। इनकी उपासना से सिद्धियों में निधियों को प्राप्त कर समस्त रोग-शोक दूर होकर आयु-यश में वृद्धि होती है। देवी कूष्मांडा को अष्टभुजा देवी भी कहा जाता है। कूष्मांडा का अर्थ है कुम्हड़े। मां को बलियों में कुम्हड़े की बलि सबसे ज्यादा प्रिय है। इसलिए इन्हें कूष्मांडा देवी कहा जाता है। कूष्मांडा देवी की आठ भुजाएं हैं, जिनमें कमंडल, धनुष-बाण, कमल पुष्प, शंख, चक्र, गदा और सभी सिद्धियों को देने वाली जपमाला है। मां के पास इन सभी चीजों के अलावा हाथ में अमृत कलश भी है। इनका वाहन सिंह है और इनकी भक्ति से आयु, यश और आरोग्य की वृद्धि होती है। कूष्मांडा के दिव्य रूप को मालपुए का भोग लगाकर किसी भी दुर्गा मंदिर में ब्राह्मणों को इसका प्रसाद देना चाहिए। इससे माता की कृपा स्वरूप उनके भक्तों को ज्ञान की प्राप्ति होती है, बुद्धि और कौशल का विकास होता है। देवी को लाल वस्त्र, लाल पुष्प, लाल चूड़ी भी अर्पित करना चाहिए। नवरात्र में इस दिन भी रोज की भांति सबसे पहले कलश की पूजा कर माता कूष्मांडा को नमन करें। इस दिन पूजा में बैठने के लिए हरे रंग के आसन का प्रयोग करना बेहतर होता है। मां कूष्मांडा को इस निवेदन के साथ जल पुष्प अर्पित करें कि, उनके आशीर्वाद से आपका और आपके स्वजनों का स्वास्थ्य अच्छा रहे। अगर आपके घर में कोई लंबे समय से बीमार है तो इस दिन मां से खास निवेदन कर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करनी चाहिए। देवी को पूरे मन से फूल, धूप, गंध, भोग चढ़ाएं। मां कूष्मांडा को विविध प्रकार के फलों का भोग अपनी क्षमतानुसार लगाएं। पूजा के बाद अपने से बड़ों को प्रणाम कर प्रसाद वितरित करें। देवी योग-ध्यान की देवी भी हैं। देवी का यह स्वरूप अन्नपूर्णा का भी है। उदराग्नि को शांत करती हैं। इसलिए, देवी का मानसिक जाप करें।

# महादेवी बिरला नर्सिंग इंस्टीट्यूट में जीएनएम के 11वें बैच का विदाई समारोह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** महादेवी बिरला नर्सिंग इंस्टीट्यूट एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी ए यूनिट ऑफ सरला बिरला यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में बुधवार को जीएनएम के ग्यारहवें बैच के विदाई समारोह का कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गोपाल पाठक, विशिष्ट अतिथि मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ विजय कुमार सिंह, नर्सिंग की डीन डॉ सुबानी बाड़ा, नर्सिंग एवं योगा विभाग के प्रशासक सह समन्वयक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कुलपति प्रोफेसर डॉ गोपाल पाठक ने बताया कि नर्सिंग का कार्य उत्कृष्ट कार्य है। जीएनएम के ग्यारहवां बैच आज अपना कोर्स कंप्लीट कर देश सेवा के लिए तत्पर है। उन्होने सभी के मंगलमय उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से नृत्य, नाट्य मंचन एवं गीत भी शामिल था। मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को शुभ आशीष दिया। इस अवसर पर प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों के किये गये कार्यों को याद किया एवं उनको अपने क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने की कामना की। धन्यवाद ज्ञापन जीएनएम के विद्यार्थी आशीष कुमार पांडे ने दिया, जबकि मंच का संचालन चैताली नायक एवं ज्योति कुमारी ने किया।

# दलबदल मामले में बाबूलाल की याचिका पर सुनवाई 13 को

**विधानसभा की ओर से कहा गया- हाइकोर्ट का इस मामले में आदेश पारित करना उचित नहीं**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दल-बदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखने के खिलाफ दायर याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई जारी रही। विधानसभा की ओर से बुधवार को सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता संजय हेगड़े और झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता अनिल कुमार की ओर से पैरवी की गयी। उनकी ओर से कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायादेश के आलोक में इस याचिका पर हाइकोर्ट की ओर से कोई आदेश पारित करना उचित नहीं है। विधानसभा की ओर से बहस बुधवार को जारी रही। अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को होगी। मामले में प्रार्थी की ओर से दाखिल हस्तक्षेप याचिका पर हाइकोर्ट ने कहा कि इस पर बाद में सुनवाई की जायेगी। पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी की ओर से बहस की गयी थी। उस दौरान विधानसभा की ओर से कोर्ट को बताया गया कि अभी इस मामले में विधानसभा अध्यक्ष के न्यायाधिकरण की ओर से कोई जजमेंट नहीं हुआ है। प्रार्थी के पक्ष में भी फैसला आ सकता है। इसलिए यह याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। वहीं प्रार्थी की ओर से कहा गया कि बिना गवाही कराये ही स्पीकर के न्यायाधिकरण ने फैसला सुरक्षित रखा है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में बाबूलाल मरांडी और प्रदीप यादव के मामले में अलग-अलग तरीके से सुनवाई हो रही है, जो अनुचित है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दाखिल की गयी। यह सुनवाई हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट में हुई। प्रार्थी की ओर वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह और अधिवक्ता विनोद कुमार साहू ने पैरवी की। वहीं विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार ने पैरवी की। रिट याचिका में कहा गया है कि स्पीकर ने नियम संगत सुनवाई नहीं की है। स्पीकर के न्यायाधिकरण में संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत सुनवाई में भेदभाव हो रहा है।

# झारखंड राज्य पारा मेडिकल परिषद ने स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पारा मेडिकल स्टाफ एसोसिएशन झारखंड के तत्वावधान में झारखंड राज्य पारा मेडिकल परिषद का द्वितीय स्थापना दिवस सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को रांची के बरियातू स्थित पारा मेडिकल कॉलेज में स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। एसोसिएशन के अध्यक्ष रामवृक्ष महतो ने सरकार से मांग किया कि 20 सितंबर को पारित झारखंड गजट संख्या 462 को रद्द कर के झारखंड राज्य पारामेडिकल परिषद से पंजीयन होना अनिवार्य के साथ ही पारामेडिकल के सभी पाठ्यक्रमों को जोड़ कर नियमावली बनाने का आग्रह किया। साथ ही इसमें कई विषय छुट गए है उसे जोड़ा जाये। सभी नियुक्तियों में झारखंड राज्य पारामेडिकल परिषद से पंजीयन होना अनिवार्य किया जाये। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड राज्य पारा मेडिकल परिषद के परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ डीके सिन्हा शरीक हुए। सचिव राजु कुमार ने कहा कि सरकार की मिलीभगत से राज्य के सभी सरकारी अस्पतालों में आउटसोर्स एजेंसी द्वारा सरकारी पैसों को लूटा जाता है और पारा चिकित्सा कर्मियों को काफी शोषण दोहन किया जाता है । इस मौके पर कोषाध्यक्ष मुकेश मुर्मू, दिलीप मुर्मू, भरत कुमार, शौकत अली, बिष्णु मांझी, संजीव कुमार मौजूद थे।

## पिछड़ी जातियों के आवासीय/जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्य की समीक्षा

# अधिकारी सेवा भाव से काम करें, पिछड़ी जाति से जुड़े मामलों का करें त्वरित निष्पादन : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने पिछड़ी जातियों से जुड़े कई मामलों को लेकर राजकीय अतिथिशाला सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने पिछड़ी जातियों के जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि पिछड़ी जातियों को जाति प्रमाण पत्र के कारण सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में नामांकन से वंचित न होना पड़े, इसका अधिकारी ध्यान रखें। उन्होंने पदाधिकारियों से जानना चाहा कि पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या का आंकड़ा जिले में संग्रहित है या नहीं।

बैठक के दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने प्रखंडवार अब तक प्राप्त आवेदन, निर्गत प्रमाण पत्र एवं रद्द किये गये आवेदनों और उसके कारणों के संबंध में जानकारी ली। अंचलाधिकारियों ने सदस्य को बताया कि जाति और आवासीय प्रमाण पत्र तय समय पर ही निर्गत कर दिया जाता है।

समीक्षा के क्रम में उन्होंने जानकारी ली कि समय पर आवासीय और जाति प्रमाण पत्र बनता है या नहीं। सभी अंचल अधिकारियों ने इस बाबत अपनी-अपनी रिपोर्ट भी सौंपी।

आयोग के सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने सभी अंचलाधिकारियों से ऐसे मामलों को गंभीरता से लेने और लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य सचिव के के सिंह, अपर समाहर्ता, रांची राजेश बरवार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची दीपक दुबे, उप-समाहर्त्ता भूमि सुधार, रांची राजीव कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला शिक्षा पदाधिकारी कमला सिंह, कार्यपालक दंडाधिकारी सदर साधना जयपुरियार, एसडीओ बुंडू प्रतिनिधि सह कार्यपालक दंडाधिकारी संजय कुमार, जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जयशंकर की दो टूक

पाकिस्तान को एफ-16 लड़ाकू विमानों के नवीकरण के लिए 45 करोड़ डॉलर की मदद देने के अमेरिकी फैसले पर अब तक की सबसे कठोर टिप्पणी करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि आप बेवकूफ किसे बना रहे हैं, सब जानते हैं कि यह पैसा कहां खर्च होने वाला है। जयशंकर ने हालांकि यह टिप्पणी वॉशिंग्टन में अमेरिकी भारतीय समुदाय की ओर से आयोजित एक समारोह में की, लेकिन इसकी अहमियत इस वजह से भी है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने गये विदेश मंत्री उसके बाद भी तीन दिन वहां रुके और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन समेत कई महत्वपूर्ण व्यक्तियों से उनकी मुलाकात हुई। साफ है कि विदेश मंत्री के इस तेवर की झलक उन बैठकों में भी दिखी होगी। और यह तेवर न तो अकारण है न ही अस्वाभाविक। आतंकवाद के सवाल पर पाकिस्तान का लापरवाही भरा रवैया जगजाहिर है। भारत तो इसका मुख्य शिकार रहा ही है, अन्य देश भी इसके गवाह रहे हैं। खुद अमेरिका भी इस पर आपत्ति करता रहा है। 2018 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान को दो अरब डॉलर की सुरक्षा सहायता स्थगित कर दी थी और इसका कारण यही बताया था कि वह अफगान तालिबान और हक्कानी नेटवर्क जैसे आतंकवादी समूहों पर कारगर कार्रवाई नहीं कर पाया है। ना ही, अपने यहां उनके सुरक्षित ठिकाने नष्ट कर पाया है। उसके बाद से यह पहला मौका है, जब अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान सरकार को फॉरेन मिलिट्री सेल मंजूर की है। स्वाभाविक ही सवाल उठता है कि अचानक अमेरिका के रुख में इस बदलाव का कारण क्या है। क्या सचमुच इस बीच पाकिस्तान ने आतंकवाद को लेकर अपना स्टैंड बदलने का कोई ठोस संकेत दिया है? बिल्कुल नहीं। बल्कि, पिछले दिनों एक बार फिर उसने चीन से मिलकर संयुक्त राष्ट्र में लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक आतंकवादी को ब्लैकलिस्ट करने की कोशिश नाकाम करवा दी। ऐसे में एफ-16 लड़ाकू विमान के नाम पर उसे मदद देने का भला क्या अर्थ बनता है। उस पर दावा यह कि इन विमानों के जरिए आतंकवाद विरोधी अभियानों में मदद मिलेगी। विदेश मंत्री जयशंकर ने ठीक ध्यान दिलाया कि अमेरिका पाक रिश्तों का जो स्वरूप अब तक रहा है, उससे न तो पाकिस्तान का कुछ भला हुआ है और न अमेरिका को ही कोई फायदा हुआ है। वक्त का तकाजा है कि इस पर नये सिरे से विचार किया जाये। इसमें कोई दो राय नहीं कि पाकिस्तान या किसी भी देश को लेकर अपनी नीति अमेरिकी सरकार ही तय करेगी, लेकिन मित्र देश होने के नाते उसे उन नीतियों के अच्छे बुरे पहलुओं से अवगत कराना भारत का काम है। और, अपने हितों के हवाले से उन पर जरूरत के मुताबिक अपना रुख नरम या सख्त करना भी।

**इसमें कोई दो राय नहीं कि पाकिस्तान या किसी भी देश को लेकर अपनी नीति अमेरिकी सरकार ही तय करेगी, लेकिन मित्र देश होने के नाते उसे उन नीतियों के अच्छे बुरे पहलुओं से अवगत कराना भारत का काम है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**इस बार के विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक पहल के तहत लाइफ आंदोलन की शुरुआत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए करते हुए कहा था कि 'लाइफ 'के पीछे विचार यह है कि हम एक ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो हमारी धरती के अनुकूल हो और इसे नुकसान ना पहुंचाएं। उन्होंने कहा था- 'लाइफमिशन 'अतीत से सीखता है, वर्तमान में संचालित होता है और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करता है।**

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण 'एक आंदोलन' बन गया



**यमुना टुडू**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार गंभीर कोशिश कर रही है। इसी कोशिश में एक और कड़ी जुड़ गया है; 70 साल बाद भारत में चीते की वापसी का होना। भारत के जंगल में चीते की दोबारा वापसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दुनिया को दिए गए मिशन 'लाइफ' (लाइफस्टाइल फॉर द इन्वायरमेंट) के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में उठाया गया कदम है। इस बार के विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक पहल के तहत लाइफ आंदोलन की शुरुआत वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए करते हुए कहा था कि 'लाइफ 'के पीछे विचार यह है कि हम एक ऐसी जीवनशैली अपनाएं, जो हमारी धरती के अनुकूल हो और इसे नुकसान ना पहुंचाएं। उन्होंने कहा था- 'लाइफमिशन 'अतीत से सीखता है, वर्तमान में संचालित होता है और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करता है। यह नोट करने वाली बात थी कि मौके पर उपस्थित माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के वैश्विक प्रमुख एचिम स्टेनर और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनइपी) के वैश्विक प्रमुख इंगर एंडरसन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए जा रहे भारत के कार्य की सराहना करते हुए कहा था कि भारत 'वैश्विक पर्यावरण पहल का केंद्र 'बन गया है।

**मोदी सरकार की पहल और जनता के संयुक्त प्रयास से जंगल की हरियाली फिर से लौट रही है।**

भारत के लिए बहुत गर्व की बात है कि पिछले साल ग्लास्गो में 26 वें संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (कॉपी 26) के दौरान हमारे प्रधानमंत्री द्वारा ही लाइफ विचार पेश किया गया था और इस विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर मूवमेंट अभियान की लॉन्चिंग हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही किया गया और उन्होंने 'ओनली वन अर्थ' का नारा दिया और अपने इसी नारे पर आगे बढ़ते हुए प्रधानमंत्री ने नामीबिया से आठ चीतों को भारत लाने का पहल किया। मध्यप्रदेश के कुनों राष्ट्रीय उद्यान में नामीबिया से आये चीतों को छोड़ने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इससे 'भारत की प्रकृति प्रेरणा तेजी से जागृत होगी।'



**पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी सरकार की पहलकदमी का ही नतीजा है कि भारत का वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। भारत बायोडायवर्सिटी और वर्ल्ड लाइफ से जुड़ी नीतियों पर चल रहा है, उससे वन्यजीवों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आइये एक नजर सारंडा के जंगल पर डालते है।**

इसमें कोई शक नहीं कि चीते की वापसी धरती के टिकाऊ पर्यावरण के निर्माण की दिशा में एक महत्वकांक्षी कदम है, क्योंकि एक शीर्ष परभक्षी की वापसी ऐतिहासिक विकासवादी संतुलन को बहाल करती है।

चीते की वापसी लुप्तप्राय प्रजातियों और खुले वन पारिस्थितिकी यंत्र सहित उसके शिकार आधार की सुरक्षा को सुनिश्चित करेगी, जो कि कुछ हिस्सों में विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी है।

देखा जाय तो विकास के पश्चिमी मॉडल ने न सिर्फ अनेकानेक प्रजातियों को खतरे में डाला बल्कि पृथ्वी ग्रह के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया है। लेकिन भारत युगों युगों से 'प्रकृति रक्षति रक्षिता' पर विश्वास करता आया है। इसलिए आबादी के आकार और विकास संबंधी जरूरतों के बावजूद बाघ, शेर, घड़ियाल, एशियाई हाथी और एक सींग वाले गैंडे सहित कई महत्वपूर्ण प्रजातियों को संरक्षित करने में हम सक्षम रहे हैं। इधर कुछ वर्षों में भारत प्रोजेक्ट टाइगर, प्रोजेक्ट लायन और प्रोजेक्ट एलिफेंट के साथ बेहद महत्वपूर्ण प्रजातियों की तादाद बढ़ाने में भी भारत समर्थ रहा है।

पर्यावरण के क्षेत्र में मोदी सरकार की पहलकदमी का ही नतीजा है कि भारत का वन क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। भारत बायोडायवर्सिटी और वर्ल्ड लाइफ से जुड़ी नीतियों पर चल रहा है, उससे वन्यजीवों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आइये एक नजर सारंडा के जंगल पर डालते है।

उड़ीसा और झारखंड का पठार क्षेत्र खासकर सारंडा का जंगल, जो भौगोलिक रूप से उड़ीसा और झारखंड की सीमा पर है, जिसे एशिया का सबसे बड़ा जंगल के रूप में भी जाना जाता है। यह जंगल दुर्लभ पक्षियों का घर था, जहां हाथियों का बहुत बड़ा निवास है, लेकिन लगातार जंगलों की कटाई से इस क्षेत्र में कई प्रकार के जीव जंतु भी विलुप्ति के कगार पर था।

इस क्षेत्र में मोदी सरकार की पहल और जनता के संयुक्त प्रयास से जंगल की हरियाली फिर से लौट रही है। दुर्लभ पक्षियों की आवाज फिर से सुनायी दे रहा है। हाथी सहित अन्य वन्य जीव का निवास स्थान के लिए नये सिरे से माहौल बनाया जा रहा है।

माफियाओं द्वारा जंगल की कटाई को रोकने की कोशिश जारी है। क्योंकि अगर जंगल की कटाई को रोक दिया जाये तो जंगल प्राकृतिक तरीके से खुद ही बच सकता है। इसलिए जंगल की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। गांव के लोगों के द्वारा जंगल बचाने का संकल्प लेने से यह हमें प्राणवायु ही नहींस बल्कि सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था करता है। इसलिए उनका संरक्षण संवर्धन में सरकार की पहल के साथ आम लोगों की भागीदारी भी बढ़ी है, जिसे और आगे बढ़ाना चाहिए, उसकी निरंतरता बरकरार रखनी चाहिए।

इस तरह हम देख सकते हैं कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन की दृष्टि से भारत लगातार चौतरफा पहल कदमी ले रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हम सब साधुवाद देना चाहते हैं कि उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले हम जैसे लोगों को जैसे आम लोगों को प्रोत्साहित किया और विभिन्न तरह के पुरस्कारों से नवाजा।

मैं व्यक्तिगत रूप से भी प्रधानमंत्री को धन्यवाद देना चाहूंगी कि मुझे पद्मश्री पुरस्कार देकर मेरे जैसे काम करने वाले अनगिनत लोगों का मनोबल बढ़ाया है। हम कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एक आंदोलन छेड़ दिया है।

**(लेखिका : पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित पर्यावरणविद् हैं।)**

# ईश्वर-साक्षात्कार के सर्वाधिकार का महाप्रसाद

**मंजुलता गुप्ता**

## श्रीश्री लाहिड़ी महाशय के आविर्भाव एवं समाधि दिवस पर एक मधुर स्मृति




'ईश्वर साक्षात्कार आत्मप्रयास से संभव है, वह किसी धार्मिक विश्वास या किसी ब्रह्मांड नायक की मनमानी इच्छा-अनिच्छा पर निर्भर नहीं है।' एक अवतारी पुरुष लाहिड़ी महाशय के ये शब्द जन जन को कितना बड़ा आश्वासन देते हैं! वह एक ऐसे संत थे, जिनके बारे में बहुत अधिक नहीं लिखा गया। हम हृदय से आभार प्रकट करते हैं, एक उत्कृष्ट ग्रंथ 'योगी कथामृत' के लेखक श्रीश्री परमहंस योगानंद का, जिन्होंने अपनी इस पुस्तक के माध्यम से हमें न केवल इन ईश्वर सदृश ऋषि के बारे में जानने का सुअवसर प्रदान किया, अपितु योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया की स्थापना करके उनके द्वारा पुनर्जीवित किये, क्रियायोग का महाप्रसाद सबको वितरित किया।

सर्वव्यापक चेतना के धनी श्रीश्री लाहिड़ी महाशय जी का जन्म 30 सितंबर सन 1828 को एक धर्मनिष्ठ प्राचीन ब्राह्मण कुल में बंगाल के नदिया जिले में घुरनी नामक एक गांव में हुआ था। तीन-चार वर्ष की आयु में ही वे प्रायः बालू में केवल सिर बाहर और शेष सारा शरीर बालू के अंदर रखते हुए एक विशिष्ट योगासन में बैठे हुए दिखाई देते थे। योगी कथामृत से उद्धृत पंक्तियां बताती हैं - '1861 में काशी के एकाकी कोने में एक महान आध्यात्मिक पुनरुत्थान का श्रीगणेश हुआ....जिस प्रकार फूलों की सुगंध को छिपा कर नहीं रखा जा सकता, उसी प्रकार आदर्श गृहस्थ का जीवन चुपचाप व्यतीत करते लाहिड़ी महाशय अपने स्वाभाविक तेज को छुपा कर नहीं रख सके...' इस आध्यात्मिक पुनरुत्थान, क्रियायोग की कुंजी, का प्रादुर्भाव तब हुआ, जब 33 वर्ष की आयु में 1861 में मृत्युंजय महावतार बाबाजी के नाटकीय आह्वान पर लाहिड़ी महाशय की भेंट अपने गुरु से होती है और वे कई कल्पों से लुप्त क्रियायोग का ज्ञान अपने शिष्य लाहिड़ी को देकर हिमालय की कंदराओं में रहने की अनुमति न देकर, शहरों की भीड़भाड़ के बीच रहने के लिए कह देते हैं।

योगानंदजी के ये सुंदर शब्द- 'पौराणिक कथाओं में जिस प्रकार गंगा ने स्वर्ग से पृथ्वी पर उतरकर अपने तृषातुर भक्त भागीरथ को अपने दिव्य जल से संतुष्ट किया, उसी प्रकार क्रियायोग रूपी दिव्य सरिता हिमालय की गुह्य गुफाओं से मनुष्य की कोलाहल भरी बस्तियों की ओर बह चली, क्रियायोग की उपलब्धता की पुष्टि करते हैं।

क्रियायोग का ज्ञान देना उनके जीवन की विशिष्टता थी। वे कहते थे, 'ईश्वरानुभूति के गुब्बारे में प्रतिदिन उड़कर मृत्यु की भावी सूक्ष्मयात्रा के लिए अपने को तैयार करो....क्रियायोग की गुप्त कुंजी के उपयोग द्वारा देह कारगार से मुक्त होकर परमतत्त्व में भाग निकलना सीखो।' इस गृहस्थ योगी ने एक संतुलित जीवन का सर्वोत्तम उदाहरण आज के युग के लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया।

ईश्वर की आंखों में तो वे सिद्धपुरुष थे ही, साथ ही मानव-जीवन के नाटक में भी उन्होंने पूर्ण सफलता प्राप्त की थी। वे मिलिटरी इंजीनियरिंग विभाग में कार्यरत थे जहां उन्हें कई बार पदोन्नति भी मिली थी।

26 सितंबर 1895 में इस योगी ने अपनी भौतिक देह का त्याग किया, तथापि वे कहते थे कि जो भी क्रियायोग का अभ्यास करेंगे, मैं उनके साथ सदा रहूंगा। इस महान योगी द्वारा प्रदान किये गये सुरक्षा कवच, क्रियायोग प्रविधि, जो एक शाश्वत विज्ञान है और गणित के समान सत्य है, को सीखने के लिए पाठक जानकारी वेबसाइट पर ले सकते हैं तथा आर्तनाद और कठिनाई भरे जीवन में सुकून पा सकते हैं।

## जमशेदपुर की खबरें

# भाजपा ने अधिवक्ता, शिक्षाविद एवं व्यापारियों से की प्रधानमंत्री की उपलब्धियों पर चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर गांधी जयंती तक 'सेवा पखवाड़ा' मना रही है। बुधवार को तुलसी भवन में जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष के नेतृत में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो, भाजपा विधि-विभाग के प्रदेश संयोजक राजेश शुक्ला, शिक्षा विभाग के प्रदेश संयोजक डॉ राजीव कुमार समेत शहर के अधिवक्तागण, शिक्षा जगत से जुड़े शिक्षाविद एवं शहर के व्यापारियों ने हिस्सा लिया।

मौके पर भाजपा महानगर की ओर से पीएम नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उपलब्धि को लेकर चर्चा की गई।इस अवसर पर सांसद विद्युत महतो ने कहा दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधान सेवक के रूप में नरेंद्र मोदी के आठ वर्षों की गौरवमयी जनसेवा की यात्रा देश को निराशा के माहौल से निकाल कर विश्वगुरु के पद पर अग्रसर करने जा रही है। संकल्प, समर्पण और सेवा के मार्ग को अपने जीवन का मूल मंत्र मानते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों के उत्थान और राष्ट्र की समृद्धि के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा को चरितार्थ किया है। उन्होंने न केवल देश को दुनिया के अग्रणी देशों की कतार में खड़ा किया, बल्कि भाजपा को भी ह्यसेवा ही संगठन' के रूप में प्रतिस्थापित कर पूरे विश्व में पहचान दिलाई। वर्ष 2014 में जब कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कुशासन, भ्रष्टाचार और अराजकता से परेशान होकर देश की जनता ने अपनी आकांक्षाओं को उड़ान देने के लिए उन्हें चुना, तो उन्होंने प्रधानमंत्री नहीं, बल्कि प्रधान सेवक बनने का संकल्प लिया। जन आकांक्षाओं के आशानुरूप जन-जन की सेवा में पूरे तन-मन से लगे हुए हैं। वहीं, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव ने कहा आज भारतवर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सान्निध्य में आर्थिक और सामाजिक विकास के साथ-साथ हर मोर्चे पर सशक्त महसूस कर रहा है। जन-धन,जन सुरक्षा योजना, मुद्रा योजना, डिजिटल इंडिया, उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, डिजिटल इंडिया, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत, सौभाग्य योजना, आवास योजना, आत्मनिर्भर भारत, वोकल फॉर लोकल जैसी कई अन्य योजनाओं की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरूआत की। जो समाज के सभी वर्गों को वित्तीय समावेशन की गारंटी देने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ है। इस दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर पाठक ने किया।

# बोड़ाम के आमझोर में 228 करोड़ की योजना का विधायक ने किया भूमि पूजन

## 32 हजार परिवारों को मिलेगा शुद्ध पेयजल : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पटमदा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधानसभा स्थित बोड़ाम प्रखंड के आमझोर में ग्रामीणों के लंबे समय की मांग को विधायक मंगल कालिंदी ने शिलान्यास कर ग्रामीणों का विकास की गति को तेज कर दिया। बुधवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के 228 कोरोड़ की लागत से स्वीकृत बोड़ाम पटमदा पेयजल आपूर्ति योजना का विधायक मंगल कालिंदी ने भूमि पूजन व विधिवत रूप से नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। योजना का शिलान्यास होते ही ग्रामीणों की चेहरा देखते ही बन रहा था। मूलभूत सुविधा उपलब्ध होते ही सभी ने विधायक के प्रति आभार जताया। योजना का ठेका श्यान इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड रांची को दिया गया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने बताया योजना के माध्यम से चांडिल डैम से पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति होगी। विधायक मंगल कालिंदी ने बताया ग्रामीणों के लंबे समय की मांग को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल पर पूरा किया गया। इस योजना का लाभ पटमदा- बोड़ाम के 32 हजार परिवारों को मिलेगा। वहीं कंपनी के कर्मचारी केशव चौधरी ने बताया चांडिल डैम से पानी लाकर आमझोर में 20 एमएलडी के क्षमता वाली पानी स्टोर में को स्टॉक किया जाएगा। जहां से पानी को फिल्टर करने के बाद बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न स्थानों में बने 7 टंकी में पानी को सप्लाई किया जायेगा। इसी तरह पटमदा के दिघी गांव में भी साढ़े आठ लाख लीटर पानी क्षमता वाली जलमीनार का निर्माण होगा। वहीं से पटमदा प्रखंड के अन्य गांवों में बनने वाली टंकी में पानी सफ्लाई किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान बोड़ाम प्रखंड अध्यक्ष श्यामापद महतो, छुटुलाल हांसदा,सुभाष कर्मकार, काजल सिंह, हिमांशु महतो, कालीपद महतो, चंद्रशेखर टुडू, अश्विनी महतो, जलन मांडी, विनय मंडल, सिजेन हेम्ब्रम, दयाल महतो समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# चांडिल डैम पुनर्वास कार्यालय के समक्ष बीते नौ दिनों से अनशन पर बैठे विस्थापितों के टेंट में घुसा ट्रैक्टर, पत्रकार सहित नौ लोग घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के चांडिल डैम पुनर्वास कार्यालय के समक्ष बीते नौ दिनों से विस्थापितों ने अपनी मांगों को लेकर अनशन पर बैठा है। बुधवार को विस्थापितों के टेंट में अचानक एक अनियंत्रित ट्रैक्टर घुस जाने से मौके पर मौजूद पत्रकार सहित 9 लोग घायल हो गए। उधर घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पहले स्थानीय अस्पताल लाया गया जहां से सभी को प्राथमिक उपचार के बाद एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में समाचार संकलन कर रहे दो स्थानीय पत्रकार भी शामिल हैं। दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र के विधायक सविता महतो व आजसू केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य हरेलाल महतो मौके पर पहुंचे। वहीं घायलों की स्थिति नाजुक देख जमशेदपुर के टीएमएच रेफर कराया। इचागढ़ विधायक सविता महतो टीएमएच पहुंची और घायलों का हाल जाना। उन्होंने डॉक्टरों से सभी घायलों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराने की का निर्देश दिया।

# ब्राह्मणों को एकजुट करने में जुटी श्री परशुराम शक्ति सेना, सेना का विस्तार

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** शहर के करनडीह शिव मंदिर प्रांगण में श्री परशुराम शक्ति सेना के पुर्वी सिंहभूम जिला कार्यसमिति के बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को जिला अध्यक्ष कौशिक कुमार मिश्रा के नेतृत में आयोजित बैठक में सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अभिषेक पांडेय उपस्थित हुए। मौके पर जिला अध्यक्ष के द्वारा जिला कमेटी में प्रथम चरण का विस्तार एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गयी। बैठक के दौरान सभी के सहमति से कार्यकारी अध्यक्ष गोलू आजाद, संगठन महासचिव कार्तिक झा, महासचिव चंदन पांडेय, उपाध्यक्ष प्राज्वल मिश्रा, राकेश पांडेय, सचिव अंकुश मिश्रा,अखिलेश मिश्रा,अभिषेक शुक्ला, कोषाध्यक्ष लवकुश उपाध्याय, जिला कार्यसमिति सदस्य दीपायन चक्रवर्ती, रोहित तिवारी,रवि दुबे, कौशिक चटर्जी इसके आलावा सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष सुधीर तिवारी, गोविंदपुर सुमित ओझा, परसुडीह अरूप पंडित, बागबेड़ा रोहन पांडेय, बिष्टूपुर मनमोहन तिवारी, घाघीडीह वेद प्रकाश तिवारी को पदभार सौपा गया। सभी पदाधिकारियों को केंद्रीय अध्यक्ष ने पीला अंग वस्त्र पहना का सम्मानित किया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com



**कार्यक्रम :** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने किया रंका, रमकंडा व चिनियां प्रखंड का दौरा, कई कार्यक्रम में हुए शामिल

# करीब 100 पूजा पंडालों को दी सहयोग राशि

> ग्रामीणों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा की असीम कृपा से गढ़वा- रंका विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले का संपूर्ण विकास होगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के रंका, रमकंडा एवं चिनिया प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने कई कार्यक्रमों में भाग लिया। साथ ही विभिन्न गांवों में करीब एक सौ दुर्गा पूजा पंडालों को सहयोग राशि प्रदान किया।

चिनियां प्रखंड के चिनियां बाजार में आयोजित कार्यक्रम में चिनियां, बरवाडीह, हेताड़ कला, बिलैतीखैर, डोल, रनपुरा दुर्गा मंडप में बेता व खुर्री गावों के पूजा पंडालों, रंका प्रखंड के बंदू बाजार, बैरिया, बिश्रामपुर, रमकंडा, टीमन बाजार, रंका थाना मोड़ आदि स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में दूधवल, चुतरु, विश्रामपुर, चुटिया, कटरा, सिरोही खुर्द, सोनदाग, बिराजपुर, बलीगढ़, रमकंडा, उदयपुर, चेटे, हरहे, रक्सी, बाहाहारा, तमगे कला, मानपुर, रंका, कंचनपुर, खरडीहा, सुनार मोहल्ला, सिंजो आदि गांव के करीब एक सौ पूजा पंडाल में मंत्री ने सहयोग राशि प्रदान किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने सभी ग्रामीणों को नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां दुर्गा की असीम कृपा से गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले का संपूर्ण विकास होगा। ऐसी कामना करते हैं। उन्होंने सभी लोगों से शांति और सौहार्द पूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा मनाने की अपील की। मंत्री ने कहा कि गढ़वा बहुत ही शांतिप्रिय एवं भाईचारा का संदेश हमेशा देता है। उन्होंने कहा कि वे अपनी क्षमता के अनुसार हमेशा पूरे क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख, पर्व त्यौहार सब में साथ खड़े रहते हैं। क्षेत्र के लोग ऐसा आशीर्वाद दें कि हमेशा उनके सेवा का मौका मिलता रहे। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला परिषद उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, छोटू सिंह खरवार, अरविंद यादव, कार्तिक पांडेय, आशीष गुप्ता, अहमद अली, राजकिशोर यादव, दिनेश गुप्ता, श्रवण कमलापुरी, कमलेश यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




## नथन चौधरी के घर जाकर परिजनों से मिले मंत्री मिथिलेश, किया आर्थिक सहयोग

मेराल (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल प्रखंड क्षेत्र के भ्रमण के दौरान हासनदाग गांव पहुंचे जहां नथन चौधरी के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया तथा उन्हें न्याय दिलाने का पूरा भरोसा दिलाया। साथ ही परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। उस मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि लखन चौधरी की मृत्यु की घटना से काफी मर्माहत हूं।इसके बाद जो मेराल थाना पर घटना घटी वह काफी दुर्भाग्यपूर्ण था। हासनदाग के भोली भली जनता को उकसा कर प्रायोजित ढंग से घटना करवाया गया। मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि यहां की जनता पत्थरबाज नहीं हो सकती है। उस घटना के दोषी लोग आज भी बाहर घूम रहे हैं, जबकि निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया है। जेल गए लोगो के परिवार के साथ मेरा पूरा सहानुभूति है, सभी लोगों को जेल से निकलवाने का काम करूंगा। मंत्री ने जोर देकर कहा कि घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी, जो लोग निर्दोष फंसे हैं वह सभी लोग बरी होंगे और दोषी लोग बक्से नहीं जाएंगे।

## दो दर्जन से अधिक लोग झामुमो में शामिल, मंत्री ने किया स्वागत

> अब लोगों को भी यह बात समझ में आ रही है कि गढ़वा में विकास कौन कर रहा है : मिथिलेश ठाकुर

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का बुधवार को क्षेत्र भ्रमण के दौरान रंका प्रखंड के विश्रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया। विभिन्न राजनीतिक दलों को छोड़कर झामुमो में शामिल हुए सभी लोगों का मंत्री श्री ठाकुर ने माला पहनाकर स्वागत किया।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आज झामुमो की सरकार एवं उनके विकास कार्यों की देन है कि जिले भर में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में लोग दूसरी पार्टियों को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में आस्था जताते हुए शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। अब आम लोगों एवं दूसरी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को भी यह बात समझ में आ रही है कि गढ़वा में विकास कौन कर रहा है। लोग झामुमो के साथ जुड़कर विकास को और गति देने प्रदान करने में सहयोग कर रहे हैं। इस दौरान सोनपुरवा गांव से भाजपा छोड़कर झामुमो में शामिल होने वालों में अनुप यादव, बलराम यादव, शिवपुजन यादव, अलख यादव, उमेश यादव, मंदीप यादव, फूलेश्वर यादव, प्रभु यादव, लश्कर अंसारी, मजीद अंसारी, एनुल हक अंसारी, असगर अंसारी, ग्यासुद्दीन अंसारी, नंदू कुमार यादव आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, प्रवक्ता धीरज दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पुलिस पर पथराव मामले में जेल गये सभी 19 आरोपियों को मिली जमानत



**बलराम शर्मा**

**गढ़वा।** गढ़वा जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह की अदालत द्वारा मेराल के चर्चित थाना पर हुई घटना के कथित आरोपियों की अर्जी स्वीकार करते हुए पुलिस पर हमला करने के 19 आरोपियों को बुधवार को जमानत मिल गई। बचाव पक्ष की ओर से बहस में हिस्सा लेने वाले वरीय अधिवक्ता एसएन धर दुबे एवं साकेत प्रताप देव के अनुसार हासनदाग गांव के नथन चौधरी के कथित हत्या कांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग एवं थाना प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद की कार्रवाई के विरोध में विगत 20 अगस्त को गांव लोगों ने थाना के सामने सड़क जाम किया था। इसी बीच थाना प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। भीड़ में किसी ने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिससे आक्रोशित पुलिसकर्मियों द्वारा लाठीचार्ज कर दिया जिसमें पुलिस बल के साथ दर्जनों ग्रामीण चोटिल हुए थे। घटना के बाद सरकारी कार्यों में बाधा डालने, जान मारने की नीयत से हमला करने आदि आरोपों के तहत सीओ स्वर्णकार के लिखित बयान पर मेराल थाने में 23 को नामजद तथा 400-500 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। नामजद 23 आरोपियों में 19 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

**परिजनों में खुशी की लहर :** जेल गए सभी 19 लोगों को बेल मिलने पर उनके परिवारों में खुशी की लहर देखी गई। परिजन कयूम अंसारी, तीर्थराज चौबे, अमरदेव चौबे, अशर्फी चौधरी, धर्मेंद्र बैठा, अकलिम अंसारी ने बताया कि बेकसूर लोगों को पुलिस द्वारा जेल भेजा गया था। तीर्थराज चौबे ने कहा की दुर्गा पूजा में सभी बेकसूर लोगों को जमानत मिलने से परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है।

## आरके पब्लिक स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षा फल प्रकाशन सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल अधौरा में बुधवार को अर्द्ध वार्षिक परीक्षा फल प्रकाशन सह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर अभिभावक गोष्ठी को संबोधित करते हुये स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये स्कूल प्रयासरत है। बच्चों की बेहतरी के लिये अभिभावक भी अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि स्कूल में तीन बार परीक्षा ली जाती है। सभी परीक्षा में बच्चों को बेहतर करना जरूरी है। बेहतर करने वाले बच्चे ही टॉप होते हैं। श्री पांडेय ने अभिभावकों से कहा कि वे अपने-अपने बच्चों पर विशेष ध्यान दें, बच्चों की डायरी जरूर चेक करें कि बच्चा होमवर्क करता है या नहीं। उन्होंने कहा कि स्कूल का मेहनत एवं अभिभावकों का बच्चों के प्रति ध्यान ही सफलता में रंग लाता है। कार्यक्रम के अंत में अर्द्ध वार्षिक परीक्षाफल प्रकाशन एवं आरके ट्रस्ट की ओर से आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इसके पूर्व स्कूल की छात्राओं के द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल एलके ओझा, विजय चौबे, ओमप्रकाश पांडेय, बंगाली सिंह, शैलेन्द्र देव, विकास देव, धर्मेन्द्र कुमार, अविनाश कुमार, संजय कुमार, भावना ओझा, माधवी चौबे, अमर कुमार, रुपेश कुमार, प्रीती देव, रविकांत चौबे समेत बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## प्रगति हॉस्पिटल के प्रबंधक बिहार से गिरफ्तार

**कांडी (आजाद सिपाही)।** पुलिस के द्वारा एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। ज्ञात हो कि कांडी पुलिस ने प्रगति हॉस्पिटल के प्रबंधक मुकेश कुमार पिता ज्ञानचंद को बिहार के गया जिला के बेलागंज से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मुकेश कुमार ग्राम मालवा टोला डूहरी, थाना खुदवा, जिला औरंगाबाद, बिहार के रहने वाले हैं। ज्ञात हो कि दिनांक 23/08/2022 को प्रगति अस्पताल में गर्भवती महिला को सफल प्रसव कराने के नाम पर भर्ती कराया गया था, प्रसव के दौरान डॉक्टर की लापरवाही एवं आवश्यक सुविधा के घोर अभाव की वजह से नवजात शिशु की मृत्यु हो गयी थी। उसके पश्चात परिजनों के हो हल्ला किये जाने के बाद चिकित्सा पदाधिकारी रेफरल अस्पताल मझिआंव के द्वारा हॉस्पिटल के संचालक, डॉक्टरों व कर्मियों के विरुद्ध कांडी थाना में मामला दर्ज कराया गया था। अभियुक्त मुकेश कुमार ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। गिरफ्तारी दल में थाना प्रभारी फैज रब्बानी व कांडी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## गढ़वा केमिस्ट एसोसिशन ने मंत्री को औषधि निरीक्षक के क्रियाकलापों से अवगत कराया



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा केमिस्ट एसोसिशन के जिला कमिटी के सदस्यों ने मंत्री मिथलेश ठाकुर से मुलाकात कर औषधि निरीक्षक के क्रिया कलापो से अवगत कराया। कमेटी के सदस्यों ने कहा कि औषधि निरीक्षक से सभी दवा विक्रेता परेशान हैं। ऐसे पदाधिकारी से निजात दिलवाने की मांग एसोसिएशन के सदस्यों ने मंत्री से की। बताते चलें कि जिला एसोसिशन इस ड्रग इंस्पेक्टर के खिलाफ प्रेस कांफ्रेंस कर तथा ज्ञापन के माध्यम स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव, निदेशक प्रमुख, उप निदेशक प्रमुख आदि को भी अपनी परेशानियों से अवगत कराया है। मंत्री को दिये आवेदन में सदस्यों ने कहा कि यदि ड्रग इस्पेक्टर पर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो जिला के सभी केमिस्ट सदस्य एक दिन काला बिल्ला लगाकर अपने-अपने प्रतिष्ठान में बैठ कर ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारी का विरोध करेंगे। मंत्री से मिलने वालों में मुरली गुप्ता सहित कई लोग थे।

## धुरकी प्रखंड कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष का चयन



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी प्रखंड कांग्रेस कमेटी एवं युवा कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष का चयन बुधवार को कार्यालय में किया गया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष के पद पर अरविंद कुमार यादव एवं युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष इकलाख अंसारी को बनाया गया है। इस दौरान दोनों नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष को बीस सूत्री अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने अपने कार्यालय में फूलमाला पहनाकर स्वागत करने के बाद सम्मानित किया। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि ये दोनों पार्टी के विश्वसनीय कार्यकर्ता हैं और पार्टी ने इन पर भरोसा जताया है। वहीं दोनों नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्षों ने कहा कि हम दोनों को पार्टी ने जो जिम्मेवारी सौंपी है उसे हम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूरा करेंगे। नवनिर्वाचिक प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में जो भी समस्या होगी निष्ठापूर्वक निदान करने का काम करेंगे। हम हर गरीब के साथ हैं। कोई गरीब ग्रामीण किसी प्रकार की समस्या लेकर के मेरे पास आते हैं तो उनका हम निदान करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने अध्यक्ष पद मिलने पर सभी को आभार जताया। इस दौरान सदर पंचायत के मुखिया महबूब अंसारी, साबीर अंसारी, विमला देवी, अख्तर अंसारी, रफीक अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रसिद्ध व्यवसायी संजय गुप्ता एवं मनोज गुप्ता की किराना दुकान से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया

> श्री बंशीधर नगर एसडीओ के निर्देश पर भवनाथपुर बीडीओ ने की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर एसडीओ के निर्देश पर भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो ने भवनाथपुर थाना पुलिस के सहयोग छापेमारी कर बाजार क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी संजय गुप्ता एवं मनोज गुप्ता के किराना दुकान से भारी मात्रा में शुद्ध प्लस एवं विमल नामक प्रतिबंधित पान मसाला जब्त किया गया। छापेमारी अभियान की खबर फैलते ही किराना व्यवसायियों में हड़कम्प मच गया।

बाजार क्षेत्र में विभिन्न दुकानों में पान मसाला की बिक्री किये जाने की सूचना पर हुई छापेमारी में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रभारी थाना प्रभारी कुंदन कुमार के संयुक्त नेतृत्व में कर्पूरी चौक से बाजार होते हुए ब्लॉक तक विभिन्न दुकानों में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मनोज गुप्ता के मां विंध्यवासिनी ट्रेडर्स से सात बोरा बिमल एवं दो बोरा शुद्ध प्लस जबकि बाजार स्थित संजय गुप्ता के दुकान से दो बोरा शुद्ध प्लस और बिमल जब्त किया गया है।

इस संबंध में एसडीओ आलोक कुमार ने बताया कि संबंधित दुकानदारों पर नियमसंगत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

## मेराल बाजार में रामलीला कार्यक्रम का आयोजन

> भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय ने किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेराल।** युवा विकास मंच सह महावीर मंडली के द्वारा मेराल बाजार में दुर्गा पूजा के शुभ अवसर पर रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक सह वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम का उद्घाटन उपस्थित अतिथियों एवं गांव के वरिष्ठ लोगों के साथ किया। मौके पर अलखनाथ पांडे ने अपने विचारों को रखा एवं आयोजित रामलीला के कार्यक्रम को देखने आये सभी मेराल बाजार के लोगों से रामलीला को देखकर उसमें घटित सभी घटनाओं को अपने जीवन में उतारने की बात कही। इस कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का सम्मान फूलमाला एवं गमछा देकर किया गया। जहां विशिष्ट अतिथि के रूप में मेराल के थाना प्रभारी नीतीश कुमार जी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे जी, विजय चौबे जी, बृजेश उपाध्याय जी, रोशन दुबे जी, मुन्ना जी, मनोज जी, सुरेंद्र राम जी, सहित सैकड़ों श्रोता गण उपस्थित थे।

## रंका पुलिस ने शराब विक्रेता दुकानदारों को चेताया

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल मुख्यालय थाना पुलिस ने दशहरा के त्यौहार को लेकर थाना क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांव का सघन छापामारी अभियान चलाकर अवैध शराब के देसी जावा महुआ को विनष्ट कर दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए रंका थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि गढ़वा जिला पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा के निर्देश पर रंका थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों में दशहरा पर्व को लेकर शांति व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से जावा महुआ को पुलिस ने विनष्ट कर दिया है। इस क्रम में भंवरी, हॉटदोहर, पंडरापानी, तिसिया, बुढ़ा परास सहित अन्य स्थानों पर पुलिस ने सघनता से जांच की। दर्जनभर कुटीर उद्योग के रूप में परिणत जावा महुआ से शराब बनाने वालों के मंसूबे को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया।

## हाथियों के भय से रात भर जग रहे हैं ग्रामीण

**रंका (आजाद सिपाही)।** अनुमंडल सीमा से सटे रामानुजगंज के नजदीक कनकपुर, तकिया टोला जंगल में 14-15 हाथियों का दल पहुंच चुका है। कनहर नदी पार कर रंका वन क्षेत्र के चुतरू गांव में 10:30 बजे रात्रि में आसपास इन्हें देखा गया है। क्षेत्र के लोग आग जलाकर रात भर जगने को विवश हैं।

**अनियमितता :** जेई की अनुपस्थिति में पीसीसी निर्माण कार्य में बरती जा रही अनियमितता

# नाली गायब, उसके स्थान पर बन रहा गार्डवाल

> पीसीसी निर्माण कार्य में पंडा नदी से मिट्टी युक्त बालू, घटिया किस्म का सीमेंट, अन साइज गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है

**रविकांत चंद्रवंशी**



**केतार।** केतार-खरौंधी मुख्य मार्ग से दासीपुर होते हुए पंडा नदी पुल तक जिला अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत नाली सहित पीसीसी पथ का शिलान्यास गत 25 जुलाई को क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा किया गया था। जिसकी प्राक्कलित राशि करीब 40 लाख है। विधायक के द्वारा सख्त निर्देश दिया गया था कि नाली सहित पीसीसी निर्माण कार्य में अनियमितता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नाम नहीं बताने की शर्त पर ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि पीसीसी निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है।

इस निर्माण कार्य में बिना ईंट बिछाए पीसीसी किया जा रहा है। साथ ही नाली गौण कर कहीं कहीं गार्डवाल का निर्माण करवाया जा रहा है। जो सड़क लेवल से दो से तीन फीट डाउन बनाया जा रहा है। जबकि पीसीसी की ढलाई 3 से 4 इंच की जा रही है। लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्यस्थल पर कभी जेई उपस्थित नहीं रहते हैं। इस पीसीसी निर्माण कार्य में अवैध पंडा नदी से मिट्टी युक्त बालू, घटिया किस्म का सीमेंट, अन साइज गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है।

## इस मामले में क्या कहते हैं जेई चंद्रदीप

इस मामले में विभागीय जेई चंद्रदीप ने बताया कि मैं कार्यस्थल पर कार्य शुरू होने से पहले गया था, पर आवश्यक कार्य की वजह से वापस आ गया। रही बात पीसीसी ढलाई की तो 6 इंच ढलाई करना है। इसके अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है इसलिए इस कार्य को तत्काल बंद करा दिया हूं। जांच के बाद कार्य चालू किया जाएगा। वहीं दूरभाष के माध्यम से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय ने बताया कि अनियमितता के संदर्भ में जांच होगी। दोषी पाये जाने पर अभिकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग**

**ई-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा सं0 :- **RDD/SD/HZB/12/2022-23**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RDD/SD/HZB/12/2022-23 | हजारीबाग जिला के चलकुशा प्रखण्ड में बरसोती नदी पर खौराटांड घाट के पास पुल निर्माण। | 6,24,33,200.00 | 12,48,700.00 | 10000.00 | 24 (चौबीस) माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.10.2022
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय –दिनांक 18.10.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि एवं Affidavit जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 19.10.2022 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान – मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.10.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8986648686 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग के पदनाम से देय हो, देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 278862 Rural Development(22-23)#D

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
08

## तमाड़ की खबरें

## डायन के संदेह में हत्या के पीड़ित परिवार से मिलने पहुंची रांची डालसा की टीम



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारेडीह गांव में डायन के संदेह में सरला देवी नामक एक महिला की परिवार के सदस्यों द्वारा हत्या कर दी गई थी। जिसके परिजनों से मिलने बुधवार को रांची डालासा की टीम उसके घर पहुंची थी। पीड़ित परिवार से मिलकर विधिक सहायता देने के साथ ही गांव मे जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कुरीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया। लगे हाथ डालसा टीम ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। डालसा टीम ने कहा कुरीतियों के चलते दो परिवार बर्बाद हो गये। एक की पत्नी चली गई। तो एक परिवार के दोनों बेटे और बाप आरोपी बनें। इस मौके पर पीएलवी अनिमा मललिक व नंदा नायक उपस्थित थीं।

## सामूहिक प्रयास से ही संस्कृति को बचा सकते हैं : सविता देवी

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** आदिवासी लोहरा व करमाली समाज समन्वय समिति के तत्वावधान में बुधवार को सोनाहातू प्रखंड के पारमजाड़ेया गांव में करम मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सोनाहातू, राहे, सिल्ली, तमाड़ आदि जगहों से नृत्य दल पहुंचे। उनके साथ उपप्रमुख सविता देवी भी खूब थिरकीं। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो जगदीश लोहरा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक हमारी धरोहर है। क्योंकि लुप्त हो रही संस्कृति को बचाने के लिए हमें आगे आने की जरूरत है। हम प्रकृति पूजखों का यह दायित्व है। समारोह को फनीभूषण सिंह मुंडा, समाजसेवी निशिकांत गौंझू, अनिल सिंह मुंडा, काशीनाथ लोहरा, मुखिया नव कृष्ण लोहरा, भूतनाथ सिंह मुंडा और तापस कर्मकार आदि ने भी संबोधित किया।

## बारुडीह-पारमडीह में लगाया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, 75 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले



**राहे (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मानिकचंद्र इंटर कॉलेज परिसर में सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को डॉ राजाराम महतो के सौजन्य से निःशुक्ल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन डॉ राजाराम महतो, डॉ नीना महतो, मुखिया श्याम सिंह मुंडा, पूर्व विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह और पोखलाल चौधरी आदि ने किया। शिविर में लायंस क्लब रांची की ओर से निरामया अस्पताल द्वारा मोतियाबिंद की जांच भी की गई। शिविर में कुल 157 लोगों की जांच की गई, जिसमें 75 लोगों में मोतियाबिंद के लक्षण मिले। जिनका 20 अक्टूबर को निःशुक्ल ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर में डॉ जयराम शर्मा, डॉ जितेंद्र महली, डॉ अलका गाड़ी डॉ हरीदास महतो, डॉ किरण चौधरी, डॉक्टर कोमल, डॉक्टर विवेक ,डॉक्टर सौरङ्गा, डॉक्टर नम्रता, डॉक्टर शांति, डॉक्टर सुल्तान ,स्वास्थ्यकर्मी राधेश सिंह, आशुतोष सिंह, जितेंद्र प्रसाद, ऋतिक गोराई के अलावा एएनएम की टीम ने भी लोगों की जांच की। इस मौके पर सिदाम महतो, खुदीराम मुंडा, चिंता चौधरी, प्रवर महतो, प्रकाश महतो आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## राहे में माकपा ने मनायी शहीद भगत सिंह की 115वीं जयंती

**राहे (आजाद सिपाही)।** माकपा ने शहीद ए आजम भगतसिंह की 115वीं जयंती भगत सिंह चौक पर मनाया गया। माकपा झारखंड राज्य सचिव मंडल सदस्य सह किसान नेता सुफल महतो ने भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि भगत सिंह के रास्ते पर चलकर ही देश में लूट, शोषण, भ्रष्टाचार आदि को मिटाया जा सकता है। उन्होंने महंगाई पर केंद्र सरकार को भी आड़ेहाथ लिया। कहा कि जनता सर्वाधिक महंगाई, बेरोजगारी और निजीकरण की मार से त्रस्त है। सरकार जनहित को ध्यान में रखकर महंगाई पर अंकुश लगाए। इस मौके पर संविधान, लोकतंत्र और देश की रक्षा की शपथ ली गई। वहीं, जिला कमेटी सदस्य जयपाल मुंडा ने कहा कि हर नौजवानों को भगत सिंह बनना होगा। तभी शहीदों के सपनों का भारत बनाया जा सकता है। इस मौके पर रंजित सिंह, गुलाब हजाम, बादल कालिंदी, गणेश प्रजापति, सूरज कालिंदी, विशाल कालिंदी, भोला महतो, नवीन सिंह, विकास कालिंदी उपस्थित थे।

## भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमा का अनावरण



**बुंडू/मुरी(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नवरात्रि टोली स्थित शहीद क्रांतिवीर चौक का उद्घाटन किया गया, मजदूर सेवा संगठन की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की प्रतिमा का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि भगवान बिरसा मुंडा के पौत्र सुखराम मुंडा के अलावा परमेश्वरी शांडिल नगर अध्यक्ष राजेश उरांव, एसडीओ अजय साव उपस्थित थे। परमेश्वरी शांडिल ने कहा कि अमर बलिदानीयों की प्रतिमा का अनावरण करना सौभाग्य की बात है। बतातें चलें कि मजदूर सेवा संगठन की ओर से विगत 23 मार्च को चौक का शिलान्यास किया गया था। इस मौके पर रंजीत लहरी, रविंद्र जयसवाल, कवि नायक पिंटू मोदक, असीत कुंडू, अनुप चेल और ताराचंद मुंडा आदि उपस्थित थे। वहीं, मुरी शहीद चौक बड़ा में माकपा, डीयूएफआई और एसएफआई की ओर से शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि सिल्ली मुरी लोकल कमेटी के सचिव कामरेड अमर महली ने झंडात्तोलन कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज देश की जो परिस्थिति केंद्र सरकार ने बना दी है उसे देख भगत सिंह को पुनः इस देश में जन्म लेना होगा।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीसी ने की दुर्घटनाओं को रोकने पर चर्चा

# कैंप कर विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति करें जागरूक

**हादसे के शिकार पीड़ितों को मुआवजा देने व शिक्षण संस्थानों में कैंप करने के दिये निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** डीसी शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक की गई। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के उपायों की समीक्षा की गई। डीसी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में सड़क दुर्घटना के हिट एंड रन मामले में दिये जा रहे मुआवजे के मामलों की भी समीक्षा की। जिले के चिह्नित सभी ब्लैकस्पॉट के समीप रंबल स्ट्रिप, साइनेज, लगाने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। डीसी ने जिले में घटित सभी दुर्घटनाओं के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करने और दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति या उनके परिजनों को



डीसी शशि रंजन।

मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। बताया गया कि अब तक कुल 63 मामलों में मुआवजा भुगतान किया गया है। इस पर डीसी ने निर्देशित किया कि जल्द से जल्द मुआवजा का भुगदान किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जिला के सभी शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन करते हुए छात्रों को जागरूक किया जाए। इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों व ब्लैक स्पॉट बिरसा मृग विहार, कालामाटी, कर्रा रॉड, खूंटी नगर क्षेत्र तथा अन्य कई स्थानों पर साइनेज और रम्बल स्ट्रिप लगाने का निर्देश दिया। मार्ग में जहां पर घुमावदार सड़क है और ब्लाइंड स्पॉट है वहां से 100 मीटर पूर्व से साइनेज लगाया जाय। उन्होंने मेडिकल इमरजेंसी नम्बर भी प्रदर्शित करने का निर्देश दिया।

### सोशल मीडिया को लेकर प्रशासन ने जारी किये निर्देश

डीसी ने दुर्गा पूजा को लेकर सोशल मीडिया से संबंधित निर्देश जारी किये। कहा कि वर्तमान समय में अधिकतर लोग सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़े हैं। यह सूचनाओं का आदान-प्रदान करने का सबसे सरल माध्यम बन चुका है। ऐसी स्थिति में सोशल मीडिया के माध्यम से गलत अफवाह भरी सूचनाओं, वीडियो क्लिप प्रसारित होने पर गंभीर दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसलिए सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखना आवश्यक है। डीसी ने कहा कि ऐसा देखा जा रहा है कि सोशल मीडिया पर समाचार के नाम पर बने ग्रुप और अन्य नाम से बने ग्रुप पर कभी-कभी ऐसे समाचार, फोटो, वीडियो-ऑडियो प्रेषित कर रहे हैं, जिसकी सत्यता प्रमाणित नहीं है। सूचनाएं कई बार बिना पुष्टि के सीधे कट-पेस्ट/फॉरवर्ड किए जा रहे हैं। इन सभी तथ्यों पर विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। इन सबको ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया के ग्रुप एडमिन एवं सदस्यों के लिए कई निर्देश प्रशासन ने जारी किये हैं। ग्रुप एडमिन वही बनें जो उस ग्रुप के लिए पूर्ण जिम्मेवारी और उत्तरदायित्व का वहन करने में समर्थ हों। अफवाह, भ्रामक सूचना, सामाजिक समरसता के विरुद्ध सूचना पोस्ट होने पर संबंधित थाना को तत्काल सूचना दी जाय।

## ग्रामीणों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर बैठक निवारण के लिए सामूहिक प्रयास का लिया निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के कुंदला पंचायत भवन में बुधवार को किसान जनाधिकार मंच के बैनर तले ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता छोटू लोहरा ने की। उसमें बतौर मुख्य अतिथि मंच के केंद्रीय अध्यक्ष मथुरा प्रसाद साहू और महिला नेत्री रायमनी मुंडा शामिल हुए। इस दौरान गांव की समस्याओं के बारे में विचार विमर्श किया गया। उक्त गांव में नरेगा के तहत डेढ़ लाख रुपये की लागत से बनने वाले कुएं की खुदाई का काम भी अधूरा है। यह योजना 2020-21 का हैं। इसी तरह छोटराय मुंडा का प्रधानमंत्री आवास पूर्ण हो गया है, लेकिन अंतिम भुगतान 18 हजार 450 रुपए के लिए चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, बनमाली मुंडा श्यामा देवी का आवास पूर्ण है लेकिन अंतिम भुगतान के लिए कार्याचलों के चक्कर लगाने को मजबूर है। इसी तरह जीतू मुंडा का आवास लिंटन होने के बाद छोड़ दिया गया है। जिसे ठेकेदार से कराया जा रहा है। इसी तरह कई वृद्ध और विधवाओं के पेंशन एक साल से बंद है। गांव में स्वच्छ पानी पीने के लिए लोग तरस रहे हैं । छह जल मीनार लाखों रुपया खर्च कर बनाए गए हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि सभी खराब पड़े हैं। पिछले दिनों परासी गांव के कैफे संचालक द्वारा उक्त गांव के 36 लोगों का रुपए की निकासी में लाखों रुपए गबन करने की शिकायत है जिसको लेकर तमाड़ थाना में मुकदमा भी दर्ज किया गया है। लेकिन अब तक पुलिसिया कार्रवाई नहीं हो पाई है। अब ग्रामीण साइबर थाना में केस करने का मन बना रहे हैं। बैठक में ग्रामीणों ने कई और ज्वलंत समस्या के बारे में चर्चा की और हर समस्या का मिलजुलकर समाधान करने की बात कहीं। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत करें और प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी बनायें।



जम समस्याओं को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

## डायन के अंधविश्वास में मारी गयी महिला के परिवार की मदद करेगी खूंटी डालसा टीम



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** डायन बिसाही के अंधविश्वास में मारी गई मातंगहादा गांव की नौरी नाग के परिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी मदद करेगा। इसे लेकर खूंटी डालसा की टीम बुधवार को मारंगहादा गांव जाकर मृतक के पति मंगरा नाग और दो पुत्रों संत सिंह नाग और गणेश नाग से मिली। टीम को गांव वालों ने बताया गया कि मंगरा नाग के सगे छोटे भाई ने ही अपनी भाभी को डायन कह कर लाठी से माथे पर मारा था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। डालसा की टीम सभी कानूनी सहायता देने के लिए वहां पहुंची और उनके आवेदन पर नि:शुल्क अधिवक्ता के अलावा राशन और मुआवजा राशि प्रदान करेगा। डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि पीड़ित परिवार को हर संभव न्याय प्रदान किया जाएगा और आर्थिक मदद भी दी जाएगी।

## भाजपा ने किया बुद्धिजीवियों के सम्मेलन का आयोजन

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** भाजपा की ओर से मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को जिला कार्यालय में उपाध्यक्ष कृपा सिंधु बेहरा की अध्यक्षता में प्रबुद्ध जनों एवं बुद्धिजीवियों का सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संगठन के पथ प्रदर्शक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि खूंटी के विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा भी उपर्स्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती दो अक्तूबर तक भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। इसके तहत रक्तदान शिविर, चित्र प्रदर्शनी, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, जल संरक्षण विषय पर प्रपत्र का वितरण, राष्ट्र को टीबी रोग से मुक्त करने के लिए टीबी मरीजों को गोद लिया गया। विधायक ने कहा कि लोकल फोर वोकल के बाद प्रबुद्धजनों एवं बुद्धिजीवियों के सम्मेलन का आयोजन किया गया। कहा कि आप सभी के प्रयास, त्याग, कुर्बानी से भाजपा आज देश की सबसे मजबूत, सशक्त और विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। मेहनत के बल पर ही आज देश में भाजपा की सरकार है। वहीं, बैठक को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कांशी नाथ महतो, मदनमोहन मिश्रा, आदित्य प्रसाद गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया।

## 15 दिवसीय मधुमक्खी पालन शिविर का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** प्रखंड के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ई कंपनी डूंगीरडीह में सामाजिक जनकल्याण कार्यक्रम के तहत 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल और दर्पण सेवा संस्था बुंडू के संयुक्त तत्वधान में 15 दिवसीय मधुमक्खी पालन का समापन किया गया। मौके पर उपस्थित डिप्टी कमांडेंट विजयेंद्र कुमार ने कहा कि अलग-अलग प्रकार के प्रशिक्षण हर वर्ष 26वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के विभिन्न कंपनियों में कराया जाता है।

प्रशिक्षण कराने का सीधा मकसद लोग स्वरोजगार से जुड़ने और मेहनत ईमानदारी से काम कर एक सम्मानजनक जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करने की होती है, ताकि गलत राह में किसी के बहकावे में न जाकर मुख्यधारा से जुड़ें। मधुमक्खी पालन के माध्यम से अपने खेती में भी दोगुणा मुनाफा कमा सकते हैं। साथ ही साथ एक स्थायी आय का स्रोत बनाकर अपने परिवार का अच्छी तरह से भरण पोषण कर सकते हैं। दूसरी ओर, दर्पण सेवा संस्था की ओर से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र और मधुमक्खी पालन के लिए बॉक्स भी दिया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव मंतोष कुमार, प्रशिक्षक सुशिलानंद महाराज, राजेश कुमार सिन्हा, सहायक कमांडेंट सिद्धार्थ सिंह, विशु दास आदि उपस्थित थे।

### आरसीएम साइडिंग में सीसीएल प्रबधंन, मजदूर और पुलिस के बीच हुई त्रिपक्षीय वार्ता

# आरसीएम साइडिंग चौथे दिन हुई चालू

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** आरसीएम साइडिंग बुधवार की देर शाम वार्ता के बाद चालू हो गया है। जिससे सीसीएल पिपरवार प्रबंधन ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार वेतन वृद्धि और बकाया भुगतान की मांग को लेकर आरसीएम साइडिंग में कार्यरत लेबलिंग मजदूरों ने 25 सितंबर से साइडिंग को बंद करा दिया था। इस दौरान प्रबंधन और मजदूरों के बीच कई दौर की वार्ता भी हुई लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। वहीं, मजदूर साईडिंग का काम बंद कर धरने पर बैठे गए। मजदूरों के समर्थन में खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा भी बुधवार की सुबह मौके पर पहुंच गए थे। प्रखंड प्रमुख के साथ स्थानीय ग्रामीण, समाजसेवी और जनप्रतिनिधियों ने भी मजदूरों के बकाया भुगतान एवं वेतन बढ़ोतरी की मांग का समर्थन किया। बुधवार की शाम स्थानीय सीसीएल प्रबंधन, मजदूर और संबंधित कंपनी के बीच त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसमें अस्थाई हल निकालते हुए तय किया गया की दुर्गापूजा-दशहरा को देखते हुए मजदूरों को 10 हजार रुपये तत्काल भुगतान किया जाएगा। स्थायी समाधान के लिए 15 दिन के अंदर महाप्रबंधक की मौजूदगी में बैठक कर मजदूरों की समस्याओं का स्थायी निदान होगा। उधर, वार्ता में मिले सकारात्मक आश्वासन के बाद मजदूर शांत हुए और साइडिंग का काम चौथे दिन चालू हुआ। इस मौके पर अशोका परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, साइडिंग मैनेजर धीर प्रताप सिंह, इंद्रजीत सिंह, कंपनी की ओर से नागेश्वर महतो, उपप्रमुख सुमन देवी, पूर्व उपप्रमुख एतवारा महतो, पंसस बमने मनभावन लोहरा, समाजसेवी अर्जुन महतो, कुंदन प्रताप, मोहन महतो और धर्मनाथ महतो आदि उपस्थित थे।



## महत्वपूर्ण न्यूज

## खलारी के नवनियुक्त कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी का स्वागत



**खलारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बुधवार को बैठक हुई। जिसमें पूर्व कांग्रेस खलारी प्रखंड अध्यक्ष राजेश सिंह मिंटू द्वारा नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी को माला पहनाकर स्वागत किया। अपने संबोधन में राजेश सिंह मिंटु ने कहा कि साबिर अंसारी पुराने एवं अच्छे संगठनकर्ता हैं। कहा कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो अभियान से लोगों में एक उत्साह का संचार हुआ है। आने वाले हर चुनौती का सामना हम सभी मिलकर करेंगे। वहीं साबिर अंसारी को प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने पर तनवीर आलम, गोपाल सिंह, जालिम सिंह, अब्दुल्लाह अंसारी, रंजन सिंह, अरविंद सिंह, बंटी सिंह, सुरेंद्र चौहान, विक्की सिंह, बाबू खान, तहीर अंसारी, मुन्ना देवी, शंकर सिंह, शेख सफीक अंसारी, संजय राम, इशा खातुन, चंचला देवी, राजा केसरी, प्रकाष कुजूर, रमेष चैहान, मनोज यादव, रूपेश मिश्रा, अजय गुप्ता, रवि उरांव, राजेनद्र प्रसाद, राजेश गंझू, पवन सिंह, अशोक महतो आदि ने बधाई दी है।

## उपमुखिया ने किया स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** बेंती पंचायत की उपमुखिया किरण कुमारी ने मजडीहा स्थित स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। साथ ही केंद्र में सुविधा की जानकारी ली। स्थानीय ग्रामीण एवं स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित एएनएम ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र के नजदीक खदान पहुंच गया है और खदान में होने वाले ब्लासिंटग से स्वास्थ्य केंद्र का सोलर क्षतिग्रस्त हो गया है। उपमुखिया ने कहा कि पुरनाडीह प्रबंधन वर्तमान स्थिति को देखते हुए स्वास्थ्य केंद्र और गांव का जल्द विस्थापित करने की दिशा में कार्रवाई करे, ताकि खदान के नजदीक गांव में ब्लासिंटग से कोई नुकसान नहीं हो। इस मौके पर एएनएम फूलकुमारी, ललिता, नलिता, रोहित गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

## राजभाषा पखवाड़ा समापन समारोह सह पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन



**डकरा (आजाद सिपाही)।** उत्तरी कर्णपुरा क्षेत्र में 14 से 28 सितंबर तक चलने वाले राजभाषा पखवाड़ा के तहत बुधवार को महाप्रबंधक कार्यालय एनके क्षेत्र सभागार कक्ष में समापन समारोह सह पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महाप्रबंधक संजय कुमार, संयुक्त सलाहकार समिति सदस्य लल्लन प्रसाद सिंह, एसीसी मेंबरस विनय सिंह, शैलेश कुमार व अन्य वरीय अधिकारियों द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं महाप्रबंधक एवं यूनियन प्रतिनिधियों द्वारा हिंदी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इसकी समृद्धि एवं उपयोगिता पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान यूनियन प्रतिनिधियों ने प्रबंधन से आग्रह किया कि हिंदी उपयोगिता को ज्यादा से ज्यादा कार्यालय के कार्यों में बढ़ाएं, ताकि आम कर्मचारियों के लिए सुलभ और सरल हो सके। साथ ही लोगों को अपनी आवेदन और अन्य टिप्पणी कार्य हिंदी में करने का आग्रह किया गया। इसके अलावा सभी ऑफिशियल सील स्टांप को हिंदी और अंग्रेजी में संयुक्त रूप से बनाने के लिए विभागाध्यक्षों से आग्रह किया गया। इस मौके पर उप महाप्रबंधक कार्मिक एनके सुनील कुमार तिवारी आदि मौजूद थे।

## डकरा में जमसं की बैठक में कमेटियों के पुनर्गठन और विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** जनता मजदूर संघ (जमसं) असंगठित की बैठक बुधवार को यूनियन के डकरा स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता असंगठित के जोनल सचिव प्रताप यादव ने की। इसमें सीसीएल के एनके, पिपरवार, मगध-संघमित्रा, आम्रपाली-चन्द्रगुप्त क्षेत्र के कमेटी के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया। यूनियन के केंद्रीय सचिव कमलेश सिंह ने असंगठित कामगारों के मांगों व रोजगार के विषय पर बात की। इस दौरान नवनियुक्त जोनल सचिव असंगठित संदीप कुमार सिंह का माला पहना कर स्वागत भी किया गया। वहीं, संदीप सिंह ने कहा कि संगठन ने जिस भरोसे व उम्मीद से उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है वे उस पर कायम रहने की भरपूर प्रयास करेंगें। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष गोलटेंन प्रसाद यादव, सचिव डीपी सिंह, आशिष दुबे, पिपरवार क्षेत्रीय अध्यक्ष निर्मल सिंह, अरुण सिंह आनंद सिंह, विकाश दुबे, टुपा महतो आदि थे।

## प्युरेश डेयरी से निकलने वाले गंदा पानी के विरोध में ग्रामीणों ने किया थाना का घेराव



**थाना प्रभारी ने ग्रामीणों और डेयरी के मालिक के बीच समझौता करा कर मामले को शांत कराया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** चकला डुंगरी टोला स्थित प्युरेश डेयरी से निकलने वाले केमिकल से हो रहे पानी प्रदूषण की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा उप प्रमुख रिजवान अंसारी से की गई थी। उप प्रमुख के समझाने के बावजूद प्युरेश डेयरी के द्वारा केमिकल के बहाव को नहीं रोका गया। ग्रामीण इसकी शिकायत लेकर थाना पहुंचे और थाना घेराव करने की बात कर रहे थे। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह के द्वारा ग्रामीणों और प्युरेश डेयरी के मालिक के बीच समझौता कराकर मामले को शांत कराय गया। उप प्रमुख रिजवान अंसारी ने बताया कि प्युरेश डेयरी को 45 दिन की मोहलत दी गई है। पनीर बनाने की फैक्ट्री को अन्यत्र शिफ्ट करे। प्रदूषित पानी की सफाई की व्यवस्था करे। साथ ही डेयरी आने-जाने वाले रास्ते के भी रख रखाव की व्यवस्था करे। ग्रामीणों से कहा गया कि डेयरी आने-जाने वाले मार्ग को बाधित नहीं किया जाए। समझौता होने के बाद ग्रामीण मानें।

## गोंदलीपोखर चौक में पल्लवी लेडीज ब्यूटी पार्लर सह श्रृंगार स्टोर का उदघाटन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गोंदलीपोखर चौक में बुधवार को पल्लवी लेडीज ब्यूटी पार्लर, सिलाई सेंटर सह श्रृंगार स्टोर का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा एवं अनुराधा मुंडा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। बताया गया कि ब्यूटी पार्लर में मसाज, हेयर कटिंग, मेहंदी, दुल्हन सज्जा, सिलाई आदि का काम किया जायेगा। ब्यूटी पार्लर की संचालिका प्रमिला देवी ने कहा कि ग्राहकों की सेवा ही उनका एकमात्र उद्देश्य है। मौके पर संचालिक की सासू मां शांति देवी, पति विरेन्द्र सिंह भोगता, दुलारी देवी, मनीषा कुमारी, सुनैना कुमारी, अभिषेक सिंह भोगता, करम सिंह भोगता, पवन सिंह भोगता, कुणाल सिंह भोगता, डॉ रिझू नायक, शिवशंकर केसरी, अनवर खां, अजय महतो, मनोज कु चैधरी, रामसाय मुण्डा, राजेन्द्र महतो, सिकंदर अंसारी, अजीत महतो, श्रवण चैधरी, दया शंकर, मृत्युंजय महतो, बालकेश, सोनू बाला कुमारी, बर्नाड बरवा, बोरोनिका होरो, संगीता कुमारी, संजय मंडल, संतोष भोगता, चंदना देवी, पण्डित देबू दास गोस्वामी आदि मौजूद थे।

## नगड़ी प्रखंड क्षेत्र में वज्रपात की दो घटनाओं में दो की मौत, एक घायल

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र में वज्रपात की घटना से दो लोगों की मौत हो गयी एवं एक गंभीर रूप से घायल है। दो लोगों की मौत की घटना से पूरे नगड़ी प्रखंड में शोक की लहर फैल गयी। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बंध्या गांव निवासी स्टीफन तिग्गा की पुत्री शशि तिग्गा (24) और साहेर कुम्बा टोली निवासी मंगरा कच्छप का पुत्र बिपिन कच्छप (11) की बुधवार शाम चार बजे अचानक हुई तेज बारिश के साथ वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गयी, जबकि बंधया गांव के ही शिवनाथ लोहरा की पुत्री रीना कुमारी (19) गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसका इलाज नगड़ी हॉस्पिटल में चल रहा है। वज्रपात की घटना के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि चेटे पंचायत के पूर्व मुखिया अजय कच्छप, पुर्व उप प्रमुख प्रेम उरांव, साहेर पंचायत के पंसस गुलरेज अंसारी, साहेर पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, जिकरूला अंसारी ने परिजनों को ढाढ़स बंधाया।

## पंचायत प्रतिनिधि रातू बीडीओ व बीपीओ की कार्यशैली से नाराज



**आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण कराये जाने को लेकर डीडीसी को आवेदन सौंप कर जांच की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** प्रखंड के हुरहुरी पंचायत के गुटुवा टोली में बनने वाले आंगनबाड़ी केंद्र को तारूप पंचायत के उषामातु मौजा में निर्माण कराये जाने को लेकर पंचायत प्रतिनधियों ने बुधवार को डीडीसी को ज्ञापन सौंप कर जांच की मांग की है।

प्रतिनधियों के मुताबिक आंगनबाड़ी केंद्र हुरहुरी पंचायत के मौजा गुटुवा टोली खाता नंबर 33 प्लॉट 99 रकबा 3 डिसमिल में बनाया जाना था। परंतु बीडीओ व बीपीओ मनमानी तरीके से ठेकेदार से मिलकर केंद्र का निर्माण उषामातु में करा रही हैं। इसके लिए न तो ग्राम सभा की गयी और न ही लाभुक समिति बनायी गयी है। इसके अलावा जहां आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जा रहा है वह सुनसान जगह पर है और पोषक पोषक क्षेत्र से बाहर है। वहां एक भी घर नहीं है। फिर भी नियमों को ताक पर रखकर केंद्र का निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

मामले को लेकर मुखिया कमल खलखो, पंचायत समिति सदस्य संजू देवी व वार्ड सदस्य ने मुखिया संघ के अध्यक्ष सुखदेव भगत के नेतृत्व में डीडीसी को ज्ञापन सौंप जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

**कार्यक्रम :** भाजपा का सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन

# नरेंद्र मोदी ने दुनिया में भारत को एक अलग पहचान दिलायी है : आदित्य साहू

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आज तरक्की की बुलंदियों पर है : डॉ अमर कुमार चौधरी**




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा ग्रामीण जिला के तत्वावधान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म जयंती के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत बुधवार को सोहोवती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग अनगड़ा में प्रबुद्धजन एवं बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आदित्य साहू थे, जबकि कार्यक्रम प्रभारी और मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ अमर कुमार चौधरी एवं रामकुमार दुबे उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर की गयी। सम्मेलन में बोलते हुए आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस देश को परम वैभव पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। दुनिया में भारत की एक अलग पहचान बनी है। जब तक देश की बागडोर मोदी जी के हाथों में है तब तक देश की संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा की तरफ कोई भी देश आंख उठाकर नहीं देख सकता है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में बुद्धिजीवी वर्ग का बड़ा योगदान है।

मुख्य वक्ता डॉ अमर कुमार चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज तरक्की की बुलंदियों पर है। भाजपा सरकार ने अनुच्छेद 370 का खत्मा, अयोध्या मे भव्य मंदिर निर्माण, तीन तलाक, लद्धाख व जम्मु कश्मीर को केन्द्र शासित राज्य घोषित करने जैसे कई अभूतपूर्व निर्णय और कार्य किये हैं, जिसको आने वाली पीढ़ियां सदैव याद रखेंगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज अपने सर्वोच्च शिखर पर है जिसका श्रेय कहीं ना कहीं कार्यकर्ताओं के साथ प्रबुद्धजनों को भी जाता है। अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो ने तथा संचालन रामकुमार दुबे ने किया।

सम्मेलन मे पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, डॉ रिझू नायक, आरती कुजूर, जिप सदस्य अनुराधा मुण्डा, सत्यदेव मुण्डा, प्रभुदयाल बड़ाईक, मनोज कुमार चैधरी, रामकुमार पाहन, धीरज महतो, प्रीतम साहू, सुषमा बड़ाईक, अर्चना सिंह, रामसाय मुण्डा, प्रताप कुशवाहा, नीलकंठ चैधरी, राजेन्द्र महतो, ब्रजेश महतो, बिष्णु महतो, शिवशंकर केसरी, कामेश्वर महतो, बनमाली महतो, कमलेश राम, नसीबलाल महतो, राजेन्द्र शाही मुण्डा, गौरीशंकर मुण्डा, सुप्रेस महतो, रामनाथ महतो, दुर्गा महतो, अगमलाल महतो, सुरेश महतो आदि शामिल थे।

## रांची विधायक सीपी सिंह ने किया द्वारिका हॉस्पिटल के नये भवन का उद्घाटन

**ओपीडी एंड डे केयर यूनिट से ग्रामीणों को बहुत जल्द लाभ मिलेगा, यहां 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे : डॉ एस के निराला**



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** द्वारिका हॉस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर महिलौंग टाटीसिलवे में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची विधायक सीपी सिंह ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर आधुनिक सुविधा से लैस नये भवन का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत डॉ एसके निराला एवं मेजर सीमा निराला ने सुंयक्त रूप से शॉल ओढ़ाकर एवं पेन-डायरी देकर किया। रांची विधायक सीपी सिंह ने हॉस्पिटल का निरीक्षण कर मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना, साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य की जितनी भी समस्याएं यहां पर हैं उनको जल्द से जल्द ठीक किया जायेगा। जिससे आम जनमानस को इलाज कराने में कोई असुविधा ना हो।

डॉ एस के निराला ने कहा कि ओपीडी एंड डे केयर यूनिट से ग्रामीणों को बहुत जल्द लाभ मिलेगा, यहां 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डॉ राजेंद्र कुमार हाजरा, डॉ अंटोनी किस्कू, डॉ पीआर बाखला, डॉ उमर, डॉ नसीम, डॉ एनपी सिन्हा, डॉ अत्रि गंगोपाध्याय, डॉ संजय कुमार, समाजसेवी राजदेव सिंह यादव, राष्ट्रीय छात्र कल्ब चिकित्सा मंच शिव किशोर शर्मा, झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो महासंघ अध्यक्ष दिनेश सोनी, टाटीसिलवे थाना प्रभारी महेंद्र करमाली, पूर्व जिला परिषद नामकुम फुलकुमारी देवी, पूर्व बड़ाम मुखिया अंजु कुजूर, उषा मार्टिन प्रसर्नल ऑफीसर, लालगंज मुखिया अनिल लिंडा, आजसू नेता विष्णु कुमार महतो उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीकांत कुमार, देवा पासवान, अजित कुमार, विशुन महतो, सूरज कुमार, विकास कुमार, सिस्टर शांति खलखो, सोनाली खलखो, शितल महतो, किरण कुजूर, रोशनी लकड़ा, सुलेखा, सुषमा, मगदली सहित हॉस्पिटल के कर्मचारी शामिल थे।

## सड़क हादसे में दो महिलाएं घायल, रिम्स रेफर

**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना अंतर्गत एन-एच 75 मुख्य पथ पर स्थित मिशन के निकट बुधवार दोपहर दो बजे हुए सड़क हादसे में दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगांव निवासी सत्तर वर्षीय बिरसामुनि तिग्गा और उसकी बहू पचास वर्षीय भीखो उंराईन अपने पुत्र के साथ स्कूटी में सवार होकर सरगांव से मांडर की ओर आ रहे थे। इसी दौरान उन्हें एक ऑटो ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में सड़क पर गिर कर दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गयीं। हादसे के बाद उन्हें धक्का मारने वाले ऑटो ने ही उन दोनों को ऑटो में लादकर रेफरल अस्पताल पहुंचाया और फरार हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें रिम्स रेफर कर दिया। बिरसा मुन्नी तिग्गा के सिर पर गंभीर चोट है और उसकी स्थिति समाचार लिखे जाने तक काफी नाजुक बनी हुई थी।

## अंजुमन कमेटी रांची शहर के चुनाव में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को प्रतिनिधित्व नहीं दिया जाना पक्षपातपूर्ण रवैया : मुस्तफा अंसारी

**इरबा में अंजुमन इस्लामियां कमेटी ग्रामीण जिला रांची की हुई अहम बैठक**




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** रांची जिला अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के अंजुमन इस्लामियां कमिटी के प्रतिनिधियों एवं प्रबुद्धजनों की एक अहम बैठक बुधवार को इरबा स्थित शांति वन रेस्टोरेंट में हाजी अख्तर अंसारी की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में मुस्लिम समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, सामाजिक एवं राजनीतिक विकास के साथ समाज में दिनोंदिन फैल रही बुराइयों को कैसे रोका जाए, इस पर गहन चिंतन-मनन किया गया। मुख्य वक्ता मुस्तफा अंसारी ने मुस्लिम समाज खासकर किशोर व युवाओं में दिनोंदिन बढ़ रही नशा, अपराध आदि प्रवृत्ति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आज समाज में शिक्षा का स्तर काफी गिर गया है। उन्होंने कहा कि तालिम से ही तरक्की हो सकती है। समाज में शिक्षा की कमी के कारण युवक विभिन्न तरह के अनैतिक कार्यों में लिप्त होकर परिवार के साथ पूरे कौम को बर्बादी की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा पर फोकस करते हुए कहा कि मां-बाप को भी अपनी सोच में परिवर्तन लाना होगा तथा रूढ़ीवादी सोच से उपर उठकर हर हालत में बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देना होगा वरना यह समाज काफी पीछे चला जाएगा। बैठक मे अंजुमन इस्लामियां रांची शहर कमेटी द्वारा चुनाव में ग्रामीण इलाकों के अंजुमन कमेटी के पदाधिकारियों को भागीदारी नहीं दिये जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई। कहा गया कि शहर कमेटी में ग्रामीण कमेटी के लोगों को प्रतिनिधित्व प्रदान नहीं कर सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। निर्णय लिया गया कि पूरे रांची जिला ग्रामीण अंजुमन कमेटी को मिलाकर एक वृहद कमेटी का गठन किया जाएगा। इसको लेकर एक 15 सदस्यीय टीम का भी गठन किया गया। मौके पर अफाक खान, अमालुद्दीन अंसारी, जाकीर खान, मुजीबुल अंसारी, अब्दुल कुदूस, खालीक खान, सिकंदर अंसारी, समशाद अंसारी, इम्तियाज ओहदार, मुस्लिम फैजी, सरीफ अंसारी, मुख्तार अंसारी, साकीर अंसारी, रहीम अंसारी, इब्राहिम अंसारी, अबु रेहान, इकबाल, हाफीज, मनीर, रसीद, मुबारक, सदाम, रब्बानी, सफीकुल्ला, फिरोज, एनुल, एहसान, मुजफर, बसीम, जुल्फिकार सहित विभिन्न प्रखण्डों से सैकड़ों प्रतिनिधि उपस्थित हुए।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## टाइगर क्लब दुर्गा पूजा समिति कलश थीम पर कर रहा पंडाल का निर्माण



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टाइगर कल्ब दुर्गा पूजा समिति आरा गेट में प्रत्येक वर्ष आकर्षक पूजा पंडाल बनाया जाता है और धूमधाम के साथ पूजा होती है। इस वर्ष लगभग साढ़े छह लाख की लागत से कलश के थीम पर पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष छेदी लाल यादव ने बताया कि 1960 ई. से समिति द्वारा भव्य तरीके से लाइट सज्जा के साथ पंडाल निर्माण होता आ रहा है। पहले छोटे स्तर पर पूजा होती थी लेकिन समय के साथ-साथ यहां दुर्गा पूजा भव्य तरीके से होने लगी। बताया कि इस पूजा में मां भगवती का नौ दिनों तक बांग्ला रीति रिवाज के साथ पूजा होती है। बंगाल के पंडा पूजा कराते हैं। ये पूजा पंडाल पूरे ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ टाटीसिलवे से सटे इलाकों के लोगों के लिये मुख्य आकर्षण का केंद्र होता है। कोरोना के कारण पिछले दो सालों से सरकारी गाइडलाइन के कारण पूजा अच्छे से नहीं हो पायी थी, पर इस वर्ष धूमधाम से मनायी जा रही है। पंडाल निर्माण में जुटे बंगाल के कारीगर आदित्य भारती ने बताया कि कलश के थीम पर पूजा पंडाल बनाया जा रहा है। लाइट सज्जा और पंडाल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।

## मांडर में पूजा पंडालों की तैयारियों का पुलिस प्रशासन ने लिया जायजा



**मांडर (आजाद सिपाही)।** मांडर थाना क्षेत्र अंतर्गत मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर सात स्थानों पर पूजा-अर्चना की जाती है। मांडर अंचलाधिकारी विजय हेमराज खलखो, पुलिस निरीक्षक संजीव कुमार और मांडर थाना प्रभारी विनय कुमार यादव के साथ बुधवार को टांगर बंसली, बीसहा खटंगा, बूढ़ा खुखरा, चूंद, ब्रांबे, मांडर और सोसई में बन रहे पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। साथ ही सभी पूजा समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर शांति और उल्लास के साथ पूजा मनाने की बात कही। सभी को वरीय पदाधिकारी के द्वारा प्राप्त निर्देशों से अवगत भी कराया गया।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं को दी गयी कानून की जानकारी

**मांडर (आजाद सिपाही)।** रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव के निर्देश पर बुधवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मांडर में लीगल लिट्रेसी क्लब में बच्चियों को विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी दी गई। पीएलवी सुमन ठाकुर ने बाल विवाह अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, डायन प्रथा, शिक्षा के अधिकार अधिनियम आदि के बारे में जानकारी दी। साथ ही झालसा के द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई। मौके पर वार्डन इंदू लकड़ा, श्वेता कुमारी, जुगनी आदि मौजूद थे।

## भाजपा नेता के पिता के निधन पर कार्यकर्ताओं ने स्वजनों से मिल कर शोक संवेदना व्यक्त की



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** नरकोपी मंडल के मूरतो पंचायत के चचकोपी गांव के भाजपा बूथ अध्यक्ष महेश राम के पिता सुखदेव राम का पिछले दिनों निधन हो गया था। उनके निधन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। शोक संवेदना व्यक्त करने वाले में नरकोपी मंडल अध्यक्ष सुखदेव कच्छप मंडल महामंत्री राजेश साहू बेड़ो मंडल महामंत्री बलराम सिंह और एससी मोर्चा अध्यक्ष बिंदेश्वर राम सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महादानी मंदिर में तीसरे दिन की गयी भगवती के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** दुर्गोत्सव के अवसर पर आयोजित बेड़ो महादानी मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां भगवती के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की आराधना की गई। जहां परिसर में नौ दिवसीय चल रहे राम चरित्र मानस पाठ में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। वहीं डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता की अगुवाई में एकल अभियान के तहत श्री हरि सत्संग समिति झारखंड प्रदेश के गीता कुमारी, सुमित्रा गोप, सोनी कुमारी, सुमति बिरवा, सावित्री सोय, कामेश्वर सिंह, हरिलाल तुरी व उनके सहयोगी द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से रामचरित्र मानस पाठ का किया जा रहा है। जहां राम चरित्र मानस नवाह्न पाठ को सुनने के लिए प्रतिदिन काफी संख्या में लोग जुट रहे हैं। वहीं दुर्गा मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र के अवसर में कलश स्थापित कर मां दुर्गा का पाठ किया जा रहा है। संध्या में माता का आरती का आयोजन किया गया।

## पूजा पंडाल सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में

**रातू (आजाद सिपाही)।** रातू थाना क्षेत्र में शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने के लिए मंगलवार को थाना स्तरीय दुर्गा पूजा पंडाल समिति की बैठक आयोजित की गई। प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएसपी प्रवीण कुमार ने पूजा को लेकर समितियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि पूजा पंडाल में सुरक्षा की कड़े इंतजाम किये जाएंगे। सीसीटीवी की निगरानी में पूजा अर्चना करायी जायेगी। पूजा पंडाल समितियों के वोलेंटियरों को आईकार्ड भी दिया जायेगा। पूजा के दौरान शराब की बिक्री पूर्ण तरीके से बंद रहेगी। 5 अक्टूबर को मूर्ति विषर्जन किया जायेगा। झखराटांड़, कटहल मोड व महादेव टंगरा में रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में थानेदार आभाष कुमार के अलावे विवेक सिंह, दिल बोधन साहू, विनोद कुमार शिवचरण महतो, संतोष कुमार, दामोदर नाथ मिश्र, मिथिलेश कुमार दुबे, वैभव नाथ शाहदेव व अन्य लोग शामिल थे।

# एक शिक्षक स्कूल में बच्चों को पढ़ाने के बजाय इस्लाम धर्म का कर रहा प्रचार

## अभिभावकों में रोष, किया विरोध, मामला बिश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय का




**मेदिनीनगर (आजाद सिपासही)।** बिश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित + 2 जानता उच्च विद्यालय का एक शिक्षक इरफान अंसारी बच्चों को पढ़ाने के बजाए इस्लाम धर्म का प्रचार कर रहा है। इतना ही नहीं शिक्षक इरफान अंसारी स्कूली बच्चों के बीच इस्लाम धर्म का पुस्तक भी जबरन पढ़ने को दे रहा है। इस्लामिक पुस्तक नही पढ़ने पर बच्चों के प्रताड़ित भी करता है। शिक्षक का यह कारनामा लंबे समय से चल रहा है। लेकिन बदनामी के डर व विवाद से दूर रहने की प्रवृति के कारण विद्यालय प्रबंधन अब तक चुप्पी साधे हुए था। लेकिन आज यह बात अभिभावकों व स्थानीय लोगों को पता चल गया। हुआ यूं कि स्थानीय पूजा कमेटी के सदस्य और कुछ स्थानीय लोग स्कूल गए तो शिक्षक इरफान अंसारी ने इन्हे भी इस्लाम धर्म का पुस्तक देकर मुस्लिम धर्म अपनाने को कहा। जिसके बाद पूजा कमेटी के सदस्य और स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। लोगों ने स्कूल के मुख्य द्वार के सामने हंगामा भी किया। प्राचार्य भोला राय के समझाने बुझाने के बाद अभिभावक व ग्रामीण स्कूल से तो वापस आ गए,लेकिन ग्रामीण व अभिभावक इस मामले को लेकर पलामू उपायुक्त और जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिलकर शिक्षक इरफान अंसारी पर कार्रवाई की मांग करेंगे।

**पहले भी एक बार हो चुका है विवाद**

शिक्षक इरफान अंसारी इस्लाम के प्रचार हेतु एक बार पहले भी विवाद में घिरा हुआ था। जब वह हिंदू बच्चों को जबरन उर्दू पढ़ा रहा था। उर्दू नही पढ़ने वाले बच्चों को उसने मारापिटा भी था। तब भी हिंदू बच्चों के अभिभावकों ने हंगामा किया था। बाद में प्राचार्य द्वारा शिक्षक इरफान अंसारी पर विभागीय कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद मामला शांत हो गया था।

**पसंद नहीं है तो वापस कर दीजिए पुस्तक : इरफान**

विवादित शिक्षक इरफान अंसारी ने इस्लामिक पुस्तक बांटने का बात स्वीकार किया। इसे वह गलत भी नहीं मान रहा। उसने कहा कि अगर इस्लाम धर्म का पुस्तक किसी को पसंद नहीं आ रहा है तो वापस कर दें.मुझे जो करना है,वह मैं कर रहा हूं।

**कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा जायेगा : प्राचार्य**

प्राचार्य भोला राय ने कहा कि मामला संज्ञान में आने के बाद शिक्षक इरफान अंसारी को फटकार लगाया गया है,कार्रवाई के लिए विभाग को लिखा जायेगा।

# नवयुवक संघ ने नौ दिवसीय जागरण का किया आयोजन

**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** नवरात्र शुरू हो चुका है, चारों ओर भक्ति की धारा प्रवाह हो रही है। पूरा सतबरवा प्रखंड में भक्तिमय का माहौल हो गया है।इसी पावन मौके पर सतबरवा के नवयुवक संघ के द्वारा श्री राम चरित्र मानस नवाह परायण यज्ञ के 31वे अधिवेशन का आयोजन किया गया है। साथ ही नौ दिवसीय भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। जिसमें रात्रि 9:00 बजे से रेणुकूट से आए कलाकारों के द्वारा मां दुर्गा, शंकर,पार्वती और राधा कृष्ण की एक से बढ़कर एक झांकी प्रस्तुत किया जाता है। वही भक्ति गानों पर श्रद्धालु झूम उठते हैं। समिति के अध्यक्ष गुड्डू प्रसाद ने बताया कि पिछले 30 वर्षों से नवयुवक संघ के द्वारा श्रीरामचरितमानस नवाह परायण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है इस पावन अवसर पर पहले हम लोग प्रवचन का कार्यक्रम करवाते थे और अब भक्ति जागरण का आयोजन करते हैं। इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक होती है। साथ ही दिन में श्री रामचरितमानस का पाठ किया जाता है और श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हैं।

# प्राथमिकता के आधार पर किये जा रहे हैं विकास कार्य : नगर अध्यक्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के सिद्धनाथ गेट से शहीद भगत सिंह महाविद्यालय तक सड़क मरम्मती कार्य का शिलान्यास नगर अध्यक्ष शशि कुमार, नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी, वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल व अखिलेश यादव ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि सिद्धनाथ गेट से शहीद भगत सिंह महाविद्यालय तक सड़क की स्थिति काफी जर्जर हो चुकी थी।जिससे उक्त क्षेत्र से जुड़े लोगों को आने जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। पथ का मरम्मती हो जाने से इसका सीधा लाभ यहां के लोगो को मिलेगा। उन्होंने कहा की प्राथमिकता के आधार पर शहर के विकास कार्यो को धरातल पर उतारा जा रहा है।उन्होंने कहा कि शहर के उत्थान के लिए शहर में कई बिकास योजनाएं संचालित की जा रही है।मौके पर नगर उपाध्यक्ष ग्यासुसुदीन सिद्दीकी ने कहा कि हम सभी नगर प्रतिनिधि शहर के बिकास के लिए कटिबद्ध है।उक्त सड़क में गड्ढों के कारण हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती थी मरम्मती हो जाने से जपला-नबीनगर जाने वाले लोगो व इससे जुड़े आम लोगो को काफी सुविधा होगा। उन्होंने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास हम सबो की प्राथमिकता है।मौके पर उदय सोनी, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

# महावीर जी भवन में रामचरितमानस परायण यज्ञ से बह रही है भक्ति की बयार



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के महावीर जी भवन परिसर में आयोजित 42 वाँ रामचरितमानस परायण महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार से शहर में भक्ति की बयार है। सरकारी गाइडलाइंस के अनुरूप मानस नगरी से पधारे आचार्य धर्मराज पाण्डेय के नेतृत्व में महायज्ञ जारी है। जिसमे सहायक पाठ कर्ता के रूप में सौरभ पाण्डेय,नवनित मिश्रा, संजय पाठक, रविंद्र मिश्रा, मधुकर मिश्रा, अमोद मिश्रा, पियूष मिश्रा, शिवम पाण्डेय शामिल हैं। मुख्य यजमान के रूप में संतोष कुमार व उनकी धर्मपत्नी रिंकी देवी शामिलएक ओर आचार्यो द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से शहर में भक्ति की बयार है। वही संध्या आरती में श्रद्धालु उपस्थित हो कर सुखमय जीवन की कामना कर रहे है। संध्या आरती में आचार्य धर्मराज पांडेय ने कहा कि आज विश्व स्तर पर आपसी प्रेम व समन्वय का क्षरण हो रहा है। प्रेम ही वह धुरी है जो मानवीय मूल्यों को जीवित रखा है। हम सभी को मानवीय मूल्यों को आत्मसात कर मानव जीवन की कल्याण के लिये समर्पित होना होगा।मौजूदा दौर में मानवीय संवेदनाओं को को बरकरार रखने की जरूरत है।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल, संतोष कुमार, सूरज प्रसाद गुप्ता,मनीष,पप्पू, कल्लू, आदि सक्रिय हैं।

# यूट्यूब पर रिलीज हुई शार्ट फिल्म जहर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय व शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉ राहुल अग्रवाल ने बुधवार को मासूम आर्ट ग्रुप के बैनर तले निर्मित हिंदी शार्ट फिल्म जहर का पोस्टर जारी करते हुए इसे यूट्यूब पर रिलीज किया। इस फिल्म के जरिये डॉ राहुल अग्रवाल फिल्मी दुनिया में कदम रखा।फिल्म जारी करते हुए डां अग्रवाल ने कहा कि स्कूल में उन्होंने कई नाटकों का हिस्सा हुआ करते थे। फिल्म में अभिनय करने की बात कही गयी तो उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। उन्होंने कहा की पलामू में काफी संभावना है व वे आगे भी फिल्मों में काम करना जारी रखेंगे। मासूम के अध्यक्ष विनोद पांडेय ने कहा की आने वाले समय में उनकी संस्था लगातार कई शार्ट फिल्म बनाएंगी जिसमे स्थानीय कलाकारों को मौका दिया जाएगा। फिल्म जहर के रिलीज होते ही इसे दर्शकों की तारीफ मिल रही है।खास कर राजा सिन्हा द्वारा गया गया गीत धुआँ-धुआँ सा को लोग खूब पसंद कर रहे है।इसके बोल सैकत चट्टोपाध्याय ने लिखा है। कहानी संजीत प्रजापति व पटकथा विनोद पांडेय की है। इसके सह निर्देशक उज्जवल सिन्हा है। फिल्म के डीओपी, एडिटर व डाइरेक्टर सैकत चट्टोपाध्याय है। श्री चट्टोपाध्याय ने बताया की डॉ अग्रवाल फिल्म में डॉ अतुल त्यागी की भूमिका में दिखेंगे। नंदिनी सिंह ने मुन्नी की भूमिका निभाई है, मुन्नी की माँ की भूमिका में प्रतिष्ठित अभिनेत्री मुनमुन चक्रवर्ती व पिता की भूमिका में अशोक दुबे है। कामरूप सिन्हा,अमर भांजा, राज प्रतिक पाल, मोहम्मद सद्दाम, आकर्ष प्रताप सहित करीब 23 कलाकार इस फिल्म में कई भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# पांकी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**पांकी (आजाद सिपाही)।** पांकी थाना परिसर में बुधवार की संध्या दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक ढंग से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पांकी सीओ निर्भय कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में मनाये जा रहे दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था एवं कार्यक्रमों की जानकारी पूजा कमेटी के अध्यक्षों से ली गई एवं उन्हें शांतिपूर्वक एवं निर्धारित समयावधि में कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि प्रखंड के सभी समुदाय के लोग हमेशा से एकजुटता का परिचय देते हुए सभी त्यौहार मनाते हैं ठीक उसी प्रकार से इस वर्ष भी दुर्गा पूजा शांतिपूर्वक ढंग से मनाना हम सब की जिम्मेवारी है। थाना प्रभारी अमित सोनी ने पूजा कमेटी के अध्यक्षों को निर्धारित समय अवधि में मूर्ति विसर्जन करने एवं किसी तरह के अफवाह की सूचना तत्काल थाने को देने की बातें कही। बैठक में जिला परिषद सदस्य निधि सिंह, खुशबू कुमारी, उप प्रमुख अमित चौहान, पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद, उपेंद्र गुप्ता, मनोज सिन्हा, पानपति देवी, अनीता लोहरा, बिंदा देवी, नेहाल अंसारी, रफीक अंसारी, लोकनाथ यादव, निरंजन यादव, राकेश गुप्ता, ब्रिज देव, मिंटी वर्मा, जसवंत कुमार वर्मा सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# हत्या को अंजाम देने जा रहे एक नाबालिग समेत पांच आरोपित गिरफ्तार

- विश्वकर्मा पूजा के दिन हुआ था विवाद
- तीन लोडेड देसी कट्टा बरामद, मोटरसाइकल जब्त



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** शहर थाना पुलिस की सक्रियता से सोमवार की रात अपराधियों द्वारा एक युवक की हत्या की योजना को विफल कर दिया गया। पुलिस ने इस मामले में तीन लोडेड देसी कट्टा सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इनमे एक नाबालिक भी शामिल है। यह जानकारी पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को दी है। बताया कि सोमवार की रात टीओपी एक प्रभारी सअनि रेवाशंकर राणा द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान विष्णुदेव दुबे रोड में संदिग्ध अवस्था में भागने के क्रम में दो मोटर साईकिल सवार में से एक मोटर साईकिल पर सवार युवक को घेरकर दबोच लिया। बाद में तलाशी के दौरान मोटर साईकिल पर सवार तीन में से दो युवकों के पास से अवैध रूप से रखे लोडेड देशी कट्टा बरामद किए गए। पुलिस टीम ने अपाची मोटर साईकिल को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी। इस बीच दूसरे मोटर साईकिल पर फरार दो अन्य युवकों मे से एक युवक को दूसरे जगह से पकड़ लिया गया। इसके पास से भी अवैध देशी लोडेड कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में युवक द्वारा बताया गया कि फरार साथी अमित चन्द्रवंशी का विश्वकर्मा पूजा के दिन पप्पू (काल्पनिक नाम) नामक युवक से हुए झगड़ा का बदला लेने के लिये सभी उसे मारने के लिये जा रहे थे । इस हत्या को अंजाम देने के लिये एक देशी कट्टा कारतूस बंटी राईन द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस ने बंटी राईन को भी छापामारी के क्रम में गिरफ्तार किया गया है। बंटी का पूर्व में भी अपराधिक रिकार्ड रहा है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपितों में विकास ठाकुर पुलिस लाईन हमीदगंज, हिमांशु गुप्ता, बीएन कालेज कंदाखांड़, बंटी राईन पहाड़ी मुहल्ला शमशान घाट, अनुराग चंद्रवंशी विवेकानंद चौक व एक नाबालिक शामिल है। वहीं अमित चंद्रवंशी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। अभियान में शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा, रवि शंकर, रेवाशंकर राणा, राकेश कुमार सिंह, शिवानन्द यादव, जावेद अंसारी मुख्य थे।

# हरिहरगंज थाना में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक



**हरिहरगंज /पलामू (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में बुधवार को पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में इलाके भर में दुर्गा पूजा शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न पूजा समिति के अध्यक्ष, सदस्य समेत बड़ी संख्या में दोनों समुदायों के लोग शामिल हुए । बैठक में एसडीपीओ, सीओ और बीडीओ ने दुर्गा पूजा का त्योहार मिलजुल शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। इस दौरान किसी भी प्रकार की कोई परेशानी होने पर तुरंत पुलिस-प्रशासन को सूचित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी करने वाले बक्से नहीं जाएँगे। ऐसे लोगों के खिलाफ ना सिर्फ पुलिस सख्ती से निपटेगी। बल्कि, गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। बैठक में छत्तरपुर डीएसपी अजय कुमार, बीडीओ जयप्रकाश नारायण,सीओ बासुदेव राय, एसआई अनूप कुमार, रंजीत कुमार, महावीर एक्का, रेणुका टूड्डू, गुलटन, शिव शंकर उरांव, मिस्त्री, एएसआई संजय कुमार सिंह,ओमप्रकाश अकेला, भोला गुप्ता, जीप प्रतिनिधि राजेश राम, अरुण स्वर्णकार, राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, कमलेश कुमार यादव, मुन्ना विश्वकर्मा,अतहर हुसैन, सूरजमल राम, शीलू सिंह, बल्लू बलराम, अजीत सिंह, मुस्लिम अंसारी, सुशील कुमार रवी,उदय सिंह, सत्येंद्र भुईया , अमित कुमार सिंह, करण राजवीर, रामजी पासवान,अवधेश मेहता, शमशाद अंसारी, गंगा जयसवाल, पंकज जयसवाल,, रामजी प्रसाद, महताब साहिल,डोमन पासवान, मो इरशाद,पिंटू यादव, महेंद्र यादव,संतोष प्रसाद,जीतेंद्र विश्वकर्मा, अखिलेश गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# सभी बूथों पर कार्यकर्ता बनायें: त्रिपाठी




**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़े कार्यक्रम के तहत 28 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर कार्यसमिति बैठक भाजपा जिला कार्यालय में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई।मंच संचालन जिला महामंत्री एवं ग्रामीण मंडल के प्रभारी श्याम बाबू ने किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी उपस्थित हुए।कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने मंडल कमेटी की पूरी जानकारी प्राप्त किया तथा उन्होंने बारीकी से संगठन मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी बूथों पर जाकर कार्यकताओं को जोड़ा जाए।हर पंचायत, हर शक्ति केंद्र से मंडल मोर्चा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को छोड़ने की आवश्यकता है। श्री त्रिपाठी ने सभी मोर्चा अध्यक्ष से कमीटी की विस्तृत रूप से जानकारी मांगा। एवं कार्यकताओं की विस्तार पर बल दिया।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ने मंडल के द्वारा किए गए कार्यों के जानकारी मुख्य अतिथि को दिया। मंडल अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा द्वारा निर्धारित सभी कार्यक्रमों को ग्रामीण मंडल पूरी तन्मयता के साथ पूरा करती है। ग्रामीण मंडल अंतर्गत 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुना गया। सांसद विष्णु दयाल राम ने बूथों एवं शक्ति केंद्रों की मजबूती पर बल दिया एवं कार्यकताओं से कहा कि संगठन का और विस्तार करने की आवश्यकता है। विधायक आलोक चौरसिया ने संगठन के विस्तार पर बल दिया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन भाजपा के जिला अध्यक्ष विजय आनंद पाठक ने किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता परशुराम ओझा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उदय शुक्ला,अजय तिवारी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, लवली गुप्ता, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, पिछड़ी मोर्चा के जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जनजाति के अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, जिला के मीडिया प्रभारी संतोष सिंह,सोशल मीडिया संयोजक सुनील सिंह, मंडल के उपाध्यक्ष छोटू सिंह, रोशन कुमार, प्रभात तिवारी, महामंत्री शुभक तिवारी, अलख दुबे उर्फ छोटू, कोषाध्यक्ष अमर मिश्रा, ब्रजेश कुमार तिवारी उर्फ बबलू, अजय तिवारी, मीडिया प्रभारी मनोरंजन तिवारी, नरेंद्र मेहता, रविन्द्र ठाकुर, श्रीकांत तिवारी, रविन्द्र तिवारी, मुकेश प्रजापति, चंदु चन्द्रवंशी, संतोष कुमार शुक्ला, राकेश कुमार तिवारी, महिला मंडल मोर्चा सुमन सिंह सहित मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# संगठन विस्तार की योजना बना रहा हार्ड कोर माओवादी गिरफ्तार

- पीपुल्स वार ग्रुप से ही सक्रिय था माओवादी अमरनाथ



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू पुलिस ने मंगलवार को पांडू थाना क्षेत्र के ढांचाबार से प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के खूंखार दस्ता सदस्य अमरनाथ चमार उर्फ अमर जी उर्फ सेवक राम को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़ा हार्ड कोर उग्रवादी वर्ष 2001 से पीपुल्स वार ग्रुप में गढ़वा क्षेत्र में सक्रिय था। पूर्व में यह कुख्यात पृथ्वी दुसाध के दस्ते व पलामू के पूर्व सांसद रहे कामेश्वर बैठा के दस्ते में सक्रिय था । पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमरनाथ अपने घर ढांचा बार आकर प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के लिए कैडर तैयार करने की कोशिश में लगा है। इसी सूचना के आधार पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार वर्ष 2001 के 10 जून को यूपी के सोनभद्र में स्थानीय पुलिस व नगर उंटारी पुलिस के साथ हुए जबरदस्त मुठभेड़ में भी यह शामिल था। इसके अलावे यह नक्सलियों के द्वारा आमजनता से किये गये हत्याकांड एवं अन्य कई कांडों में संलिप्त था। बाद में पीपुल्स वार ग्रुप के एमसीसी में विलय हो जाने के बाद यह भाकपा माओवादी संगठन में हार्डकोर उग्रवादी में इसकी गिनती की जाती थी। नौ मई को 2005 को यह ग्राम पीपरी कला, थाना नगर उटारी, जिला गढ़वा में बच्चु सिंह के घर पर हुए जानलेवा हमला व लूटपाट में शामिल था। इस घटना में एक चौकीदार को भी मारकर अधमरा कर दिया था। पुलिस के पूछताछ में इसने कई अहम जानकारी दी है।

# युवाओं को भगत सिंह के पदचिह्नों पर चलने की आवश्यकता है : अविनाश देव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** बुधवार को संत मरियम स्कूल के नवाहाता प्रांगण में सरदार भगत सिंह की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम भगत सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस अवसर पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि आज के युवाओं को भगत सिंह के पद चिन्ह पर चलने की आवश्यकता है। भगत सिंह को जॉन सॉन्डर्स और चन्नन सिंह की हत्या का दोषी ठहराया गया था, और मार्च 1931 में 23 वर्ष की आयु में उन्हें फांसी दे दी गई थी। उनकी मृत्यु के बाद वे एक लोकप्रिय लोक नायक बन गए। जवाहरलाल नेहरू ने उनके बारे में लिखा ःभगत सिंह अपने आतंकवाद के कृत्य के कारण लोकप्रिय नहीं हुए, बल्कि इस लिए कि वे लाला लाजपत राय के सम्मान को और उनके माध्यम से राष्ट्र के लिए, एक प्रतीक बन गए। चंद्रशेखर आजाद जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के सानिध्य में अनेक विषम परिस्थितियां होने के बावजूद देश की स्वतंत्रता के लिए इन्होने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आज के युवा 23 वर्ष की उम्र में नौकरी की तलाश, या किसी फर्म में कार्य करते हुए या अन्य कार्य में संलग्न होते हैं परंतु उनकी दूरदर्शी सोच से प्रारंभिक अवस्था से ही देश की आजादी में खुद को तपा कर अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा लिया। तात्पर्य यह है कि वर्तमान समय के परिदृश्य के अनुसार युवाओं के सार्थक सोच से ही देश की तस्वीर बदलती है और इसे इन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर सही साबित कर दिया। कम समय में ही पूरे देश में ख्याति प्राप्त होकर अंग्रेजो के लिए सरदर्द बन गए। अंततः अंग्रेजों ने 23 वर्ष की उम्र में इन्हे फांसी पर लटका दिया। हम सभी को इनके आदर्श, देश हित में दूरगामी सोच को जीवन में आत्मसात करके उनके पद चिन्हों पर चलने का सदैव प्रयास करना चाहिए। स्कूल में इस पुण्य मौके पर गरीब बच्चों के लिए नर नारायण सेवा संस्थान को स्कूल परिवार की ओर से ढेर सारे कपड़े डोनेट किया गया।

## स्पोर्ट्स



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 में सूर्यकुमार ने 35 गेंदों में 69 रनों की मैच जीताउ पारी खेली थी

# आइसीसी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे सूर्यकुमार यादव, बाबर आजम को छोड़ा पीछे



**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव आईसीसी टी-20 रैंकिंग में दो स्थान की बढ़त के दूसरे स्थान पर पहुंच गए है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी-20 में सूर्यकुमार ने 35 गेंदों में 69 रनों की मैच जीताउ पारी खेली थी, जिसका फायदा उन्हें रैंकिंग में मिला। इससे पहले, सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी-20 में 25 गेंदों में 46 रन बनाकर रैंकिंग में बाबर आजम को पीछे छोड़ते हुए तीसरा स्थान हासिल किया था, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 में शानदार शतक लगाने के बाद बाबर फिर से उनसे आगे निकल गए, लेकिन सूर्यकुमार एक बार फिर बाबर को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया है। सूर्यकुमार के 801 रेटिंग अंक हैं, जबकि बाबर के 799 अंक हैं। चौथे नंबर पर एडन मार्करम हैं, जिनके 792 अंक हैं। शीर्ष पर पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान हैं, जिनके 861 अंक हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा एक पायदान के फायदे से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि मैथ्यू वेड छह पायदान के फायदे से 62वें, कैमरन ग्रीन 31 पायदान के फायदे से 67वे) और टिम डेविड 202 पायदान के फायदे से 109वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्रीन और डेविड ने श्रृंखला के अंतिम मैच में अर्धशतक लगाया था। गेंदबाजों की सूची में भारत के स्पिनर अक्षर पटेल 33वें से 18वें स्थान पर और युजवेंद्र चहल 28वें से 26वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। वहीं दूसरे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के तबरेज शम्सी, तीसरे स्थान पर इंग्लैंड के आदिल राशिद और चौथे स्थान पर अफगानिस्तान के राशिद खान हैं।

# 36 वें राष्ट्रीय खेल के उद्घाटन में झारखंड का लोकप्रिय पाइका नृत्य दिखायी देगा



**रांची (आजाद सिपाही)।** 36 राष्ट्रीय खेल के उद्घाटन में 29 सितंबर को गुजरात के अहमदाबाद में कला कुंज ग्रुप मनातू कमड़े रांची के कलाकार झारखंड के लोकप्रिय नृत्य पाइका प्रस्तुत करेंगे। कला कुंज ग्रुप के सदस्य संदीप ठाकुर की अगुवाई में अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। ग्रुप लीडर दीनबंधु ठाकुर ने बताया कि यह झारखंड के लिए सौभाग्य की बात है कि झारखंड के लोकप्रिय नृत्य पाइका की प्रस्तुति के लिए कला कुंज ग्रुप को आमंत्रित किया गया है। झारखंड की संस्कृति को प्रदर्शित करने का यह एक सुनहरा अवसर है। इससे झारखंड की संस्कृति और पाइका नृत्य का प्रचार-प्रसार भी होगा। इस टीम में संदीप ठाकुर, जगलाल महतो, परमेश्वर महतो, जीत वाहन महतो, बजरंगी नायक, राजकुमार नायक, छोटन नायक,आनंद ठाकुर, राजाराम महतो, कपिल नायक, निरंजन महतो, प्रीतम नायक, बालेश्वर नायक, मंटू लोहरा,रामू नायक, राजनाथ लोहरा आदि शामिल हैं।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### बोकारो बीजीएच में चिकित्सकों की लापरवाही से किशोर की मौत, परिजनों ने किया हंगामा



बोकारो (आजाद सिपाही)। चिकित्सकों की लापरवाही और बोकारो जनरल अस्पताल की कुव्यवस्था के चलते बुधवार को एक और मासूम की मौत हो गई। मृतक की पहचान सरोज कुमार (17) के रूप में हुई है। वह दुग्दा का रहने वाला था। कथित रूप से पहले से अस्पताल में भर्ती लेने में आनाकानी उसके बाद ईलाज में विलंब के चारण मनोज की मौत हुई है। जानकारी के मुताबिक सांप के कारण के कारण बेहतह इलाज की उम्मीद में स्वजनों ने उसे बीजीएच में भर्ती कराया था। जहां सीसीयू में ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि मंगलवार को जब उसे अस्पताल लेकर आए तो डॉक्टरों ने पहले तो उसे भर्ती लेने से ही साफ इन्कार कर दिया। फिर करीब ढाई घंटे की जद्दोजहद के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया। उसके बाद भी समय पर इलाज शुरू नहीं किया गया। जिस कारण जहर पूरे शरीर में फैल गया। चिकित्सकों बाद में उसे वेंटिलेटर पर रखा, जहां बुधवार तड़के उसकी मौत हो गई। खबर लिखे जाने तक मृतक के परिजनों ने अस्पताल पर चिकित्सका में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शव लेने से इन्कार कर न्याय की मांग के लिए हंगामा कर रहे थे।

### जनवादी नौजवान सभा लोदना कमेटी ने मनाई शहीद भगत सिंह की जयंती

झरिया/महुदा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनवादी नौजवान सभा (डीवाइएफआइ) लोदना एरिया कमेटी के बैनर तले बुधवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोदना क्षेत्रीय कमेटी के अध्यक्ष प्रजा पासवान ने किया। कॉमरेड सुरेश प्रसाद गुप्ता ने शहीद भगत सिंह की जीवनी पर विशेष चर्चा करते हुए बताया कि किस प्रकार से अंग्रेजी हुकूमत से देश को आजादी दिलाने में भगत सिंह ने महज 23 साल की उम्र में ही अपने प्राण न्योछावर कर दिए। इस मौके पर संतोष कुमार पासवान, कुंदन पासवान, सूरज पासवान, नीरज पासवान, कुंदन पासवान, कुणाल पासवान, भगवानदास पासवान, रामवृक्ष धारी, विनोद धारी, जादू पासवान, सुभाष बावरी, हेमंत बावरी, अनुज पासवान, आजाद खान, रोशन परवीन, अली अहमद व जगदीश पासवान आदि उपस्थित थे। दूसरी ओर, ग्राम पंचायत सचिवालय सभागार में बुधवार को युवा भारत के बैनर तले शहीद ए आजम भगत सिंह की 115वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान भगत सिंह के जीवन चरित्र पर चर्चा करते हुए आज के समय में उनके विचारों की क्या मूल्य है इस पर चर्चा की गई। अपने संबोधन में युवा भारत के राष्ट्रीय समन्वयक उमेश कुमार तुरी ने कहा कि आज भी भगत सिंह के विचार प्रासंगिक है।

### इएसएल की सीएसआर टीम ने लोगों के बीच किया 10 हजार वृक्षों का वितरण




बोकारो (आजाद सिपाही)। इएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर टीम ने 15 दिनों तक वृक्षारोपण अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने नौ पंचायतों और नंद घरों में लगभग 10 हजार फलदार वृक्षों का वितरण किया है। आयोजन का लक्ष्य आसपास के क्षेत्र में वनीकरण और हरियाली को बढ़ावा देने के साथ ही पर्यावरण के संतुलन को बनाएं रखना था। इस अभियान की सहायता से भिन्न क्षेत्रों में घटते पेड़ों की संख्या को बढ़ाने में सहयोग होगा और गांव के लोगों द्वारा इन पेड़ों की देख-रेख की जाएगी। सीएसआर टीम ने विचारपूर्वक फल देने वाले पेड़ों का चुनाव किया, ताकि ग्रीन कवर के अलावा यह ग्रामीणों के आमदनी का भी साधन बने। कंपनी और सीएसआर टीम ऐसे अनेक प्रयासों से लोगों का समर्थन करती है जिससे उनको आय उत्पन्न करने और उनकी जीविका के उत्थान में सहयोग मिलता है।

### लोयाबाद में होटल में चोरी, दो हिरासत में

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। सेंद्रा कोलियरी कार्यालय के समीप स्थित पुनम स्वीट्स नामक होटल से मंगलवार की रात 17 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन चोरी हो गई थी। इसकी सूचना पाकर थाना प्रभारी विकास कुमार यादव मौके पर पहुंचे और मामले की जांच की है। लगे हाथ संदेह के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। हालांकि इस बाबत होटल संचालन सुरेश राम ने थाने में कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है। उसने बताया कि पूजा में अधिक मिठाई बनाने व अन्य सामग्री खरीदने के लिए बैंक से 15 हजार रुपये निकाले थे। जबकि गल्ले में पहले से दो हजार रुपये मौजूद थे। बुधवार की सुबह जब उनका बड़ा भाई दुकान खोलने पहुंचा तो चोरों द्वारा पैसे ले लिए जाने की जानकारी हुई। चोर छत के सहारे दुकान में प्रवेश किए थे। सुरेश ने स्थानीय दो नशेड़ी युवकों पर घटना को अंजाम देने का संदेत व्यक्त किया। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

भाजपा ने बुद्धिजीवी सम्मेलन कर केंद्र सरकार के विकास कार्यों पर की चर्चा

# मानसिक रूप से हार चुका है विपक्ष उसकी बौखलाहट प्रमाण:बिरंची

कार्यकर्ताओं से की केंद्र सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने की अपील

आजाद सिपाही संवाददाता




सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित भाजपा के प्रबुद्ध व बुद्धिजीवियों के सम्मेलन को संबोधित करते विधायक बिरंची नारायण।

बोकारो। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत बुधवार को चास नगर निगम स्थित नवीन कोऑपरेटिव सभागार में बोकारो जिला भाजपा के प्रबुद्धजन व बुद्धिजीवियों का सम्मेलन हुआ। इसमें उद्योगपति, व्यापारी, डॉक्टर और अधिवक्ता समेत तमाम वर्ग के लोग शामिल हुए। सम्मेलन में बोकारो के औद्योगिक विकास के साथ ही आर्थिक उन्नति पर भी चचाझ हुई। इससे पहले अतिथियों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए सम्मेलन की शुरूआत की। कार्यक्रम में उपस्थित बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला किया। कहा कि कांग्रेस ने सही नियत से काम किया होता तो आज हम अमेरिका जैसे उन्नत देश से भी आगे होते। उन्होंने विपक्षियों की आलोचना करते हुए कहा कि हारी हुई मानसिकता से चुनाव नहीं जीता जा सकता। विपक्ष मानसिक रूप से हार चुका है। यह उसकी बौखलाहट से साफ हो चुका है। विधायक ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों का बिगुल फूंकते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को सभी वर्ग-तबके के लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं, पूर्व जिलाध्यक्ष रोहितलाल सिंह ने कहा कि चाहे विपक्ष जितना भी एकजुट हो जाए केंद्र में पुनः भाजपा की ही सरकार बनेगी। आदिवासी, दलित, पिछड़ा, व सामान्य वर्ग के साथ-साथ सभी वर्गों के लोग विकास के मुद्दे पर एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही देश का नेतृत्व सौंपेंगे। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश राय और संचालन महामंत्री संजय त्यागी ने की। मौके पर संयोजक मुकुल ओझा, केके मुन्ना, दिलीप श्रीवास्तव, जयनारायण मरांडी, महेंद्र राय, त्रिलोकी सिंह, वीणा देवी और आरके सिंह आदि मौजूद थे।

## पीएम मोदी की अगुवाई में देश का हो रहा विकास: राज सिन्हा



झरिया (आजाद सिपाही)। सेवा पखवाड़ा के तहत बुधवार को झरिया कतरास मोड़ स्थित भाजपा कार्यालय में प्रबुद्धजन और बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन हुआ। जहां धनबाद विधायक राज सिन्हा, भाजपा नेत्री रागिनी सिंह, नगर अध्यक्ष अरुण साव, डॉ नरेश प्रसाद, डॉ अशोक कुमार, डॉ मनोज सिंह और बलदेव पांडेय ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष उमेश यादव और संचालन ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शैलेश सिंह चंद्रवंशी ने किया। अपने संबोधन में विधायक राज सिन्हा समेत वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने देश का कायाकल्प कर दिया है। पीए मोदी की अगुवाई में देश का लगातार विकास हो रहा है। वहीं सीमाओं की रक्षा व विश्वस्तरीय मुद्दों पर सक्रियता से देश का गौरव व स्वाभिमान बढ़ा है। वहीं रागिनी सिंह ने पीएम मोदी द्वारा देश के बेहतह नेतृत्व की सराहना की। वक्ताओं ने राम मंदिर निर्माण, अनुछेद 370 का विलोपन, सर्जिकल स्ट्राइक, जनसरोकार से जुड़ी योजनाओं की भी चर्चा की। इस मौके पर अखिलेश सिंह, श्रवण राय, उमेश यादव, सत्यदेव सिंह, पूनम देवी, अभिषेक पांडेय, राजाराम पासवान, संतोष शर्मा, मयुरी त्रिवेदी, राज किशोर जेना, दिलीप भारती, स्वरूप भट्टाचार्य, अरिंदम बनर्जी, श्रवण राम, राहुल सोनी और शुभम गुप्ता आदि मौजूद थे।

### बिजली सुधार के लिए अधिकारियों ने किया निरीक्षण

नावाडीह/बेरमो (आजा दसिपाही)। नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भेंडरा, सहरिया, बाराडीह, परसबनी एवं दहियारी में विद्युत आपूर्ति को बेहतर सुविधा बनाने के लिए राजाटांड में पावर सब स्टेशन का निर्माण करने एवं अन्य समस्याओं का निष्पादन किया। जिसमें भेंडरा पीएचसी के बगल में पावर सब स्टेशन के लिए स्थल का चयन किया गया। विद्युत आपूर्ति विभाग के सहायक अभियंता पप्पू कुमार, जूनियर इंजीनियर कुन्नू राम टुडू ने स्थल का निरीक्षण किया एवं भेंडरा गांव का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने जर्जर तार एवं पोल बदलने का उनसे आग्रह किया। मौके पर मुखिया नरेश विश्वकर्मा, पूर्व मुखिया रामपुकार प्रसाद, मुरलीधर सिंह, मुन्ना खान, नरेश रविदास आदि उपस्थित थे।

## मजदूर-युवाओं के लिए जमसं सदैव तत्पर : रागिनी

कतरास धारकिरों के दर्जनों युवा जमसं में शामिल, रागिनी सिंह पर जताई आस्था

आजाद सिपाही संवाददाता



जमसं में शामिल होने वाले युवाओं का स्वागत करतीं राहिनी सिंह।

धनबाद। जनता मजदूर संघ (जमसं) सदैव मजदूरों के हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहा है। संघ से जुड़े किसी भी सदस्य को जब भी जरूरत पड़ी है सहयोग दिया गया है। युवाओं को रोजगार दिलाने को लेकर जमसं लगातार आक्रामक रहा है। जिले में कोई भी आउटसोर्सिंग कंपनी कार्य करने आयेगी तो उनका स्वागत है लेकिन स्थानीय युवाओं और जमसं को नजरंदाज करना बर्दास्त नहीं दिया जाएगा है। उक्त बातें जमसं की संयुक्त महामंत्री सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कही। वे बुधवार को संगठन में शामिल होने सिंह मेंशन आवासीय कार्यालय पहुंचे कतरास कांकोमोड़ धारकिरों के दर्जनों युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए संबोधित कर रही थीं।

वहीं, अमित गुप्ता के नेतृत्व में दर्जनों युवाओं ने जनता मजदूर संघ की संयुक्त महामंत्री रागिनी सिंह पर अपनी आस्था व्यक्त करते हुए जमसं में शामिल हो गए। इस पर रागिनी सिंह ने माला पहनाकर युवाओं का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर अमर महतो, कंचन महतो, उत्तम महतो, रिंकू खान, पंकज साव, रोहित रवानी, संजय राम, प्रशांत मंडल, राजू मंडल, सनी राव, बैजू महतो, अभिषेक कुमार, सुनील सिंह और दामोदर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गुमला**

**सूचना**

महिलाओं की सुरक्षा व बचाव के लिए झारखण्ड पुलिस की एक पहल है 'शक्ति'। यह एक एंडरोएड (Anroid) आधारित मोबाईल एप्लीकेशन है, इस एप्लीकेशन की मदद से महिलाएँ किसी भी आपात स्थिति में सीधे पुलिस नियंत्रण कक्ष तथा साथ ही उनके रिश्तेदारों/दोस्तों के मोबाईल फोन पर मुसीबत में होने की सूचना भेज सकती है।

सबसे पहले अपने एंडरोएड मोबाईल फोन में इस एप्प को डाउनलोड व इन्स्टॉल करें। फिर, अपने नाम, मोबाईल नंबर तथा कम से कम तीन रिश्तेदारों/मित्रों के नाम व मोबाईल नंबर पंजीकृत करें।

पंजीकृत यूजर अपने मोबाईल फोन की होम स्क्रीन पर मौजूद 'हेल्प' बटन को स्पर्श कर अलर्ट भेज सकेगी। जैसी ही 'हेल्प' बटन स्पर्श किया जायेगा ठीक उसी समय पुलिस नियंत्रण कक्ष के साथ ही उनके रिश्तेदारों/दोस्तों के लिए एक अलर्ट सन्देश भेज दिया जायेगा।

इस एप्लीकेशन और सेवा का उपयोग केवल संकट के समय ही किया जाना है। झूठी रिपोर्टिंग और किसी भी तरह के दुरूपयोग करने पर कानून के तहत् दंण्डनीय होगा।

निवेदक
गुमला पुलिस

PR 278762 (Police)22-23*D

## फुसरो दुर्गा मंडप में देवी व असुरों में दिखेगी संग्राम की झलक

आजाद सिपाही संवाददाता



फुसरो/बेरमो। दुर्गापूजा का खूमार पूरे बेरमो कोलयांचल में चढ़ने लगा है। बेरमो के हृदय स्थली कहे जाने वाले फुसरो बाजार स्थित न्यू स्टार क्लब दुर्गा मंडप में नवरात्र दुर्गा पूजा को लेकर भव्य तैयारी की जा रही है। इस बार मंडप में आदि शक्ति मां दुर्गा एवं बअसुर महिषासुर के बीच संग्राम की तैयारी की जा रही है। जिसे लेकर हजारीबाग के मुख्य मूर्तिकार संजय प्रजापति द्वारा राजन कुमार, विनोद राजू, सुमन, देवकी प्रजापति आदि कलाकार मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुटे है। कलाकारों ने बताया कि इस बार पंडाल में भव्य एवं आकर्षित माता दुर्गा एवं अन्य मूर्तियां देखने को मिलेगी। एक तरफ माता दुर्गा की देवी- देवताओं की शक्तियां तथा दूसरी ओर असुरों की बलशाली शक्तियां आमने-सामने होंगे। पूजा आयोजन में दुर्गा मंदिर के यजमान शिव कुमार सिन्हा, पंडित श्रीकांत शास्त्री के अलावा धर्मेंद्र सिंह, प्रकाश राइका, सुशांत राईका, अनिल गुप्ता आदि सक्रिय भूमिका में हैं।

**कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 22/2022–23**

| | | |
|---|---|---|
| 1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग। |
| 2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि | :– | दिनांक 10.10.22 को 10:00 पूर्वाह्न से 3:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 11.10.22 को 3:00 बजे अपराह्न तक। |
| 4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 11.10.22 को 4:00 बजे अपराह्न से |
| 5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग। |
| 6. निविदा प्राप्ति का स्थान | :– | नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग। |
| 7. निविदा खोलने का स्थान | :– | जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग। |
| 8. मद का नाम | :– | जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट |

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | सदर | उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रोला के उन्नयन हेतु विविध कार्य। | 3966300.00 | 5000.00 | 80000.00 | छः माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 278772 District(22-23)D

तैयारियां : ऐतिहासिक कोयला नगरी झरिया में दुर्गोत्सव का उत्साह चरम पर

# भव्य पूजा पंडाल निर्माण को लेकर तैयारियों में जुटी पूजा समितियां

दुर्गापूजा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने भी कसी कमर

आजाद सिपाही संवाददाता





झरिया में विभिन्न जगहों पर निर्माणाधीन मां दुर्गा का पूजा पंडाल

झरिया। शारदीय नवरात्रि पर कोयलानगरी झरिया में दुगार्पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं। नौ दिनों तक होने वाली मां दुर्गा की पूजा धूमधाम से शुरू हो चुकी है। बाजार में भी चहल पहल बढ़ गई है। विभिन्न पूजा कमेटियों ने पंडालों का निर्माण तेज कर दिया है। पूजा आयोजन को लेकर पंडाल बनाने वाले कारीगर दिन-रात कार्य में जुटे हुए हैं। पूरे विधि-विधान से पूजा निर्विघ्न संपन्न हो इसे लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने भी कमर कस ली है। डीसी की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में पूजा समितियों की समस्या को भी जाना गया। प्रोटोकाल के तहत मंदिर, पूजा पंडाल कमेटियों व श्रद्धालुओं को पूरी तरह से नियमों का पालन करना अनिवार्य किया गया है। मंदिर व पंडाल परिसर में भीड़भाड़ पर नियंत्रण रखने का विशेष दिया गया है। झरिया के दर्जनों स्थानों पर पूजा आयोजन की भव्य तैयारी की जा रही है। हालांकि मौसम विभाग के पूजा के दौरान बारिश के पूवार्नुमान ने पूजा आयोजकों की चिंता बढ़ा दी है।

### फुलारीबाग में बन रहा काल्पनिक शिव मंदिर

झरिया के फुलारीबाग स्थित श्री वीर भीम दल दुगार्पूजा समिति द्वारा इस वर्ष काल्पनिक शिव मंदिर की प्रतिआकृति पर पंडाल निर्माण कराचा जा रहा है। इस पर करीब तीन लाख रुपये खर्च आयेगा। समिति के अध्यक्ष सजन लाल, उपाध्यक्ष दिलीप भारती और कोषाध्यक्ष रवि साहू आदि दिन-रात पूजा तैयारियों में जुटे हैं।

### राजबाड़ी में कानपुर का मंदिर आकर्षण का केंद्र

झरिया के राजबाड़ी दुर्गा पूजा समिति की ओर से इस बार कानपुर के मंदिर की तर्ज पर करीब तीन लाख रुपये खर्च कर पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। पंडाल-पूजा आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष विजय वर्णवाल, कोषाध्यक्ष विशाल सिन्हा, सचिव आकाश कुमार और राहुल गोस्वामी आदि सक्रिय दिखे।

### टैक्सी स्टैंड में दिखेगा थाइलैंड का प्राचीन बुद्ध मंदिर

झरिया मेन रोड टैक्सी स्टैंड स्थित मां मंगला चंडी पूजा समिति के अध्यक्ष गणेश गुप्ता उर्फ कल्लू ने बताया कि इस बार थाईलैंड के प्राचीन बुद्ध मंदिर की थीम पर पंडाल निर्माण कराया जा रहा है। जिस पर करीब तीन लाख रुपए खर्च होंगें। बंगाल से आए कारीगर दिन-रात कड़ी मेहनत कर पंडाल को स्वरूप देने में जुटे है। बांस से बने चटाई से पूरा पंडाल सजाया जाएगा। मां दुर्गा की निमार्णाधीन 10 फिट की मूर्ति आकर्षण का केंद्र रहेगी। भीड़ नियंत्रित करने के लिए 50 से भी अधिक वॉलेंटियर अपनी सेवा देंगे। पूरे पंडाल में सीसीटीवी कैमरा लगाये जायेंगें।

### चौथाई कुल्ही में दिखेगा काशी विश्वनाथ मंदिर

झरिया के चौथाई कुल्ही तिवारी मंदिर स्थित श्रीश्री108 दुर्गा पूजा सेवा समिति द्वारा इस वर्ष काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर पंडाल निर्माण किया जा रहा है। पूजा समिति के अध्यक्ष सुभाष सिंह, उपाध्यक्ष रंजित रवानी, सचिव मनोज तिवारी और संरक्षक दिलीप आडवाणी आदि ने बताया कि पंडाल में विशेष आकर्षण गंगा आरती की प्रतिकृति और माता की मूर्ति होगी। स्थानीय कलाकार सह छात्र रवि कुमार मूर्ति निर्माण कर रहे हैं। पूजा आयोजकों के अनुसार इस बार का बजट छह लाख रुपये है।

**समाहरणालय, सिमडेगा**
**भू-अर्जन शाखा**

**ग्राम सभा की सूचना**
**"अध्याय" 3 "क"**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग पथ प्रमण्डल सिमडेगा द्वारा अधियाचित **परियोजना** – पुत्रीटोली (MDR – 45 के डोलोंगसेरा) – टीबंर मोड़ – रामपुर – बोरोसेता – जितुटोली – बेड़ाईरगी – (कोयल नदी तक) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य योजना हेतु भूमि अधिग्रहण के लिये भूमि–अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार ( झारखंड संसोधन ) अधिनियम – 2017 के प्रावधानों के आलोक में ग्राम सभा परियोजना के लिये ग्राम सभा/स्थानीय प्राधिकारी का परामर्श प्राप्त किया जाना है। ग्राम सभा में ग्राम सभा के सभी सदस्य गण/ आम जनता, जन प्रतिनिधियों की भागीदारी आवश्यक एवं अपेक्षित है।

ग्राम सभा की स्थान, तिथि एवं समय सारणी निम्न प्रकार है:–

| क्र0सं0 | मौजा का नाम | थाना सं0 | अंचल/प्रखण्ड | स्थान | तिथि/ समय | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बेड़ाईरगी | 76 | बानो | पंचायत भवन बुरूईरगी | 11.10.2022/ पूर्वाह्न 11.00 बजे | |
| 2 | बोरेसेता | 85 | | पंचायत भवन बुरूईरगी | 12.10.2022/ पूर्वाह्न 11.00 बजे | |
| 3 | सिमहातु | 84 | | पंचायत भवन सिमहातु | | |
| 4 | बान्दु | 82 | | पंचायत भवन सिमहातु | | |
| 5 | कटिका | 83 | | पंचायत भवन सिमहातु | | |
| 6 | जामटोली | 81 | | पंचायत भवन सिमहातु | | |
| 7 | बुजगा | 93 | | प्राथमिक विद्यालय बुजगा | 13.10.2022/ पूर्वाह्न 11.00 बजे | |
| 8 | बुरूईरगी | 79 | | पंचायत भवन बेड़ाईरगी | 14.10.2022/ पूर्वाह्न 11.00 बजे | |
| 9 | सुतरौली | 78 | | पंचायत भवन बेड़ाईरगी | | |

जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,
सिमडेगा

PR278868 (Land Reforms)22-23*D

# नालको ने पुलिस आयुक्तालय को छह और पीसीआर वैन दिये

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** नवरत्न सीपीएसइ नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) एक बार फिर से भुवनेश्वर-कटक की कमिश्नरेट पुलिस को आवश्यक पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) वैन उपलब्ध कराने के लिए आगे बढ़ा है। नालको ने भुवनेश्वर-कटक के पुलिस आयुक्तालय को 06 पीसीआर वैन प्रदान किया, ताकि कटक और भुवनेश्वर के ट्विन सिटी में कानून और व्यवस्था के निगरानी तथा रखरखाव को और भी मजबूत किया जा सके।

पीसीआर वैन के खेप को औपचारिक रूप से सौमेंद्र कुमार प्रियदर्शी, आइपीएस, पुलिस आयुक्त, भुवनेश्वर-कटक और श्रीधर पात्र, सीएमडी, नालको ने आज यहां पुलिस आयुक्तालय मुख्यालय में पुलिस आयुक्तालय और नालको के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में झंडी दिखा कर रवाना किया। कंपनी द्वारा इस पहल के अंतर्गत बहुत समय पहले से ही यह सहयोग किया जा रहा है। इस अवसर पर श्रीधर पात्र ने कहा कि नालको देखभाल और साझा करने की अवधारणा में विश्वास करता है। प्रभावी पुलिस और कानून व्यवस्था का अत्यंत सामाजिक महत्व है। नालको पीसीआर वैन प्रदान करके पुलिस प्रशासन को और भी मजबूत कर रहा है, यह पहल, भविष्य में भी जारी रहेगी। पुलिस आयुक्त सौमेंद्र प्रियदर्शी ने नालको के प्रयास की सराहना की और कहा कि वह आने वाले दिनों में नालको से इस तरह के सहयोग की आशा करते हैं।

# वेदांता एल्युमीनियम जर्मनी में चैंपियन

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** नयी दिल्ली जर्मनी के डसेलडोर्फ में 'एल्यूमीनियम 2022' वर्ल्ड ट्रेड फेयर में एल्युमीनियम का भारत का सबसे बड़ा उत्पादक वेदांता एल्युमिनियम मेड इन इंडिया एल्युमिनियम चैंपियन । कंपनी ने हॉल नंबर 6 बूथ नं 64डी5 में स्टाल लगाया था । जिस में वैश्विक ग्राहकों के लिए अपने शीर्ष उत्पाद पोर्टफोलियो और विनिर्माण उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए मेडिन इंडिया फर द वर्ल्ड ब्यानार में वेदांत एल्युमीनियम लोगों की उन्नति के लिए निरंतर प्रयास कर रही है । राहुल शर्मा सीईओ वेदांत एल्युमीनियम ने कहा।

## भुवनेश्वर और तिरुपति के बीच स्पेशल ट्रेन

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। पूजा अवकाश के दौरान ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम, विजयनगरम के यात्रियों को तिरुपति जाने की सुविधा प्रदान करेगा । यात्रा करने वाली जनता की मांगों को ध्यान में रखते हुए और नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त भीड़ को दूर करने के लिए, पूर्व तट रेलवे अधिकार क्षेत्र से तिरुपति की ओर विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है, जिससे ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम और विजयनगरम के यात्रियों को सुविधा होगी। 02809/02810 भुवनेश्वर-तिरुपति-भुवनेश्वर साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल एक्सप्रेस 1 से 29 अक्टूबर के बीच प्रत्येक शनिवार को भुवनेश्वर से 1330 बजे प्रस्थान करेगी और वापसी दिशा में यह ट्रेन 2 से 30 अक्टूबर के बीच प्रत्येक रविवार को तिरुपति से 20 बजे प्रस्थान करेगी। इस ट्रेन भुवनेश्वर और तिरुपति के बीच दोनों दिशाओं में खुर्दा रोड, बालूगांव, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम, विजयनगरम, दुभाडा, आन्नावरम, समालकोट, राजामहेंद्री, एलुरु, विजयवाड़ा, ओंगल, नेल्लोर, गुडूर और रेनिगुंटा स्टेशनों पर रुकेगी।

## जागृति महिला मंडल ने जूनापानी आश्रम के जरूरतमंद लोगों व बच्चों को दिये कपड़े




संबलपुर (आजाद सिपाही)। नवरात्रि के अवसर पर एमसीएल जागृति महिला मंडल ने जागृति महिला मंडल की अध्यक्षा पद्मजा सिंह और उपाध्यक्षा सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा की उपस्थिति में जूनापानी आश्रम, बुर्ला के निवासियों और बच्चों को कपड़े और चॉकलेट दिये। जागृति महिला मंडल के अन्य पदाधिकारियों एवं मंडल की सदस्याओं ने भी इस कार्य में भाग लिया ।

## ओलासुनी चौक पर पुल के विस्तार को लेकर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नितिन गडकरी से मुलाकात की



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री से मुलाकात की। केंद्रीय मंत्री ने ओलासुनी चौक पर पुल के विस्तार का अनुरोध किया। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पारादीप-चंडीखोल राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 5ए को जोड़ने वाले ओलासुनी चौक पर पुल के स्प्रसारण पर चर्चा के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। प्रदेश भाजपा के कार्यकारी सदस्य एवं महांगा विधायक प्रत्याशी शारदा प्रसाद प्रधान के अभियोग पत्र के आधार पर ये दिया गया है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि ओलासुनी चौक गोबरी नाल पर बने इस संकीर्ण पुल के कारण जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है। कटक जिले के सालेपुर और महंगा निर्वाचन क्षेत्रों की 30 ग्राम पंचायतों में रहने वाले 2 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। हर साल इस क्षेत्र के लोगों को बाढ़ जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्बोदय विचार में 6 लेन चंडीखोल-पारादीप राष्ट्रीय राजमार्ग को 8 लेन में बदलने जा रहा है और इस सड़क के विस्तार से यातायात की सुविधा होगी। इसके साथ अर्थ नैतिक कोरीडर को भी गति मिलेगा। विभागीय मंत्री ने उक्त पुल के विस्तार का अध्ययन कर उचित कदम उठाने का वादा किया है। श्री प्रधान ने इसके लिए नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया।

# महान क्रांतिकारी थे भगत सिंह : लक्ष्मण प्रसाद सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खोरीमहुआ (गिरिडीह)।** देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की 115वीं जयंती धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम की सुरुआत भाजपाइयों ने उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ा कर की। वारिष्ठ नेता लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा कि भारत की स्वाधीनता और सुनहरे कल के लिए हंसते-हंसते अपना जीवन बलिदान कर देने वाले अमर शहीद भगत सिंह एक महान व्यक्ति थे। देशभक्ति, साहस एवं राष्ट्र समर्पण की मिसाल उनका जीवन युगों-युगों तक देशवासियों को राष्ट्र हित सर्वोपरि की प्रेरणा देता रहेगा।

श्री सिंह ने उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि भगत सिंह का जन्म 28 सितंबर 1907 को पंजाब प्रांत में हुआ था। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव तीनों स्वतंत्रता सेनानियों ने मिलकर ब्रिटिश शासकों की रातों की नींद उड़ा दी। भगत सिंह को ब्रिटिश औपनिवेशिक शासकों ने 23 साल की उम्र में फांसी पर लटका दिया था। भगत सिंह अपने साहस और देशभक्ति से भारत की आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। भगत सिंह ने आजादी की लड़ाई के दौरान कई नारे भी दिये, जो इतिहास के पन्नों में दर्ज हैं। कार्यक्रम में पवन सिंह, श्रीकांत राय, बालगोविंद सिंह, अरुण सिंह, मोती राउत, चूड़ी राउत, उदय सिंह, चतुर सिंह, किशोर सिंह, मुरारी राउत, अभिषेक सिंह, त्रिलोकी सिंह, गणेश सिंह, गंगाधर सिंह, ब्राउन राय, हिमांशु सिंह, राजदीप सिंह, श्रवण कुमार, मनोज कुमार उपस्थित थे।

# झारसुगुड़ा वेदांता ने मेधावी बच्चों को किया सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** झारसुगुड़ा वेदांता एल्युमिनियम ने स्थानीय शुभलक्ष्मी महिला समवाय समिति की 114 मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया है, जिन्होंने मैट्रिक की परीक्षा में सफलतापूर्वक पास की है, शुभलक्ष्मी भारत के सबसे बड़ी ग्रामीण महिला समबाय समिति है जो स्थायी आजीविका और महिला सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। इस अवसर पर मेधावी छात्राओं को शुधालक्ष्मी महिला समबाय पांठी के माध्यम से छात्रवृत्ति प्रदान की गयी। यह समारोह कृषि विज्ञान केंद्र झारसुगुडा में आयोजित किया गया था और इसमें शरत चंद्र पाणिग्राही सहायक रजिस्ट्रार समवाय समिति ओडिशा सरकार, डॉ समीर रंजन दास मुख्य वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र (झारसुगुड़ा) और मनोज कुमार बारिक विस्तार वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र (झारसुगुडा) ने भाग लिया।

बैठक का संचालन शुभलक्ष्मी महिला समवाय समिति की नवनिर्वाचित अध्यक्ष पंकजिनी ओराम एवं उपाध्यक्ष कुमुदिनी राउत के नेतृत्व में किया गया। छात्रों को बधाई देते हुए सुनील गुप्ता सीइओ-वेदांत ली झारसुगुडा ने कहा कि झारसुगुडा में हमारी शैक्षिक पहल में शुभलक्ष्मी महिला समवाय समिति का छात्रवृत्ति कार्यक्रम शामिल है। हमारा लक्ष्य स्थानीय छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन प्रदान करना है।

# हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की 55वीं बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**कोलकाता।** एचसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अरुण कुमार शुक्ल ने बुधवार को आयोजित कंपनी की 55वीं वार्षिक आम बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से शेयरधारकों को संबोधित किया। शेयरधारकों ने वित्तीय वर्ष 202122 के लिए वार्षिक खातों और पूंजी के 23.20% के बराबर लाभांश यानी इस खाते पर कुल भुगतान 112.17 करोड़ रुपये के भुगतान की मंजूरी प्रदान की। शेयरधारकों ने कंपनी के प्रदर्शन और वित्तीय प्रबंधन की सराहना की। बैठक में भारत सरकार के खान मंत्रालय के प्रकाश मुंधारीकर, भारत के राष्ट्रपति के नामिति के रूप में, संजय पंजियार, निदेशक (प्रचालन), घनश्याम शर्मा, निदेशक (वित्त), संजीव कुमार सिंह, निदेशक (खनन) और एजी के प्रसाद, अविनाश जे. भिड़े, हेमलता वर्मा, स्वतंत्र निदेशक और सीएस सिंघी, इडी (कंपनी सचिव) सहित अन्य ने भी भाग लिया। शेयरधारकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री शुक्ल ने उन्हें कंपनी की चालू खान विस्तार योजनाओं से अवगत कराया। एचसीएल की प्रमुख परियोजना मलाजखंड भूमिगत खदान से उत्पादन शुरू हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि कंपनी अपने उत्पादन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रही है। अ.प्र.नि., एचसीएल ने यह भी बताया कि कंपनी ने अपने आंतरिक स्रोतों से वित्त वर्ष 2021-22 में 729 करोड़ रुपये का ऋण चुकाया है। इसके अलावा श्री शुक्ल ने अंतरराष्ट्रीय बाजार में तांबे की बढ़ती मांग के कारण आने वाले दिनों में कॉपर एलएमई मूल्य में वृद्धि पर प्रकाश डाला। शेयरधारकों ने एजीएम. नोटिस के अनुसार अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी दी।

## क्राउन प्रिंस एमबीएस सऊदी अरब के नये पीएम बने

रियाद। सऊदी अरब के किंग सलमान बिन अब्दुलअजीज ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) को प्रधानमंत्री बना दिया है। किंग ने छोटे बेटे प्रिंस खालिद बिन सलमान को रक्षा मंत्री, प्रिंस तुर्की बिन मोहम्मद बिन फहद बिन अब्दुल अजीज को राज्य मंत्री और प्रिंस अब्दुलअजीज बिन तुर्की बिन फैसल को खेल मंत्री बनाया गया है।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**